शुक्रवार, 18 अक्टूबर 2024

मौसम



तापमान 33 – 26
आर्द्रता 75%
सूर्योदय: 5:34 सूर्यास्त: 17:09

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, कार्तिक कृष्णपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : फिक्र में रहोगे तो खुद जलोगे और बेफिक्र रहोगे तो दुनियां जलेगी।



सेंसेक्स 495 अंक टूटकर दो माह के निचले स्तर पर –पृष्ठ 6

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

# 25 मार्च 1971 के बाद असम आए बांग्लादेशी भारतीय नागरिक नहीं

## सुप्रीम कोर्ट ने नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की वैधता बरकरार रखी

### 4:1 के बहुमत से फैसला सुनाया

**नयी दिल्ली :** 25 मार्च 1971 के बाद असम में आकर बसने वाले बांग्लादेश के अप्रवासी भारत के नागरिक नहीं होंगे। हालांकि 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक भारत आने वाले बांग्लादेश के अप्रवासियों की नागरिकता बरकरार रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को नागरिकता कानून की धारा 6ए पर बड़ा फैसला सुनाया है। इस फैसले के तहत 1 जनवरी 1966 से 25 मार्च 1971 तक बांग्लादेश से आने वाले अप्रवासी भारतीय नागरिकता के लायक हैं। जिनको इसके तहत नागरिकता मिली है, उनकी नागरिकता बरकरार रहेगी। असम के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने ये फैसला दिया है।



सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने नागरिकता कानून की धारा 6ए को वैध करार दिया है। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली 5 जजों की संविधान बेंच ने 4-1 के बहुमत से फैसला सुनाया। चीफ जस्टिस ने 6ए में भारतीय नागरिकता में आवेदन के लिए दी गई 25 मार्च 1971 की कट ऑफ डेट को भी सही ठहराया और कहा कि उस वक्त पूर्वी पाकिस्तान से असम आने वाले लोगों की तादाद आजादी के बाद भारत आने वाले लोगों से कहीं ज्यादा है।

**क्या है पूरा विवाद?**

सरकार की तरफ से असम समझौते में धारा 6ए को 1985 में शामिल किया गया, ताकि बांग्लादेश से अवैध रूप से आए उन प्रवासियों को नागरिकता का लाभ दिया जा सके, जो 1 जनवरी 1966 और 25 मार्च 1971 के बीच असम आए। इसके खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिकाओं में कहा गया कि 1966 के बाद से पूर्वी पाकिस्तान (अब बांग्लादेश) से अवैध शरणार्थियों के आने के चलते राज्य का जनसांख्यिकी संतुलन बिगड़ रहा है। राज्य के मूल निवासियों के राजनीतिक और सांस्कृतिक अधिकारों का हनन हो रहा है। सरकार ने नागरिकता कानून में 6ए जोड़कर अवैध घुसपैठ को कानूनी मंजूरी दी। सुप्रीम कोर्ट संविधान पीठ ने असम समझौते को आगे बढ़ाने के लिए 1985 में संशोधन के माध्यम से जोड़े गए नागरिकता अधिनियम की धारा 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा। मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति एमएम सुंदरेश और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा ने बहुमत से फैसला सुनाया, जबकि न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला ने इससे असहमति जताई।

**हम किसी को पड़ोसी चुनने की इजाजत नहीं दे सकते– जस्टिस सूर्यकांत**

सीजेआई के बाद जस्टिस सूर्यकांत ने अपना, जस्टिस मनोज मिश्रा और जस्टिस एमएम सुंदरेश का जजमेंट पढ़ते हुए कहा कि हमने भी सेक्शन 6ए की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखा है। हम किसी को अपने पड़ोसी चुनने की इजाजत नहीं दे सकते और ये उनके भाईचारे के सिद्धांत के खिलाफ है। सिद्धांत है– जियो और जीने दो।

# ममता ने मुख्य व स्वास्थ्य सचिव के साथ की विशेष बैठक



### आज मुख्य सचिव करेंगे बैठक

**कोलकाता, समाज्ञा :** जूनियर डॉक्टरों की भूख हड़ताल व आंदोलन के बीच मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विशेष बैठक कीं। गुरुवार को ममता ने कालीघाट स्थित आवास पर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य सचिव के साथ यह अहम बैठक की। सूत्रों के मुताबिक, बैठक में अस्पतालों की सुरक्षा और सुरक्षा उपायों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री ने स्वयं भी चिकित्सा सेवाओं की समीक्षा की। इस दिन, मुख्यमंत्री के साथ बैठक के बाद, मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग से सुरक्षा और बुनियादी ढांचे के उपायों पर रिपोर्ट मांगी। मेडिकल कॉलेज व अस्पतालों में सीसीटीवी, वॉश रूम, रेस्ट रूम पर कितना काम हुआ है? मुख्य सचिव ने स्वास्थ्य विभाग से इसकी विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। मुख्य सचिव आज स्वास्थ्य सचिव और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। नवान्न सूत्रों के मुताबिक ऐसी खबर है।

### राज्य ने सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा-व्यवस्था पर डीएम, एसपी से मांगी ऑडिट रिपोर्ट

आरजीकर अस्पताल में एक महिला डॉक्टर की दुष्कर्म-हत्या के बाद राज्य के सरकारी अस्पतालों की सुरक्षा स्थिति पर सवाल उठने लगे थे। इसके बाद, राज्य ने सुरक्षा बहाल करने के लिए कई कदम उठाए। इस बार, राज्य ने राज्य के हर सरकारी अस्पताल की सुरक्षा विवरण मांगते हुए एक ऑडिट रिपोर्ट मांगी है। एक विशेष ऑडिट कमेटी की ओर से हर जिले के जिलाधिकारी और एसपी को पत्र भेजा गया है। पत्र में कहा गया है कि इस संबंध में विस्तृत रिपोर्ट 30 अक्टूबर तक राज्य को भेजी जाये।

## कोटा में उत्तर प्रदेश निवासी छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

**कोटा :** उत्तर प्रदेश के रहने वाले एक नीट-यूजी परीक्षार्थी ने कोटा में अपने पीजी में कथित तौर पर फांसी लगाकर जान दे दी जो यहां इस साल आत्महत्या से मौत का 15 वां मामला है। पुलिस ने बृहस्पतिवार को कहा कि बुधवार रात को कोटा शहर के दादाबाड़ी थाना क्षेत्र में घटना घटी। पुलिस के अनुसार जब खटखटाने पर 20 वर्षीय छात्र के कमरे का दरवाजा नहीं खुला और उसने अपने परिजनों का फोन नहीं उठाया तो पीजी के केयरटेकर ने पुलिस को सूचित किया। उन्होंने कहा कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर उसका शव बरामद किया। पुलिस ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मिर्जापुर का निवासी आशुतोष चौरसिया पिछले छह महीने से कोटा में मेडिकल प्रवेश परीक्षा की तैयारी कर रहा था।

## इजराइल ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार के मारे जाने की पुष्टि की

**गाजा पट्टी:** इजराइल की सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि गाजा में उसके सैनिकों ने हमास के शीर्ष नेता याह्या सिनवार को मार गिराया है। सिनवार पिछले साल इजराइल पर हमले का मुख्य साजिशकर्ता था, जिसके बाद हमास-इजराइल के बीच भीषण जंग शुरू हुई। सिनवार इजराइल-हमास युद्ध की शुरुआत से ही इजराइल की ओर से जारी सर्वाधिक वांछित लोगों की सूची में सबसे ऊपर था, और उसकी हत्या से आतंकवादी समूह को एक बड़ा झटका लगा है। हमास की ओर से सिनवार की मौत की फिलहाल कोई पुष्टि नहीं की गई। इजराइल की सेना ने डीएनए और अन्य जांच के बाद सिनवार की मौत की पुष्टि की।

# 'युवती को जिंदा जलाकर मारा गया, एसिड से नहीं हुआ था हमला'

### कृष्णानगर छात्रा दुष्कर्म-हत्या मामला : पोस्टमार्टम रिपोर्ट में खुलासा

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिले के कृष्णानगर टाउन में बुधवार की सुबह जिस युवती का अर्धनग्न व अधजला शव बरामद हुआ था, उसे जिंदा जलाकर मारा गया था। गुरुवार को कल्याणी के जवाहरलाल नेहरु मेमोरियल (जेएनएम) अस्पताल में न्यायिक दंडाधिकारी की उपस्थिति में शव का पोस्टमार्टम किया गया, जिसकी प्राथमिक रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है। पोस्टमार्टम करने वाले डॉक्टरों में शामिल सौम्यज्योति बंद्योपाध्याय ने कहा कि पोस्टमार्टम में पता चला है कि युवती को जीवित अवस्था में जलाया गया। हालांकि, एसिड अथवा अन्य रासायनिक पदार्थों से जलाए जाने के प्रमाण नहीं मिले हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या युवती से दुष्कर्म भी हुआ था, चिकित्सक ने कहा कि कुछ रासायनिक परीक्षण अभी बाकी हैं। उसके बाद ही इस बारे में कुछ कहा जा सकेगा। वहीं, इस घटना के बाद में, एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने बताया कि जांच में सीआईडी की भी मदद ली जा रही है। वहीं, एसआईटी का नेतृत्व कर रहे कृष्णानगर पुलिस जिला अधीक्षक अमरनाथ के. ने कहा कि हम घटना के पीछे के सभी संभावित कारणों की जांच कर रहे हैं। हमें उम्मीद है कि सच्चाई जल्द सामने आएगी। पृष्ठ-4

# अमित शाह 24 अक्टूबर को बंगाल दौरे पर आयेंगे

## उपचुनाव की रणनीति को देंगे अंतिम रूप



**कोलकाता, समाज्ञा :** केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस महीने के आखिरी सप्ताह में कोलकाता दौरे पर रहेंगे। यहां वह प्रदेश भाजपा इकाई के लिए आगामी विधानसभा उपचुनावों की रणनीति तैयार करेंगे। अगर सब कुछ योजना के अनुसार रहा, तो शाह 24 अक्टूबर को शहर में पहुंचेंगे। यह जानकारी भाजपा के राज्य समिति के एक सदस्य ने दी। भाजपा राज्य समिति के सदस्य ने बताया कि पार्टी की उपचुनाव रणनीतियों को अंतिम रूप देने के अलावा वह पश्चिम बंगाल में पार्टी की सदस्यता संख्या बढ़ाने के लिए भी दिशा-निर्देश देंगे। तय कार्यक्रम के अनुसार, शाह 24 अक्टूबर को कोलकाता पहुंचेंगे और उसी दिन राज्य के चुने हुए सांसदों, विधायकों और पार्टी के शीर्ष नेताओं के साथ बैठक करेंगे। राज्य समिति के सदस्य ने कहा कि आरजीकर संकट के चलते पिछले दो महीने से राज्य में नयी सदस्यता अभियान रुकी हुई है। अब हम केन्द्रीय गृह मंत्री के दिशा-निर्देशों का इंतजार कर रहे हैं, ताकि सदस्यता अभियान और आगामी उपचुनावों की रणनीति को लेकर स्पष्टता मिल सके।

# जूनियर डॉक्टरों ने शुरू किया 'सामूहिक हस्ताक्षर अभियान'

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल जूनियर डॉक्टर्स फ्रंट (डब्ल्यूबीजेडीएफ) ने गुरुवार को लोगों के साथ गहन बातचीत करने के लिए बड़े पैमाने पर हस्ताक्षर अभियान शुरू किया है। डब्ल्यूबीजेडीएफ के एक प्रतिनिधि ने कहा, 'हमारे विभिन्न विरोध कार्यक्रमों में पहले से ही बड़ी संख्या में लोग हमारे साथ जुट रहे थे। लेकिन अक्सर आम लोग हमसे या आमरण अनशन पर बैठे हमारे सहयोगियों से सीधे बातचीत करने में असमर्थ थे। इसलिए हमने अपने आंदोलन में बड़े पैमाने पर लोगों की भागीदारी के लिए हस्ताक्षर अभियान शुरू करने का फैसला किया है। उन्होंने यह भी बताया कि यह जनसंवाद एकतरफा नहीं होगा। हस्ताक्षर करने वाले लोग जूनियर डॉक्टरों को यह भी बता सकेंगे कि वे उनकी 10 सूत्री मांगों के बारे में क्या सोचते हैं, जिनमें से नौ का समाधान राज्य सरकार के अधिकार क्षेत्र में है। डब्ल्यूबीजेडीएफ के प्रतिनिधि ने कहा कि इसके साथ ही हम लोगों से सीधे बातचीत कर सकेंगे और उन्हें अपना तर्क बता सकेंगे जिसके लिए हमारे आठ साथी आमरण अनशन पर हैं, जिसमें कोलकाता में सात और सिलीगुड़ी में एक है।



# एक नवंबर से रेलवे में अग्रिम आरक्षण की अवधि 120 दिन के बजाय 60 दिन रहेगी: रेलवे बोर्ड

**नयी दिल्ली :** रेलवे बोर्ड ने रेल यात्रा के लिए अग्रिम आरक्षण अवधि को मौजूदा 120 दिन से घटाकर 60 दिन कर दिया है, तथा लंबे समय पहले आरक्षण कराने पर रद्दीकरण की उच्च दर और बर्थ खाली रहने का हवाला देते हुए अपने निर्णय को उचित ठहराया है। बोर्ड ने 2015 में अग्रिम आरक्षण अवधि को 60 दिन से बढ़ाकर 120 दिन करने का निर्णय लिया था लेकिन बृहस्पतिवार को उसने फैसले को बदल दिया। नयी अवधि एक नवंबर से प्रभाव में आएगी। रेलवे बोर्ड के एक वक्तव्य के अनुसार, ''रेलवे की अग्रिम आरक्षण अवधि में समय-समय पर बदलाव होते रहे हैं। अग्रिम आरक्षण अवधि 30 दिन से लेकर 120 दिन तक रही है। विभिन्न अवधियों के अनुभव के आधार पर, यात्रियों की दृष्टि से 60 दिन की अग्रिम आरक्षण अवधि को इष्टतम अवधि माना गया है।'' बोर्ड ने एक तालिका प्रस्तुत करते हुए यह भी बताया कि अप्रैल 1981 से लेकर एक अप्रैल 2015 तक 12 बार अग्रिम आरक्षण अवधि को 120 दिन तथा 30 दिन के बीच बढ़ाने या घटाने के फैसले लिए गए। बोर्ड ने 60 दिन की आरक्षण अवधि का लाभ गिनाते हुए कहा कि किसी यात्रा की योजना के लिहाज से 120 दिन की अवधि बहुत लंबी है जिसकी वजह से बड़ी संख्या में रद्दीकरण होते हैं और यात्रियों के नहीं आने से सीट या बर्थ खाली रह जाती हैं।

# रॉयल एयर फोर्स ने बम की धमकी के बाद एयर इंडिया के विमान को सुरक्षित उतारने के लिए लड़ाकू विमान भेजा

**लंदन/मुंबई :** रॉयल एयर फोर्स (आरएएफ) ने बृहस्पतिवार को एयर इंडिया के उस विमान का मार्गदर्शन कर उसे उतारने के लिए एक लड़ाकू विमान को भेजा, जिसमें बम रखे होने की धमकी दी गई थी। बाद में हालांकि विमान को लंदन में सुरक्षित रूप से उतार लिया गया। एयरलाइन के एक अधिकारी ने बताया कि मुंबई से लंदन जा रहे एयर इंडिया के विमान में बम की धमकी मिली थी। रॉयल एयर फोर्स के प्रवक्ता ने कहा, ''हम पुष्टि कर सकते हैं कि आरएएफ कॉनिंग्सबी से 'आरएएफ क्विक रिएक्शन अलर्ट टाइफून' लड़ाकू विमान को आज दोपहर एक विमान की जांच के लिए भेजा गया था।'' प्रवक्ता ने बताया कि बिना किसी अप्रिय घटना के विमान को उतार लिया गया और नागरिक हवाई यातायात नियंत्रण के निर्देश पर विमान को उसके मूल गंतव्य की ओर रवाना किया गया। एयरलाइन अधिकारी ने बताया कि विमान को लंदन के हीथ्रो हवाई अड्डे पर सुरक्षित उतार लिया गया। नॉरफॉक पुलिस ने एक बयान में कहा, ''पुलिस इस बात की पुष्टि कर सकती है कि काउंटी के निवासियों द्वारा आज दोपहर (17 अक्टूबर) सुनी गई तेज आवाज आरएएफ विमान की थी और यह कोई विस्फोट नहीं था।''

### मुंबई आने वाली दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों में बम की धमकी

मुंबई : घरेलू विमानन कंपनियों की उड़ानों को बम की धमकी मिलने का सिलसिला चौथे दिन भी जारी रहने के बीच इसी तर्ज पर बृहस्पतिवार को विस्तारा और इंडिगो एयरलाइंस की दो अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली। इससे पहले इंडिगो, स्पाइसजेट और अकासा की सात उड़ानों में बुधवार को बम होने की धमकी मिली थी। भारत की विमानन कंपनियों द्वारा संचालित लगभग एक दर्जन उड़ानों को भी मंगलवार और बुधवार को भी इसी प्रकार की धमकियां मिली थीं।

# राजग राष्ट्रीय प्रगति को आगे बढ़ाने, गरीबों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध: मोदी



**चंडीगढ़ :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राष्ट्रीय उन्नति को आगे बढ़ाने तथा गरीबों एवं वंचितों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और उनके मंत्रिमंडल के पंचकूला में शपथ ग्रहण समारोह के बाद यहां एक पांच सितारा होटल में राजग मुख्यमंत्रियों की बैठक हुई, जिसमें 17 मुख्यमंत्री और 18 उपमुख्यमंत्री शामिल हुए। प्रधानमंत्री मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''हमने सुशासन के पहलुओं और लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के तरीकों पर व्यापक चर्चा की। हमारा गठबंधन राष्ट्रीय उन्नति को आगे बढ़ाने और गरीबों तथा वंचितों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।'' पिछले कई वर्षों में राजग मुख्यमंत्रियों की यह इस तरह की पहली बैठक थी। वरिष्ठ केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह, अमित शाह और जे पी नड्डा इस बैठक में शामिल थे। बैठक के बारे में संवाददाताओं को जानकारी देते हुए केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री ने सुशासन पर जोर दिया। नड्डा के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा, ''लोगों के हित में, सुशासन पर ध्यान देने का प्रयास किया जाना चाहिए।'' उन्होंने कहा कि आपातकाल लागू होने के 50 साल पूरे होने पर गृह मंत्री अमित शाह ने एक प्रस्ताव रखा। उन्होंने कहा, 1975 में आपातकाल के साथ लोकतंत्र की हत्या हुई थी। 2025 में हम लोकतंत्र की हत्या पर चर्चा करेंगे। हम संविधान की हत्या करने वालों को भी बेनकाब करेंगे और लोगों को बताएंगे कि कैसे उन्होंने संविधान को कुचलने और इसकी मूल भावना का गला घोंटने की कोशिश की।

# भारत उन देशों की भी मदद करता है जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था: भागवत



**सूरत :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के प्रमुख मोहन भागवत ने बृहस्पतिवार को कहा कि हमारे पूर्वजों द्वारा निर्धारित किये गये सिद्धांतों के कारण भारत उन देशों की भी मदद करता है, जिन्होंने कभी उसके खिलाफ युद्ध छेड़ा था। उन्होंने कहा कि 1999 में कारगिल में पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब देने का विकल्प भारत के पास था लेकिन उस समय की सरकार ने सेना को हमला करने के लिए सीमा पार न करने का निर्देश दिया था। भागवत यहां जैन समुदाय द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में जैन धर्मगुरु आचार्य महाश्रमण भी मौजूद थे। भागवत ने कहा, ''अपने पूर्वजों द्वारा स्थापित सिद्धांतों को कायम रखने की अपनी प्रतिबद्धता के कारण, भारत उन देशों को भी अपना समर्थन देता है, जिन्होंने पहले हमारे खिलाफ युद्ध छेड़ा था। हम पहले हमले शुरू नहीं करते और न ही हम अपने ऊपर कोई हमला बर्दाश्त करते हैं।'' उन्होंने कहा, ''जब कारगिल युद्ध के दौरान पाकिस्तान ने हम पर हमला किया था तो भारत के पास विकल्प था कि अगर हम चाहें तो अपने पड़ोसी पर जवाबी कार्रवाई कर सकते थे। लेकिन हमारी सेना को स्पष्ट निर्देश दिए गए थे कि वे सीमा पार न करें। सेना को केवल उन लोगों को निशाना बनाने का निर्देश दिया गया था जो हमारी सीमा के भीतर थे।'' भारत द्वारा पाकिस्तान के अंदर 'सर्जिकल स्ट्राइक' और हवाई हमले का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया था कि केवल उपद्रवी तत्वों को ही निशाना बनाया जाये। संघ प्रमुख ने कहा, ''जब हमने उनके घर में हमला किया तो हमने पूरे पाकिस्तान को निशाना नहीं बनाया। हमने केवल उन लोगों पर हमला किया जो हमारे लिए परेशानी पैदा कर रहे थे।'' भारत ने सितंबर 2016 में पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में नियंत्रण रेखा के पार आतंकी ठिकानों पर 'सर्जिकल स्ट्राइक' की थी। फरवरी 2019 में, भारतीय वायु सेना ने पुलवामा आतंकवादी हमले के जवाब में पाकिस्तान के बालाकोट में हवाई हमला किया था। भारत या विश्व के समक्ष वर्तमान में मौजूद समस्याओं का कोई विशिष्ट उदाहरण दिए बिना भागवत ने कहा कि भारत के लोग अंततः हर समस्या का समाधान कर देंगे। उन्होंने कहा, ''आज, कई लोग मौजूदा स्थिति के कारण भविष्य को लेकर चिंतित हैं। लेकिन डरने की कोई जरूरत नहीं है। हम सभी इन मुद्दों को सुलझा लेंगे।''

## मध्य प्रदेश की निकिता पोरवाल बनीं फेमिना मिस इंडिया 2024



**मुंबई :** मध्य प्रदेश की रहने वालीं निकिता पोरवाल ने फेमिना मिस इंडिया 2024 का खिताब जीता है। अब निकिता मिस वर्ल्ड प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। निकिता उज्जैन में पली-बढ़ी हैं। मगर कई वर्षों से वह मुंबई में रह रही हैं।बता दें कि अगस्त महीने में निकिता ने फेमिना मिस इंडिया मध्य प्रदेश का खिताब जीता था। बेटी के मिस इंडिया बनने पर पूरे परिवार में खुशी का माहौल है। देशभर की 29 सुंदरियों के बीच निकिता को बुधवार को विजेता चुना गया तो उनकी खुशी का ठिकाना नहीं रहा।

# बिहार: जहरीली शराब पीने से 25 लोगों की मौत, 12 लोग गिरफ्तार

**पटना :** बिहार के सिवान और सारण जिलों में नकली शराब पीने से बृहस्पतिवार को 25 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि नकली शराब बेचने के मामले में 12 लोगों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस महानिदेशक आलोक राज ने बताया कि नकली शराब पीने से सिवान में 20 और सारण में पांच लोगों की मौत हो गयी और 12 लोगों को कथित तौर पर नकली शराब बेचने के लिए गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार लोगों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। राज ने 'पीटीआई-वीडियो' सेवा को बताया, घटना के बाद दो विशेष जांच दल भी गठित किए गए हैं। स्थानीय स्तर पर गठित एक दल नवीनतम प्रकरण में शामिल आपराधिक बिंदुओं की जांच करेगा। इसके अलावा पटना में मद्य निषेध विभाग द्वारा एक और एसआईटी गठित की गई है, जो हाल के दिनों में हुई ऐसी सभी घटनाओं का व्यापक अध्ययन करेगी, जिसके आधार पर कार्रवाई की योजना बनाई जाएगी। अधिकारी ने यह भी बताया कि एक शराब माफिया का नाम सामने आया है। वह पहले भी इसी तरह के एक मामले में शामिल था और फिलहाल जमानत पर बाहर है। उन्होंने बताया कि हम मामले की सभी संभावित पहलुओं से जांच कर रहे हैं। दोनों जिलों के अधिकारियों के अनुसार, मंगलवार रात सिवान के मगहर व औरिया पंचायत और सारण के मशरख में उस समय यह घटना हुई, जब कई स्थानीय लोगों ने शराब पी। बिहार की नीतीश कुमार सरकार ने अप्रैल 2016 में राज्य में पूरी तरह से शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाया था। अधिकारियों ने यह भी बताया कि 20 से अधिक लोग अभी भी अस्पतालों में जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष कर रहे हैं, जिनमें से कई लोग नकली शराब के दुष्प्रभाव के कारण अपनी आंखों की रोशनी खो चुके हैं।



## राष्ट्र की मुख्यधारा से जुड़े हर कश्मीरी

आखिरकार तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। बुधवार को उमर अब्दुल्ला ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। उनकी सार्थक पहल यह रही कि उन्होंने जम्मू-कश्मीर की राजनीति के दो ध्रुव बने कश्मीर घाटी व जम्मू क्षेत्र के जनमानस को साथ लेकर चलने का संकल्प दोहराया है। इस कड़ी में उमर अब्दुल्ला ने सुरिंदर चौधरी को राज्य का उप मुख्यमंत्री नियुक्त किया है। उमर ने कहा भी कि 'चौधरी को मैंने इसलिए उप मुख्यमंत्री बनाया, ताकि जम्मू के लोगों को महसूस हो सके कि उनकी भी राज्य की सत्ता में घाटी जितनी भागीदारी है। आगे भी ऐसे ही प्रयास होते रहेंगे।' निस्संदेह, यह सकारात्मक राजनीति का उज्ज्वल पक्ष है, सबको साथ लेकर आगे बढ़ने का। उल्लेखनीय है कि सुरिंदर चौधरी जम्मू से चुनकर आए हैं। नौशेरा से विधायक बने सुरिंदर चौधरी ने विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रांत अध्यक्ष रवींद्र रैना को हराया था। बहरहाल, भले ही अब अनुच्छेद 370 की समाप्ति के बाद जम्मू-कश्मीर विधानसभा का स्वरूप पहले जैसा नहीं रह गया, लेकिन इसके बावजूद जम्मू-कश्मीर के लोगों ने स्पष्ट जनादेश देकर एक स्थिर सरकार की बुनियाद जरूर रखी है। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह नजर आया। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। यह दायित्व सरकार को इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं।

बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर के मारे मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक प्रतिसाद दिया है। यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके। बहरहाल, जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी क्योंकि राज्यपाल के पास व्यापक शक्तियां हैं। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। उम्मीद की जानी चाहिए कि नये मुख्यमंत्री को कानून व्यवस्था से लेकर अन्य प्रशासनिक मामलों में एलजी के आगे लाचार नहीं होना पड़ेगा। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 अक्टूबर, शुक्रवार, 2024, विक्रम सम्वत् 2081, कार्तिक कृष्णपक्ष प्रतिपदा, 13:17 तक, नक्षत्र : अश्विनी, 13:27 तक, योग : वज्र, 21:31 तक, सूर्योदय: 5:34, सूर्यास्त: 17:09, चन्द्रोदय : 17:44, चन्द्रास्त: 06:12, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : तुला, चन्द्र राशि : मेष, राहू काल : 09:55 से 11:21

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि के लोगों के लिए करियर के मामले में लाभ के प्रबल योग बन रहे हैं। शाम तक कारोबार में आपकी कोई बड़ी डील फाइनल हो सकती है।

**वृष :** वृष राशि के लोगों को लाभ होगा और आपका मन नई योजनाओं में लगेगा। किसी देवस्थान की यात्रा से मन खुश होगा। कानूनी विवाद में सफलता प्राप्त होगी।

**मिथुन :** मिथुन राशि के लोगों के लिए दिन काफी रचनात्मक है और आपको लाभ होने से मन प्रसन्न होगा। आज का दिन काफी रचनात्मक है। आर्टिस्ट काम को पूरा करने में आपका दिन बीतेगा।

**कर्क :** कर्क राशि के लोगों के दिन काफी सृजनात्मक है और आप जो भी काम लगन के साथ करेंगे, तो आपको उसका फल आज ही मिल जाएगा। आपके अधूरे काम निपट जाएंगे।

**सिंह :** सिंह राशि के लोगों को लाभ होगा और दिन आपके लिए काफी व्यस्तता से भरा होगा। आपका मन धर्म आध्यात्म के मामले में लगेगा। रात का समय मंगल कार्यों में व्यतीत होगा।

**कन्या :** कन्या राशि के लोगों के लिए दिन संयम और सावधानी का है। आस पास के लोगों से टकराव की नौबत न आएं, इस बात का ध्यान रखें। वरना आपको फिर से परेशानी हो सकती है।

**तुला :** तुला राशि के लोगों के लिए दिन लाभ से भरा है और आपके सभी रुके कार्य पूर्ण होने से आपका मन काफी खुश रहेगा। सभी विवाद आज सुलझ सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि के लोगों का दिन लाभ से भरा होगा और आपकी आर्थिक स्थिति काफी बेहतर होगी। दिन काफी मजबूत है और आपको दिन भर लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

**धनु :** धनु राशि के लोगों के लिए दिन सावधानी और सतर्कता का है। आपको लाभ होगा और योजनाएं सफल होंगी। आपको कारोबार में बड़ा लाभ होने की आशा है।

**मकर :** मकर राशि के लोगों का दिन सामान्य है। भागीदारी में साझे में किया व्यापार काफी फायदा पहुंचायेगा। आपको रोजाना के काम आराम से पूरे कर लेने चाहिए।

**कुम्भ :** कुंभ राशि के लोगों को हर काम सावधानी से करने का है। मौसम परिवर्तन की वजह से आप बीमार हो सकते हैं। खान पान में लापरवाही न बरतें।

**मीन :** मीन राशि के लोगों का दिन लाभकारक रहेगा। व्यापार में जोखिम उठाने का परिणाम आज हितकर होगा। किसी संकटग्रस्त व्यक्ति की सहायता कर सकें तो शुभ रहेगा।

# वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की काव्य-कला में प्रणालीगत बदलाव



डॉ.राम आह्लाद चौधरी
प्रोफेसर, कलकत्ता विश्वविद्यालय

वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की प्रसिद्धी एक महान जनकवि के रूप में सर्वविदित है। वे बंगला के कवि हैं , लेकिन उनकी कविताओं का प्रभाव प्रायः सभी आधुनिक आर्य भाषाओं पर पड़ा है। उनकी बौद्धिकता ने उनकी कविताओं में सामाजिक प्रतिबद्धता को जन्म दिया है। उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता के विविध आयाम हैं।सच तो यह है कि उनकी सामाजिक प्रतिबद्धता इंद्र धनुषी है, जो अपनी रस-भावना के लिए अनोखी है। खासकर समाज के हाशिए पर पड़े और उत्पीड़ित वर्गों के प्रति उनकी आस्था अगम्य है।

उनकी कविताओं में मुख्य रूप से क्रांति, सामाजिक न्याय और मानवाधिकारों के विषयों का आलोड़न दिखता है। उनकी कविताएं जन जीवन की सच्चाइयों को दर्शाती हैं, जो आम लोगों के साथ एकजुटता ही नहीं बल्कि उनके सुख-दुख में पूरी सहानुभूति के साथ खड़ी हैं।


इस संदर्भ में उनकी मातृभूमि कविता का जिक्र किया जा सकता है, यथा : पर एक नज़र डालो/ और फिर एक बार एक आदमी पर/ रात अभी ख़त्म नहीं हुई है/ तेरे सीने पर अब भी अंधेराज़मीन है/ एक ठोस चट्टान की तरह, तुम साँस नहीं ले सकते/ ऊपर एक भयानक काला आकाश/ अभी भी बाघ की तरह पंजे उठाए बैठा है/ जितना हो सके इस पत्थर को हटाओ/ और यह बात शांत स्वर में आकाश की भयावहता तक पहुंचाओ/ तुम भयभीत नहीं हो/ पृथ्वी आग के समान हो जाएगी/ यदि तुम नहीं जानते कि फसलें कैसे उगाई जाती हैं/ यदि वर्षा मंत्र भूल जाते हो / तो मातृभूमि मरुस्थल बन जाती है/एक व्यक्ति जो गाना नहीं जानता/ जब जलप्रलय आता है, तो वह गूंगा और अंधा हो जाता है/ तुम ज़मीन की ओर देखो, वह इंतज़ार कर रही है/ आप उस आदमी का हाथ पकड़ो, वह कुछ कहना चाहता है/

वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की कविताएं वंचितों की दुर्दशा के लिए गहरी चिंता व्यक्त करती हैं तथा समाज में व्याप्त असमानताओं को चुनौती देती हैं। उनके साहित्यिक योगदान में अन्याय और शोषण के खिलाफ सामूहिक चेतना जगाने की आकांक्षा है। उन्होंने अपनी कविता का इस्तेमाल किसानों, मजदूरों और मजदूर वर्ग के संघर्षों को व्यक्त करने के लिए एक माध्यम के रूप में किया है।

ज्वलंत कल्पना, सशक्त भाषा और क्रांतिकारी लहजे के माध्यम से वीरेंद्र चट्टोपाध्याय ने सामाजिक परिवर्तन को प्रेरित करने का लक्ष्य निर्धारित किया है तथा आमजन से अत्याचार के खिलाफ उठने और समानता के लिए लड़ने का आग्रह किया है। उनकी यह बात इस कविता में स्पष्ट हुई है, जैसा कि उन्होंने लिखा है - बेचैन मत हो/ बस तैयार हो जाओ !/अब कान और आंखें/ खुले रखना/ बहुत कुछ देखने का समय आ गया / इस समय/ स्थिर खड़े नहीं रह पाओगे / इसी का मतलब होता आग में कूदना/ तुम्हारा काम/आग के प्यार में पागल नहीं होना है /आग का उपयोग करना सीखो / बेचैन मत हो/ बस तैयार हो जाओ/

उनकी कविताएँ न केवल विद्रोह की केंद्रीय अभिव्यक्ति हैं, बल्कि राष्ट्रप्रेम, स्वतंत्रता की लड़ाई और न्यायपूर्ण सामाजिक व्यवस्था की आवश्यकता सहित अपने समय की राजनीतिक और सामाजिक उथल-पुथल का व्यापक प्रतिबिंब भी हैं। सामाजिक न्याय के प्रति यह अटूट प्रतिबद्धता वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की साहित्यिक विरासत की परिभाषित विशेषताओं में से एक है, जैसा कि उन्होंने लिखा है - फूल खिलने दो, तभी वसंत आयेगा / प्रेम का फूल खिले, आग जैसा लाल / प्यार के खून जैसा रंग के साथ / झूठा है आग के बिना प्यार / चलो, हम आग में जलें/ और गाएं प्रेम गीत /आओ हम प्रेम का गीत गाएँ।

वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की कविताएँ सामाजिक और राजनीतिक मुद्दों, खास तौर पर मज़दूर वर्ग, किसानों और हाशिए पर पड़े समूहों के संघर्षों से गहरे जुड़ाव को दर्शाती हैं। उनकी



रचनाओं को हमेशा बेज़ुबानों की आवाज़ के रूप में देखा जाता है। सही अर्थों में उनकी कविताएं उत्पीड़ितों के साथ प्रतिध्वनित होने वाले कारणों की वकालत करती हैं। उनका साहित्यिक जीवन बंगाल और भारत में महत्त्वपूर्ण सामाजिक, राजनीतिक और आर्थिक उथल-पुथल के दौर में सामने आया, जिसने उनके लेखन को बहुत प्रभावित किया।

वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की कविताएँ अक्सर गरीबी, शोषण और मानवीय गरिमा के संघर्ष के विषयों को लेकर घूमती हैं। वे समाज में व्याप्त असमानताओं को संबोधित करने के लिए गहराई से प्रतिबद्ध थे और सामंती संरचनाओं के खिलाफ़ लड़े, जो आम जनता को निरंतर पीड़ा की स्थिति में रखते थे। उनकी कविताओं ने ग्रामीण गरीबों, मज़दूरों और दलित लोगों को आवाज़ दी, उनकी कठोर वास्तविकताओं को सहानुभूति और संवेदनशीलता के साथ चित्रित किया।

उनकी प्रसिद्ध रचनाएँ, जो सच्ची भावना और क्रांतिकारी जोश से भरी थीं, ने एक बेहतर दुनिया का आह्वान किया जहाँ समानता और न्याय कायम रहे। वे अभिजात वर्ग और सत्ता में बैठे लोगों की आलोचना करने से नहीं कतराते थे, सामाजिक असमानता को कायम रखने में उनकी भूमिका को उजागर करते थे।

उन्होंने खुद को प्रगतिशील और जनवादी विचारधाराओं के साथ जोड़ लिया, जो औपनिवेशिक और उत्तर-औपनिवेशिक भारत दोनों पर शासन करने वाली दमनकारी व्यवस्थाओं को खत्म करने की कोशिश कर रहे थे।वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की कविता में सामाजिक चेतना सबसे खास विशेषताओं में से एक है। वे क्रांतिकारी आंदोलनों और ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के खिलाफ लड़ाई से बहुत प्रभावित थे।

उनकी रचनाएँ उपनिवेशवाद के तहत उत्पीड़ित लोगों की कुंठाओं और स्वतंत्रता के बाद अधिक समतापूर्ण समाज की इच्छा को प्रतिध्वनित करती हैं। हालाँकि, स्वतंत्रता आंदोलन को आदर्श बनाने वाले कई कवियों के विपरीत वीरेंद्र चट्टोपाध्याय इस बात से अच्छी तरह वाकिफ थे कि केवल राजनीतिक स्वतंत्रता ही मजदूर वर्ग और ग्रामीण गरीबों के जीवन को ऊपर उठाने के लिए पर्याप्त नहीं होगी। अपने बाद के कार्यों में, वे कट्टरपंथी सामाजिक और आर्थिक सुधारों की आवश्यकता के बारे में अधिक मुखर हो गए। उनकी क्रांतिकारी सोच ने भूमि सुधारों, श्रमिकों के अधिकारों और धन के पुनर्वितरण की उनकी वकालत में अभिव्यक्ति पाई।

उनकी कविता में समाज के पूर्ण परिवर्तन की इच्छा व्यक्त की गई। एक बात यह है कि उनकी कविताओं में राजनीतिक शक्ति , सामाजिक न्याय, आर्थिक समानता और मानवीय गरिमा के संदर्भों का अद्भुत संगम हुआ है। उदाहरण के रूप में उनकी इन काव्य पंक्तियों को उद्धृत किया जा सकता है यथा - यह अंधेरा है/अच्छे से सांस लो/ इस अँधेरे में लोग अपना चेहरा क्यों नहीं देखते/ छिपाने के लिए/आसपास के कैफेटेरिया में/ ज़मीन से छह फुट नीचे शांत बैठा है।/ कहीं कोई खिड़कियां नहीं/ दरवाजे के बारे में सोचना नामुमकिन है/ हवा घुसे तो क्यों नहीं, कोई हिंदू है, कोई मुसलमान है / होना ही चाहिए घर के अंदर, बाहर क्यों नहीं/ नफरत की अंतहीन आग/ यह कैसा अंधेरा है।

मानवतावाद और सहानुभूति की दृष्टि से विचार करने पर पता चलता है कि वीरेंद्र चट्टोपाध्याय ने इस धरती पर एक तरह से स्वर्ग उतारने की जद्दोजेहद शुरू की है। उनकी कविताएँ दृढ़ता से मानवतावाद के लिए अंतिम क्षण तक संघर्ष करती हैं। वीरेंद्र चट्टोपाध्याय का काम भी गहराई से मानव-तावादी है। उन्होंने न केवल प्रणालीगत परिवर्तनों का आह्वान किया, बल्कि लोगों के बीच करुणा, समझ और एकजुटता की आवश्यकता पर भी जोर दिया। उनकी कविताओं में व्यक्तियों की पीड़ा के प्रति गहरी सहानुभूति झलकती है, चाहे वे संघर्षरत किसान हों, शोषित मजदूर हों या उत्पीड़ित महिलाएँ हों। इस मानवतावादी स्पर्श ने उनकी कविताओं को एक शक्तिशाली अधिष्ठान और विप्लवी आधार दिया , जिससे क्रांति के आह्वान को नई पहचान मिली,जो एक मानवीय और न्यायपूर्ण समाज की अपील है ।

सामाजिक कारणों के प्रति वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की प्रतिबद्धता ने विश्व साहित्य पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा। उन्होंने कवियों और लेखकों की एक पीढ़ी को साहित्य को सामाजिक परिवर्तन के एक उपकरण के रूप में देखने के लिए प्रेरित किया। उनकी रचनाएँ उन पाठकों के साथ गूंजती रहती हैं जो मानवीय स्थिति और न्याय और समानता के लिए चल रहे संघर्षों की गहरी समझ चाहते हैं।

निष्कर्षत: वीरेंद्र चट्टोपाध्याय की सामाजिक प्रतिबद्धता उनकी कविता के हर पहलू में स्पष्ट है। उन्होंने अपनी साहित्यिक आवाज़ का इस्तेमाल शोषितों के अधिकारों की वकालत करने, सामाजिक अन्याय को चुनौती देने और समानता, मानवीय गरिमा और करुणा पर आधारित समाज के लिए जोर देने के लिए किया। उनकी कविताएं सामाजिक और राजनीतिक चेतना को आकार देने में साहित्य की भूमिका की एक शक्तिशाली याद दिलाती हैं।

# जम्मू-कश्मीर में महका लोकतंत्र: सरकार से बड़ी उम्मीदें



ललित गर्ग

आखिरकार जम्मू-कश्मीर में लोकतंत्र की धूप खिल ही गयी, पांच साल बाद केन्द्र शासित जम्मू-कश्मीर को निर्वाचित सरकार मिल गयी और नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले ली है। 2019 में अनुच्छेद 370 को निरस्त किये जाने के बाद केन्द्र शासित प्रदेश में यह पहली चुनी हुई सरकार है, जो नई उम्मीदों के नये दौर का आगाज है। उमर अब्दुल्ला पहले भी एक बार मुख्यमंत्री रह चुके हैं, लेकिन उनकी यह पारी हर तरह से खास है। नई सरकार के मुखिया के तौर पर उमर अब्दुल्ला के सामने आम लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने की कठिन चुनौती भी है। जनता ने विकास और शांति की आकांक्षा के साथ दिल खोलकर मतदान किया और अपनी उम्मीदों की सरकार चुनी है। घाटी में दशकों तक अब्दुल्ला परिवार के शासन के अनुभव के मद्देनजर घाटी के लोगों ने नेशनल कॉन्फ्रेंस पर भरोसा जताया। तमाम ऊहापोह, सुरक्षा चुनौतियों तथा विदेशी दखल की तमाम आशंकाओं को निर्मूल करते हुए जम्मू-कश्मीर के जनमानस ने स्पष्ट सरकार बनाने का जनादेश दिया है। इस भूमिका तक पहुंचाने में भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयास महत्वपूर्ण रहे हैं। कश्मीर में विकास, पर्यटन में भारी वृद्धि, शांति एवं सौहार्द का वातावरण बनना ऐसे ही प्रयासों की सार्थक निष्पत्ति है। नई सरकार को विकास की चल रही योजनाओं को आगे बढ़ाते हुए आतंकमुक्त कश्मीर के संकल्प को मंजिल तक पहुंचाना होगा।

जम्मू एवं कश्मीर में लोकतांत्रिक सरकार का गठन अनेक दृष्टियों से न केवल राजनीतिक दशा-दिशा स्पष्ट करेगा बल्कि राज्य के उद्योग, पर्यटन, रोजगार, व्यापार, रक्षा, शांति आदि नीतियों तथा राज्य की पूरी जीवन शैली व भाईचारे की संस्कृति को प्रभावित करेगा। बहरहाल, ऐसे में नवनिर्वाचित सरकार और केंद्र का दायित्व है कि घाटी के लोगों ने जिस मजबूत लोकतंत्र की आकांक्षा जतायी है, उसे पूरा करने में भरपूर सहयोग करें। एक समय राज्य में मतदाता डर कर मतदान करने हेतु नहीं निकलते थे। मतदान का प्रतिशत बेहद कम रहता था। इस बार मतदाता निर्भीकता के साथ मतदान करने निकले। जनता ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने के संकल्प को सकारात्मक समर्थन दिया है।



यद्यपि लोकसभा चुनाव में नेशनल कॉन्फ्रेंस को कामयाबी नहीं मिल पायी थी, लेकिन जनता ने उन्हें राज्य में सरकार चलाने का स्पष्ट जनादेश दिया है। वहीं दूसरी ओर, इस भारी मतदान व स्पष्ट बहुमत का एक निष्कर्ष यह भी है कि लोग घाटी में शांति और सुकून, अमन एवं विकास, सौहार्द एवं सद्भावना चाहते हैं। जम्मू-कश्मीर सरकार और केंद्र सरकार को मिलकर प्रयास करना होगा कि इस क्षेत्र में शांति कायम होने के साथ विकास की नई बयार चले। जिसमें आम नागरिक खुद को सुरक्षित अनुभव करते हुए राष्ट्रीय विकास की धारा के साथ-साथ कदमताल कर सके।

निश्चित ही उमर के सामने चुनौतियां बड़ी हैं, आम लोगों को भी उनकी कठिनाइयों का अंदाजा है, वहीं खुद उमर ने भी व्यावहारिक नजरिया अपनाने का संकेत दिया है। चुनाव के दौरान अनुच्छेद 370 की वापसी की मांग पर कड़ा रुख अपनाने वाले उमर ने चुनाव नतीजे आने के बाद इस मसले पर अपना रुख नरम कर लिया। उन्होंने कहा कि मौजूदा हालात ऐसे नहीं हैं, जिनमें इस मुद्दे पर जोर देने का किसी को कुछ फायदा होगा। उम्मीद बढ़ाने वाली बात यह भी है कि चुनावी कड़वाहट को पीछे छोड़ते हुए सभी पक्षों ने सहयोग का रुख अपनाने का संकेत दिया है। न केवल प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने नई सरकार के साथ मिलकर काम करने का संकेत दिया है बल्कि खुद उमर ने भी उपराज्यपाल से टकराव की बजाय आपसी समझ एवं सकारात्मकता से शासन करने की मंशा जतायी है, जो जहां जम्मू-कश्मीर की जनता के हित में है वही उमर की राजनीतिक सूझबूझ, परिपक्वता एवं विवेक का परिचायक है। चाहे उपमुख्यमंत्री पद जम्मू संभाग से चुने गए विधायक सुरिंदर चौधरी को स्थान देने की बात हो या कांग्रेस के लिए कैबिनेट में स्थान खाली रखने की, उमर अब्दुल्ला यह संकेत दे रहे हैं कि वह सबको साथ लेकर चलना चाहते हैं। कांग्रेस ने फिलहाल सरकार को बाहर से समर्थन देने की बात कही है, लेकिन इसका कारण राज्य का दर्जा न मिलने को बताया है। उमर को हर कदम सावधानी से उठाने होंगे ताकि कोई भी स्थिति मंत्री पदों की संख्या का या इंडिया गठबंधन के घटक दलों में मतभेद एवं टकराव का न बन जाए। उमर के एक-एक फैसले पर कैबिनेट और उपराज्यपाल के अधिकार क्षेत्र का मसला सामने आ सकता है। ऐसे में देखना होगा कि इन सबके बीच जम्मू-कश्मीर की नई सरकार उमर के नेतृत्व में कितने सधे कदमों से आगे बढ़ती है। क्योंकि सरकार को अपना दायित्व इस बात को ध्यान में रखकर निभाना होगा कि केंद्रशासित प्रदेश में उपराज्यपाल के पास व्यापक अधिकार हैं। केंद्र शासित प्रदेश में एक दशक बाद हुए विधानसभा चुनाव में मतदाताओं का खासा उत्साह लोकतंत्र की बुनियाद को मजबूती दे रहा है। कहीं न कहीं जनता ने स्पष्ट संदेश भी दिया कि वे हिंसा, अस्थिरता, आतंकवाद व अलगाववाद से छुटकारा चाहते हैं। जाहिरा तौर पर नई सरकार के सामने व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करने की चुनौती होगी। इसलिये जम्मू-कश्मीर में नई सरकार को व्यापक जनाकांक्षाओं को पूर्ण करते हुए बदली हुई शासन व्यवस्था के साथ भी साम्य स्थापित करना है। इस बात का अहसास उमर अब्दुल्ला को भी है कि शासन चलाने में अब पहले जैसी स्वतंत्रता नहीं होगी। विश्वास किया जाना चाहिए कि कम से कम सीमावर्ती घाटी की संवेदनशीलता को देखते हुए इस केंद्रशासित प्रदेश में वैसा टकराव देखने को नहीं मिलेगा, जैसा कि दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार और एलजी के बीच देखने को मिलता रहा है। विश्वास करें कि नई सरकार को प्रशासनिक मामलों में नौकरशाही का पर्याप्त सहयोग मिलता रहेगा। नीति-नियंताओं को ध्यान रखना होगा कि सरकार चलाने में किसी भी तरह का अनावश्यक व्यवधान कालांतर अशांति का वाहक बनेगा। उम्मीद करें कि यथाशीघ्र पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने के बाद जम्मू-कश्मीर में प्रशासन की विसंगतियां दूर की जा सकेंगी।

राज्य ने साम्प्रदायिकता, आतंकवाद तथा अस्थिरता के जंगल में एक लम्बा सफर तय किया है। उसकी मानसिकता घायल है तथा जिस विश्वास के धरातल पर उसकी सोच ठहरी हुई थी, उसमें नई उम्मीदों को पंख लगे हैं। अलगाव से बाहर निकलने का नया विश्वास जगा है। पाकिस्तानी आतंकी सोच के नुकसान को प्रांत ने झेला और महसूस किया है। गुलाम कश्मीर के लोगों की दुर्दशा को देखा जा रहा है। इसीलिये इन चुनावों में जम्मू-कश्मीर के लोग सक्रिय रूप से भाग लेकर और बड़ी संख्या में मतदान कर लोकतांत्रिक सरकार बनायी है, जो शांति और विकास के नये द्वार उद्घाटित करते हुए युवाओं के लिए उज्ज्वल भविष्य सुनिश्चित करे एवं आतंकमुक्ति का एक नया अध्याय रचे। आज सबकी आंखें एवं कान उमर की भविष्य के शासन एवं नीतियों पर टिकी है। निश्चित ही इस नई सरकार से उम्मीद जगी है कि उसके प्रयासों से जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक विकास और शांति-समृद्धि-स्थिरता का नया दौर शुरू होगा। ऐसा होना ही नई सरकार एवं उमर के नेतृत्व की सार्थकता है। -लेखक, पत्रकार, स्तंभकार

## वर्ग पहेली नं. 2891

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | | 12 | | ■ | |
| 13 | | ■ | 14 | | ■ | | ■ | 15 | |
| ■ | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | |
| ■ | 21 | 22 | | ■ | 23 | | | | ■ |
| 24 | | | ■ | 25 | | ■ | | ■ | 26 |
| | ■ | 27 | | | ■ | 28 | | | |

➲ *बायें से दायें:-* 1) छिपा माल प्राप्त होना, 4) जोड़ घटा गुणा भाग, 7) यशस्वी; सफल, 9) तल्लीन *(बोलचाल की भाषा)*, 11) मसालेदार; तीखा, 13) दलहन, 14) हासिल करना, 15) हर कोई, 16) इस बीच; दौरान, 17) उपरांत, 18) स्पष्ट; स्वच्छ, 19) कदाचित्, 20) बीच में, 21) आक्रमण, 23) वैभवपूर्ण, 24) थैलीशाह; धनाढ्य, 25) मूत्र; बारिश, 27) असफल, 28) अशिक्षित; असाक्षर.

➲ *ऊपर से नीचे:-* 1) तिदरा; ओसारा; बारहदरी; *पैवीलियन*, 2) घर, 3) साँस, 4) वस्त्र; आकाश, 5) घनिष्ठ, 6) उपाय, 8) कुछ पाने के लिए प्रार्थना करना, 10) भ्रममूलक बात, 12) अपने रुचि के अनुकूल, 14) रसोईघर, 15) रत्नाकर, 17) सम्राट, 20) लगभग, 22) लुब्ध होना; स्वर्गवासी होना, 24) निकट भूतकाल, 25) अँगरेज स्त्री, 26) उफान; सैलाब; जलप्लाव; *फ्लड.*

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | ■ | बे | रो | ज | गा | र | ■ | द | ■ |
| त | बा | ह | ■ | ■ | ली | ■ | स | म | झ |
| ■ | ग | त | ■ | म | ग | रू | र | ■ | क |
| दौ | ■ | र | वा | ■ | लौ | ■ | प | ■ | झ |
| रा | ह | ■ | ह | र्गि | ज | ■ | र | म | क |
| ■ | स्त | व | न | ■ | ■ | द | स्त | क | ■ |
| ■ | क्षे | ■ | ■ | शा | गि | र्द | ■ | स | च |
| अ | प | रं | पा | र | ■ | ■ | आ | द | र |
| रे | ■ | ज | ■ | दा | ल | मो | ठ | ■ | स |

## सुडोकू-पहेली-2851

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | 2 | 6 |
| | | | | 8 | | | 4 | |
| | | | 5 | | | | | |
| 1 | | | 6 | | | 7 | | |
| 3 | | | | | | | 8 | |
| | | | | 2 | | | | |
| | | | 9 | | 3 | 1 | | |
| | 4 | 2 | | | | | | |
| | | | | | | 5 | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 2850 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 3 | 4 | 1 |
| 2 | 8 | 4 | 1 | 6 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 1 | 3 | 5 | 7 | 9 | 4 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 7 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 1 | 9 |
| 9 | 1 | 2 | 6 | 4 | 7 | 8 | 5 | 3 |
| 3 | 5 | 8 | 9 | 2 | 1 | 4 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 | 5 | 8 | 4 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 7 | 9 | 1 | 6 | 2 |
| 8 | 2 | 1 | 4 | 5 | 6 | 9 | 3 | 7 |

# आरजीकर मामले में न्याय की मांग पर सड़क पर उतरी महिलाएं

❑ **करुणामयी मेट्रो स्टेशन से सीबीआई कार्यालय तक निकाली रैली**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर कांड में शीघ्र न्याय की मांग करते हुए गुरुवार को महिलाएं सड़क पर उतरी और रैली करते हुए करुणामयी मेट्रो स्टेशन से सीजीओ कॉम्प्लेक्स स्थित केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के कार्यालय तक गयी। बारिश में भी सैकड़ों की तादाद में महिलाओं ने रैली में शामिल होकर विरोध जताया। रैली में महिलाएं 'जागो नारी' संगठन के बैनर तले सॉल्टलेक स्थित सीबीआई कार्यालय तक पैदल चलीं। प्रदर्शनकारियों में से एक ने कहा कि हमें लगता है कि जांच एजेंसी अपना काम ठीक से नहीं कर रही है, यह मूल रूप से वही दोहरा रही है, जो कोलकाता पुलिस ने पहले कहा था। सीबीआई को इस मामले को जल्द से जल्द सुलझाने के लिए गंभीर प्रयास करने चाहिए ताकि मुख्य दोषियों को सजा मिल सके। हाथों में पोस्टर और तख्तियां लेकर महिलाओं ने 'जांच में देरी' को लेकर सीबीआई और कार्यस्थलों पर महिलाओं को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में 'विफल' रहने के लिए राज्य सरकार के खिलाफ नारे लगाये। पुलिस प्रशासन की ओर से प्रदर्शनकारियों को क्षेत्र में प्रवेश करने से रोकने के लिए सीजीओ कॉम्प्लेक्स के पास बैरिकेड्स लगा दिये गये थे। इस दौरान, महिलाओं ने बैरिकेड्स को धक्का देकर हटाने की कोशिश की, जिससे कुछ देर तक तनाव का माहौल रहा। बाद में, पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित किया।




## प्रदर्शनकारी जूनियर चिकित्सक अनिकेत महतो की अस्पताल से छुट्टी

❑ **न्याय नहीं मिलने तक जारी रहेगा संघर्ष : अनिकेत महतो**

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर अस्पताल में एक प्रशिक्षु महिला चिकित्सक से दुष्कर्म के बाद हत्या के मामले में मृतका के लिए न्याय की मांग को लेकर भूख हड़ताल से स्वास्थ्य बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती हुए जूनियर चिकित्सक अनिकेत महतो को छह दिन बाद गुरुवार को छुट्टी दे दी गई। अस्पताल के एक वरिष्ठ चिकित्सक ने बताया कि चिकित्सकों ने उन्हें (अनिकेत को) सात दिन तक 'पूरी तरह आराम' करने की सलाह दी है, जिसके बाद उनके स्वास्थ्य की समीक्षा की जाएगी। चिकित्सकों ने अनिकेत को फिर से भूख हड़ताल न करने की सलाह दी है। चिकित्सक ने कहा कि उनकी (अनिकेत की) हालत में सुधार हुआ है लेकिन उन्हें घर पर कम से कम सात दिन तक पूरी तरह आराम करने की जरूरत है। फिर से भूख हड़ताल करना जोखिम भरा हो सकता है। जूनियर चिकित्सकों के जारी आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले अनिकेत महतो ने लोगों से मिल रहे निरंतर समर्थन के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हम तब तक संघर्ष करते रहेंगे जब तक कि हमें अपनी सहकर्मी-बहन के लिए न्याय नहीं मिल जाता, जिसकी इतना क्रूर तरीके से हत्या हुई। हम अपनी आखिरी सांस तक लड़ेंगे।



## सुप्रीम कोर्ट ने फिर कुंतल घोष की जामनत की खारिज

❑ **कहा... 'हाईकोर्ट से कराएं जमानत'**

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शिक्षक नियुक्ति भ्रष्टाचार मामले में जेल में बंद तृणमूल कांग्रेस युवा इकाई के पूर्व नेता कुंतल घोष को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने कुंतल घोष को जमानत देने से इनकार कर दिया है और उसे कलकत्ता हाइकोर्ट जाने को कहा है। साथ ही, सर्वोच्च न्यायालय ने हाइकोर्ट से चार सप्ताह में जमानत पर फैसला लेने को कहा है। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस सूर्यकांत, जस्टिस सीटी रवि कुमार और जस्टिस उज्वल भुइयां की बेंच ने यह फैसला सुनाया। गौरतलब है कि कुंतल घोष वर्तमान में पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा संचालित और सहायता प्राप्त स्कूलों में भर्ती में कथित अनियमितताओं के सिलसिले में इडी की हिरासत में हैं। कुंतल घोष पर साल 2014 से 2021 के बीच नौकरी की चाह रखने वाले लोगों से 19.5 करोड़ रुपये की वसूली करने का आरोप है। कथित तौर पर सरकारी स्कूलों में शिक्षकों और कर्मचारियों की नियुक्ति के लिए तृणमूल नेताओं पर 100 करोड़ रुपये से ज्यादा की राशि वसूलने का आरोप है। सीबीआई की जांच में इस घोटाले के एक अन्य आरोपी तपन मंडल ने कुंतल घोष का नाम लिया था। कुंतल घोष को तृणमूल के कद्दावर युवा नेता का करीबी माना जाता हैं।



## आरजीकर अस्पताल से हटाए गए 29 सिविक वॉलंटियर्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुर्गा पूजा से पहले ही आरजीकर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल से 29 सिविक वॉलंटियर्स को ड्यूटी से हटा लिया गया है। कोलकाता पुलिस मुख्यालय लालबाजार सूत्रों के अनुसार, इन वॉलंटियर्स को अन्यत्र स्थानांतरित कर दिया गया है। उनकी जगह अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया है ताकि सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। हाल ही में, सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया था कि अस्पतालों और स्कूलों जैसी संवेदनशील जगहों पर सिविक वॉलंटियर्स तैनात नहीं किए जा सकते। दरअसल, आरजीकर मेडिकल कॉलेज में एक छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म और हत्या के मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की बेंच ने यह आदेश दिया था। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि केंद्रीय बलों और पुलिस की संयुक्त तैनाती के कारण सुरक्षा की दृष्टि से कोई समस्या नहीं होगी। हालांकि, अन्य सरकारी अस्पतालों में सिविक वॉलंटियर्स की तैनाती हटाने के बाद सुरक्षा प्रबंधों पर अभी भी चर्चा जारी है।

## राज्य के छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव के लिए 120 कंपनी केंद्रीय बल तैनाती की संभावना

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में आगामी 13 नवंबर को होने वाले छह विधानसभा सीटों के उपचुनाव के लिए चुनाव आयोग ने सुरक्षा के मद्देनजर 120 कंपनियों की केंद्रीय बल तैनात करने की योजना बनाई है। आयोग के सूत्रों के अनुसार, प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में औसतन 20 कंपनियां तैनात की जा सकती हैं, ताकि सभी मतदान केंद्रों पर केंद्रीय बल की उपस्थिति सुनिश्चित हो सके। पता चला है कि उत्तर 24 परगना जिले के नैहटी व हाड़ोआ, पश्चिम मेदिनीपुर के मेदिनीपुर, बांकुड़ा के तालडांगरा, कूचबिहार के सिताई और अलीपुरद्वार के मदारीहाट विधानसभा क्षेत्रों में कुल 1,583 मतदान केंद्र बनाए जाएंगे। इनमें से सबसे अधिक 304 मतदान केंद्र मेदिनीपुर में होंगे, जबकि सिताई में 300, मदारीहाट में 226, नैहाटी में 210, हाड़ोआ में 279 और तालडांगरा में 264 केंद्र स्थापित किए जाएंगे। चुनाव आयोग के मुताबिक, मतदान प्रक्रिया की निगरानी के लिए सभी मतदान केंद्रों पर वेबकास्टिंग की भी व्यवस्था की जाएगी। केंद्रीय बलों की तैनाती का उद्देश्य चुनाव के दौरान शांति और सुरक्षा सुनिश्चित करना है, विशेष रूप से उन क्षेत्रों में, जहां पूर्व में चुनावी हिंसा की घटनाएं हुई हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ चुनावों के दौरान बंगाल में चुनावी हिंसा के आरोप लगे हैं। लोकसभा चुनाव 2024 के दौरान भी, चुनाव की घोषणा से पहले ही केंद्रीय बलों की तैनाती शुरू कर दी गई थी, जिसके कारण बड़े पैमाने पर हिंसा से बचा जा सका। इस बार भी विधानसभा उपचुनाव के लिए आयोग सभी बूथों पर पर्याप्त केंद्रीय बल की तैनाती सुनिश्चित करना चाहता है।




## संदीप घोष ने फिक्स्ड डिपोजिट तोड़ने के लिये खटखटाया हाईकोर्ट का दरवाजा

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजीकर मेडिकल कॉलेज व अस्पताल में एक जूनियर महिला चिकित्सक से दुष्कर्म-हत्या व अस्पताल में आर्थिक भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार पूर्व अध्यक्ष संदीप घोष अब आर्थिक तंगी से गुजर रहे हैं। पारिवारिक खर्च सहित अन्य खर्चों के लिए संदीप घोष ने फिक्स्ड डिपोजिट तोड़ने का फैसला किया है और इसके लिए कलकत्ता हाइकोर्ट से अनुमति देने की मांग की है। गुरुवार को संदीप घोष के अधिवक्ता ने हाइकोर्ट में इसे लेकर याचिका दायर की है, जिस पर शुक्रवार को हाइकोर्ट में न्यायाधीश विभाष पटनायक की अवकाशकालीन बेंच पर सुनवाई होने की संभावना है। गौरतलब है कि आरजीकर अस्पताल में आर्थिक भ्रष्टाचार मामले की जांच के दौरान इडी ने संदीप घोष के बैंक खातों के साथ-साथ उनके सभी फिक्स्ड डिपोजिट को भी फ्रीज कर दिया है। इसलिए अदालत से फिक्स्ड डिपोजिट तोड़ने की अनुमति देने की मांग करते हुए संदीप घोष ने यह याचिका दायर की है।



## पार्थ चटर्जी की जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली/कोलकाता :** शिक्षा नियुक्ति मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तहत जेल में बंद राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री पार्थ चटर्जी की ओर से दायर जमानत याचिका पर सुप्रीम कोर्ट एक सप्ताह के बाद सुनवाई करेगा। मामले की सुनवाई के दौरान ईडी ने सुप्रीम कोर्ट के नोटिस का जवाब देने के लिए समय की मांग की थी। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्वल भुइयां की बेंच मामले में सुनवाई कर रही है। बता दें कि कोलकाता हाईकोर्ट ने पार्थ चटर्जी को जमानत देने से इनकार कर दिया था। हाईकोर्ट में सुनवाई के दौरान पार्थ चटर्जी की ओर से पेश वकील ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया सहित अन्य को मिली जमानत का हवाला दिया गया था। प्रेसिडेंट सेंट्रल जेल में पिछले 2 साल से अधिक समय से पार्थ चटर्जी बंद है। पार्थ चटर्जी को ईडी ने जुलाई 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी इस मामले में राज्य के पूर्व शिक्षा मंत्री और तृणमूल के पदाधिकारी पार्थ चटर्जी और उनकी करीबी कहे जाने वाले अर्पिता मुखोपाध्याय के चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। दाखिल 172 पेज के चार्जशीट में पार्थ चटर्जी और अर्पिता के अलावा, ईडी ने छह कम्पनियों को उनके निदेशकों के माध्यम से आरोपी के रूप में दाखिल किया है।

**पशिचम मध्य रेल**

वरि. मंडल वाणिज्य प्रबंधक, कोटा मंडल, पश्चिम मध्य रेलवे ने कोटा मंडल की विभिन्न गाड़ियों में पार्सल स्पेस की लीज के लिए ई-नीलामी आमंत्रित की है। केटलॉग को IREPS वेबसाईट (ई-ऑक्शन) पर प्रकाशित किया गया है जिसका विवरण निम्न प्रकार से है। **केटलॉग सं.-** Lease-KTT-37, **अनुबंध का प्रकार-** Leasing of SLR, **अनुबंध की अवधि** - 02 वर्ष, **ई - नीलामी की तिथि और समय** - 04.11.2024 को 12:00 बजे, **केटलॉग की विस्तृत जानकारी वेबसाईट** - www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।

स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**पूर्व रेलवे**

**ई-निविदा सूचना सं. : डब्ल्यू_एलएलएच_09_2024-25_आर1, दिनांक** 08.10.2024, उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/बिजली, सी एंड डब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए तकनीकी संपन्न निविदाकारों से ई-निविदा (खुली निविदा) ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम :** लिलुआ ऑफिसर्स रेस्ट हाउस वर्कशॉप में 62.5 केवीए (प्रस्तुतकारक-ग्रीव्स) डीजी सेट के लिए इलेक्ट्रो-मैकेनिकल सेवाओं का दो वर्षों के लिए वार्षिक रखरखाव अनुबंध। **कार्य का अनुमानित मूल्य :** रु. 2,61,488/-, **बयाना राशि :** रु. 5,200/- **निविदा के बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 30.10.2024 को 14.00 बजे। वेबसाइट जहाँ निविदा का संपूर्ण विवरण यहाँ उपलब्ध है: **www.ireps.gov.in**

MISC-199/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट: www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**मैत्री एक्सप्रेस रद्द**

बांग्लादेश रेलवे से प्राप्त संदेश के अनुसार, **13108 कोलकाता - ढाका मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू होने की तिथि : 19.10.2024) और **13110 ढाका - कोलकाता मैत्री एक्सप्रेस** (यात्रा शुरू होने की तिथि : 19.10.2024) **रद्द रहेंगी।** यात्रियों को होने वाली असुविधा के लिए हम खेद प्रकट करते हैं।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## हरिदेवपुर में युवक का रक्तरंजित शव बरामद

❑ **दोस्तों ने ही किया कत्ल**

**कोलकाता :** कोलकाता के हरिदेवपुर में एक निर्माणाधीन आवास के नीचे से एक रक्तरंजित शव बरामद किया गया। हरिदेवपुर के सबुज पार्क में हुई इस घटना से दहशत फैल गई है।पुलिस के आने और शव बरामद करने के बाद उसे अस्पताल ले जाया गया जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया।

पुलिस सूत्रों के मुताबिक, मृतक का नाम कालू दे है। उसकी उम्र करीब 45 साल है।उनका शव गुरुवार सुबह सबुज पार्क स्थित एक आवास के नीचे से बरामद किया गया। सबसे पहले स्थानीय निवासियों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी। उनका मानना है कि दोस्तों में से ही किसी ने कालू की हत्या की है। हालांकि, पुलिस ने अभी तक इस मामले पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है।

इस बीच, कालू के परिवार ने शिकायत की कि वह अपने दोस्तों के साथ नशा करता था। उन्होंने उसे मार डाला। आरोप है कि जिस आवास से शव बरामद हुआ है, उसके नीचे से धक्का देकर उसकी हत्या कर दी गई । कालू के शरीर पर चोट के कई निशान भी मिले। खासकर पेट और चेहरे पर चोटें आई हैं। माना जा रहा है कि हत्या से पहले उसकी जमकर पिटाई की गई।

इस घटना में कालू के एक दोस्त को पुलिस पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। साथ ही इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी जांच रही है।आशंका है कि कालू की पिटाई के बाद पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। पुलिस उसके कुछ अन्य दोस्तों की तलाश में जुट गई है।

**पूर्व रेलवे**

मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा, रेलवे स्टेशन के पास डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा-711101 (वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र के अधीन) द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी /एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है: **एनआईटी सं. : 203_2024-25, कार्य का विवरण** : डीईएन/1/हावड़ा की शाखा में लिलुआ (2 अदद), सेवड़ाफुली (1 अदद) और तारकेश्वर (1 अदद) में 50000 गैलन क्षमता के आरसीसी ओ.एच. टैंक द्वारा स्टील ओ.एच. टैंक की बदली। **अनुमानित मूल्य :** रु.6,23,65,049.86, **बयाना राशि :** रु. 4,61,800/-, **निविदा प्रपत्र का मूल्य** : शून्य। **समापन अवधि** : 12 (बारह) माह । यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** दिनांक 30.10.2024 को 14.00 बजे । निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान : ई-निविदा प्रणाली के मामले में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-348/2024-25

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## दुर्गा पूजा के दौरान कोलकाता में शराब की रिकॉर्ड बिक्री

### 13 दिनों में 1,700 करोड़ रुपये की शराब बिकी

**कोलकाता, समाज्ञा**

दुर्गा पूजा बंगालियों का सबसे अच्छा त्योहार है। और इस उत्सव के दौरान शराब की बिक्री नई ऊंचाइयों पर पहुंच जाती है। आबकारी विभाग ने बताया कि इस साल दुर्गा पूजा के मौके पर कोलकाता शहर में 1,700 करोड़ रुपये की शराब बिकी है। इतनी बड़ी मात्रा में शराब सिर्फ 3 अक्टूबर से 15 अक्टूबर के बीच बिकी, जो पिछले साल से करीब 20 फीसदी ज्यादा है। आबकारी विभाग के सूत्रों के अनुसार, कोलकाता शहर को चार संगठनात्मक जिलों में विभाजित किया गया है, अर्थात्- कोलकाता दक्षिण, कोलकाता उत्तर, अलीपुर और बिधाननगर जिले। इन चार जिलों में अलीपुर जिले में दुर्गा पूजा के दौरान सबसे ज्यादा शराब की बिक्री हुई है। दुर्गा पूजा के 13 दिनों के दौरान अलीपुर जिले से 45 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जो साल के अन्य समय में लगभग 90 करोड़ रुपये होती है। वहीं, उत्तर कोलकाता में 38 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जबकि अन्य अवधि में औसत मासिक बिक्री लगभग 90 करोड़ रुपये थी। कोलकाता दक्षिण जिले में 35 करोड़ रुपये की शराब बिकी, जो सामान्य दिनों में 75 करोड़ रुपये होती है। बिधाननगर जिले में, दुर्गा पूजा के दौरान शराब की बिक्री 30 करोड़ रुपये है, जो अन्य समय में 60 करोड़ रुपये के करीब होती है।

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

**सूचना**

**मेट्रो रेलवे की पेंशन अदालत-2024**

मेट्रो रेलवे/कोलकाता के सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन अदालत निम्नलिखित तारीख को आयोजित की जाएगी : **तारीख :** 16.12.2024 (सोमवार)। **समय :** दोपहर 12.00 बजे। **आवेदन जमा करने की अंतिम तारीख :** 18.11.2024। **पेंशन अदालत का स्थान :** कॉन्फ्रेंस रूम, 10वीं मंज़िल, मेट्रो रेल भवन, 33/1, जे. एल. नेहरू रोड, कोलकाता -700071। मेट्रो रेलवे/कोलकाता से सेवानिवृत्त रेलवे कर्मचारियों या सेवानिवृत्त कर्मचारियों अथवा मृत रेलवे कर्मचारियों (जिनके पीपीओ जारी करने वाले प्राधिकारी हैं एफए एंड सीएओ/ मेट्रो रेलवे/कोलकाता) के परिवार के सदस्य तथा जिन्हें पेंशन/पारिवारिक पेंशन तथा पेंशन से जुड़े लाभों से सम्बंधित कोई भी शिकायत है वे एक सादे कागज में निम्नलिखित विवरणों जैसे कि (i) नाम, (ii) पदनाम, (iii) अंतिम तैनाती का स्थान, (iv) पीपीओ संख्या, (v) वर्तमान डाक पता, (vi) सेवानिवृत्ति की तारीख, (vii) दूरभाष/मोबाइल नंबर, (viii) कर्मचारी के जीवित ना होने के मामले में मृत्यु की तारीख, (ix) शिकायत (सम्पूर्ण विवरण देना होना) का उल्लेख करते हुए निर्धारित शिकायत के साथ अपना आवेदन जमा कर सकते हैं। आवेदन जिस लिफाफे में भरा गया है उसके ऊपर **"16.12.2024 को निर्धारित मेट्रो रेलवे/कोलकाता की पेंशन अदालत-2024"** लिखकर उसे प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता, मेट्रो रेलवे, कोलकाता को सम्बोधित किया जाना चाहिए। उक्त आवेदन दिनांक 18.11.2024 तक या तो वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/टी, कार्मिक विभाग, मेट्रो रेलवे, मेट्रो रेल भवन, दूसरी मंज़िल, 33/1, जे. एल. नेहरू रोड, कोलकाता-700071 को सम्बोधित करके स्पीड पोस्ट द्वारा इस कार्यालय में जमा करना होगा या फिर उक्त पते पर रखे गए ड्रॉप बॉक्स में डाल देना होगा या **spo@mtp.railnet.gov.in** पर ईमेल द्वारा भेजना होगा। आवेदन ग्रहण करने की अंतिम तारीख **18.11.2024** है।

**प्रधान मुख्य यांत्रिक अभियंता**

हमें यहाँ देखें: /metrorailwaykol /metrorailkolkata

**पूर्व रेलवे के तहत कुछ स्टेशनों पर कुछ मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की संशोधित समयसूची**

समयबद्धता में सुधार के लिए, कुछ स्टेशनों पर निम्नलिखित मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों की उनके सामने उल्लिखित समयसूची में निम्नानुसार संशोधन किया जाएगा:

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | संशोधित समयसूची | |
|---|---|---|---|
| | | आ. | प्र. |
| **12254** भागलपुर-एसएमवीटी बेंगलुरु अंग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.10.2024) | आसनसोल | 19.45 | 19.50 |
| **15027** संबलपुर-गोरखपुर मौर्य एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | कुलटी | 23.03 | 23.05 |
| | चित्तरंजन | 23.29 | 23.32 |
| | जामताड़ा | 23.43 | 23.45 |
| | विद्यासागर | 23.59 | 00.01 |
| | मधुपुर | 00.22 | 00.26 |
| | जसीडीह | 00.51 | 00.56 |
| **13403** राँची-भागलपुर वनांचल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 00.40 | 00.45 |
| | रानीगंज | 01.00 | 01.02 |
| | अंडाल | 01.10 | 01.30 |
| **12318** अमृतसर-कोलकाता अकाल तख्त एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 11.08 | 11.18 |
| **12316** उदयपुर सिटी-कोलकाता अनन्या एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 28.10.2024) | आसनसोल | 11.08 | 11.18 |
| **12326** नंगल डैम-कोलकाता गुरुमुखी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 26.10.2024) | आसनसोल | 11.08 | 11.18 |
| **13044** रक्सौल-हावड़ा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 26.10.2024) | आसनसोल | 07.55 | 08.05 |
| | दुर्गापुर | 08.49 | 08.51 |
| **13166** सीतामढ़ी-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 27.10.2024) | आसनसोल | 07.55 | 08.05 |
| | दुर्गापुर | 08.49 | 08.51 |
| **12332** जम्मू तवी-हावड़ा हिमगिरि एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 27.10.2024) | आसनसोल | 07.55 | 08.05 |
| **22306** जसीडीह-एसएमवीटी बेंगलुरु साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 08.45 | 08.50 |
| | दुर्गापुर | 09.26 | 09.28 |
| **12312** कालका-हावड़ा नेताजी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 04.27 | 04.32 |
| | दुर्गापुर | 05.03 | 05.05 |
| **12360** पटना-कोलकाता गरीब रथ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 01.50 | 01.55 |
| | दुर्गापुर | 02.25 | 02.27 |
| | कोलकाता | 05.30 | – |
| **13122** गाजीपुर सिटी-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 28.10.2024) | आसनसोल | 01.50 | 01.55 |
| | दुर्गापुर | 02.25 | 02.27 |
| | कोलकाता | 05.30 | – |
| **22214** पटना -शालीमार दूरंतो एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 26.10.2024) | आसनसोल | 01.50 | 01.55 |
| **13020** काठगोदाम-हावड़ा बाग एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 05.30 | 05.40 |
| | रानीगंज | 06.00 | 06.02 |
| | अंडाल | 06.15 | 06.17 |
| | दुर्गापुर | 06.31 | 06.33 |
| | पानागढ़ | 06.46 | 06.48 |
| **12495** बीकानेर-कोलकाता प्रताप एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 31.10.2024) | आसनसोल | 09.49 | 09.54 |
| | दुर्गापुर | 10.22 | 10.24 |
| **22198** वीरांगना लक्ष्मीबाई झांसी-कोलकाता प्रथम स्वतंत्रता संग्राम एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 16.22 | 16.27 |
| **22324** गाजीपुर सिटी -कोलकाता शब्द भेदी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 09.49 | 09.54 |
| | दुर्गापुर | 10.22 | 10.24 |
| **13156** सीतामढ़ी-कोलकाता मिथिलांचल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 22.20 | 22.25 |
| | दुर्गापुर | 23.10 | 23.12 |
| **13138** आजमगढ़-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 29.10.2024) | आसनसोल | 22.20 | 22.25 |
| | दुर्गापुर | 23.10 | 23.12 |
| **13136** जयनगर-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 27.10.2024) | आसनसोल | 22.20 | 22.25 |
| | दुर्गापुर | 23.10 | 23.12 |
| **13158** मुजफ्फरपुर-कोलकाता तिरहुत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.10.2024) | आसनसोल | 22.20 | 22.25 |
| | दुर्गापुर | 23.10 | 23.12 |
| **12354** लालकुआँ-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 26.10.2024) | आसनसोल | 15.10 | 15.15 |
| | दुर्गापुर | 15.43 | 15.45 |
| **22322** सिउड़ी-हावड़ा हूल एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | अंडाल | 14.41 | 14.42 |
| | दुर्गापुर | 14.56 | 14.57 |
| | पानागढ़ | 15.13 | 15.14 |
| | मानकर | 15.20 | 15.21 |
| **15236** दरभंगा-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 23.10 | 23.15 |
| | दुर्गापुर | 23.52 | 23.54 |
| **15272** मुजफ्फरपुर-हावड़ा जनसाधारण एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 29.10.2024) | आसनसोल | 23.05 | 23.15 |
| | रानीगंज | 23.31 | 23.33 |
| | दुर्गापुर | 23.52 | 23.54 |
| **15234** दरभंगा-कोलकाता मैथिली एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 27.10.2024) | आसनसोल | 23.10 | 23.15 |
| | दुर्गापुर | 23.52 | 23.54 |
| **13022** रक्सौल-हावड़ा मिथिला एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | चित्तरंजन | 22.44 | 22.47 |
| | आसनसोल | 23.15 | 23.25 |
| | रानीगंज | 23.40 | 23.44 |
| | दुर्गापुर | 00.05 | 00.09 |
| | पानागढ़ | 00.20 | 00.22 |
| **13168** आगरा कैंट.-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 26.10.2024) | आसनसोल | 04.39 | 04.44 |

| ट्रेन नं. एवं नाम | स्टेशन | संशोधित समयसूची | |
|---|---|---|---|
| | | आ. | प्र. |
| **13331** धनबाद-पटना इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | चित्तरंजन | 09.28 | 09.30 |
| | जामताड़ा | 09.42 | 09.44 |
| | विद्यासागर | 09.59 | 10.01 |
| | मधुपुर | 10.22 | 10.27 |
| | जसीडीह | 10.55 | 11.00 |
| | सिमुलतला | 11.25 | 11.26 |
| **13186** जयनगर-सियालदह गंगासागर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 01.35 | 01.40 |
| | दुर्गापुर | 02.13 | 02.15 |
| **13180** सिउड़ी-सियालदह मेमू एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | अंडाल | 06.09 | 06.10 |
| | दुर्गापुर | 06.24 | 06.26 |
| | पानागढ़ | 06.38 | 06.39 |
| **19608** मदार-कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 28.10.2024) | आसनसोल | 11.54 | 12.15 |
| | रानीगंज | 12.31 | 12.33 |
| | दुर्गापुर | 12.55 | 12.57 |
| **22348** पटना-हावड़ा वंदे भारत एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | जसीडीह | 10.50 | 10.52 |
| | जामताड़ा | 11.30 | 11.32 |
| | आसनसोल | 12.00 | 12.03 |
| | दुर्गापुर | 12.25 | 12.27 |
| **22318** जम्मू तवी-सियालदह हमसफर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.10.2024) | आसनसोल | 13.43 | 13.45 |
| **13026** भोपाल-हावड़ा साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.10.2024) | आसनसोल | 11.35 | 11.45 |
| | दुर्गापुर | 12.13 | 12.15 |
| **19413** अहमदाबाद-कोलकाता साप्ताहिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 30.10.2024) | आसनसोल | 11.35 | 11.45 |
| | दुर्गापुर | 12.13 | 12.15 |
| **13152** जम्मू तवी -कोलकाता एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | बराकर | 11.05 | 11.07 |
| | कुलटी | 11.11 | 11.13 |
| | आसनसोल | 11.27 | 11.37 |
| | रानीगंज | 11.55 | 11.57 |
| | अंडाल | 12.04 | 12.06 |
| | दुर्गापुर | 12.22 | 12.24 |
| | पानागढ़ | 12.36 | 12.40 |
| **13106** बलिया-सियालदह एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | आसनसोल | 21.45 | 21.50 |
| | अंडाल | 22.10 | 22.12 |
| | दुर्गापुर | 22.24 | 22.26 |
| | पानागढ़ | 22.38 | 22.40 |
| | बर्द्धमान | 23.41 | 23.44 |
| | बैण्डेल | 00.40 | 00.43 |
| | नैहाटी | 01.20 | 01.25 |
| | सियालदह | 03.05 | – |
| **15048** गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस (सीवान होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | नैहाटी | 03.20 | 03.22 |
| | कोलकाता | 04.30 | – |
| **15050** गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस (मऊ होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 26.10.2024) | नैहाटी | 03.20 | 03.22 |
| | कोलकाता | 04.30 | – |
| **15052** गोरखपुर-कोलकाता पूर्वांचल एक्सप्रेस (नरकटियागंज होकर) (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 31.10.2024) | नैहाटी | 03.20 | 03.22 |
| | कोलकाता | 04.30 | – |
| **13190** बालुरघाट-सियालदह एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | नैहाटी | 03.30 | 03.32 |
| | सियालदह | 04.25 | – |
| **13154** मालदा टाउन-सियालदह गौड़ एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | नैहाटी | 03.44 | 03.46 |
| | सियालदह | 04.40 | – |
| **12344** हल्दीबाड़ी-सियालदह दार्जिलिंग मेल (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | सियालदह | 05.40 | – |
| **12378** न्यू अलीपुरद्वार -सियालदह पदातिक एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | सियालदह | 06.50 | – |
| **13182** सिलघाट टाउन -कोलकाता काजीरंगा एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 29.10.2024) | कोलकाता | 12.05 | – |
| **13401** भागलपुर-दानापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | भागलपुर | – | 05.30 |
| | नाथनगर | 05.37 | 05.38 |
| | अकबरनगर | 05.51 | 05.52 |
| | सुलतानगंज | 06.02 | 06.03 |
| | कल्याणपुर रोड | 06.16 | 06.17 |
| | बरियारपुर | 06.25 | 06.26 |
| | रतनपुर | 06.33 | 06.34 |
| | जमालपुर | 06.48 | 06.50 |
| | धरहरा | 07.03 | 07.04 |
| | मसुदन | 07.10 | 07.11 |
| | अभयपुर | 07.15 | 07.17 |
| | कजरा | 07.25 | 07.26 |
| | उरेन | 07.33 | 07.34 |
| | धनौरी | 07.42 | 07.43 |
| | रामपुर हाल्ट | 07.48 | 07.49 |
| **13402** दानापुर-भागलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 25.10.2024) | भागलपुर | 22.25 | – |
| **22459** मधुपुर -आनंद विहार टर्मिनल हमसफर एक्सप्रेस (यात्रा शुरू होने की प्रभावी तिथि 29.10.2024) | मधुपुर | – | 12.05 |
| | जसीडीह | 12.30 | 12.32 |
| | झाझा | 13.45 | 13.50 |

यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें।

**मुख्य यात्री परिवहन प्रबंधक**

**पूर्व रेलवे**

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# कृष्णानगर छात्रा दुष्कर्म-हत्या मामला : आरोपित प्रेमी को सात दिन की पुलिस हिरासत

**❑ कोर्ट में पेशी के दौरान आरोपित का दावा... 'मैं वहां नहीं था'**

**कोलकाता, समाज्ञा :** नदिया जिला अंतर्गत कृष्णनगर में बुधवार को एक युवती का अर्ध-जली हुई शव मिलने के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। युवती के परिवार ने दावा किया है कि उसकी सामूहिक दुष्कर्म के बाद हत्या की गई है। इस मामले में पुलिस ने युवती के प्रेमी को गिरफ्तार किया है, जिसे गुरुवार को कृष्णनगर कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने आरोपित को सात दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। कोर्ट में ले जाने के दौरान आरोपित युवक ने पुलिस और पत्रकारों के सवालों के



जवाब में बार-बार यही दावा किया कि वह घटनास्थल पर मौजूद नहीं था। उसने कहा कि मैं वहां नहीं था।

**❑ आरोपित की मां ने बेटे को बताया 'निर्दोष'**

आरोपित की मां ने भी अपने बेटे के निर्दोष होने का दावा किया है। उन्होंने बताया कि घटना के दिन उनका बेटा सुबह 10.30 बजे घर से निकला था और शाम 6 बजे वापस आया। उनका कहना है कि बेटा फिल्म देखने गया था और वापस आकर खाना खाकर सो गया। पुलिस ने आरोपित के माता-पिता को भी हिरासत में लेकर पूछताछ की, लेकिन बुधवार देर रात उन्हें छोड़ दिया गया।

**❑ मृतका की मां ने सीबीआई जांच की मांग, कर सकती है कोर्ट का रूख**

वहीं, इस मामले को लेकर पीड़िता की मां ने पुलिस जांच पर निराशा जाहिर की है और सीबीआई जांच की मांग की है। मृतक महिला की मां ने शक जताया है कि शादी से इनकार करने के कारण उनकी बेटी की हत्या की गई हो सकती है। महिला ने कहा कि पुलिस ठीक से जांच नहीं कर रही है। हम हाईकोर्ट जाएंगे और मामले की जांच सीबीआई से कराने की मांग करेंगे। आरजीकर की घटना की तरह जांच में कई खामियां हैं। मुख्य आरोपी ने उससे शादी की इच्छा जाहिर की थी, लेकिन उसने मना कर दिया। हो सकता है कि इसी वजह से बेटी की हत्या कर दी गई हो।

**❑ वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने घटनास्थल का दौरा किया, जांच के लिए एसआईटी गठित**

बंगाल पुलिस ने कृष्णानगर में कथित दुष्कर्म-हत्या मामले की जांच के लिए छह सदस्यों की एसआईटी का गठन किया है। इसके साथ ही पश्चिम बंगाल के सहायक पुलिस महानिदेशक (एडीजी) ने गुरुवार को नदिया जिले के कृष्णानगर में उस घटनास्थल का दौरा किया, जहां 'दुष्कर्म और हत्या' की शिकार हुई एक महिला का शव मिला था। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि एडीजी (दक्षिण बंगाल) सुप्रतिम सरकार ने आश्रमपाड़ा इलाके में उस स्थान का दौरा किया जहां महिला का शव मिला था। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने मृतका के दो करीबी दोस्तों से पूछताछ शुरू कर दी है।

## हत्या के बदले हत्या! युवक ने की अपने पिता के 'हत्यारे' की हत्या

**कूचबिहार :** माथाभांगा में मानसाई नदी के किनारे से एक व्यक्ति का शव बरामद किया गया। इसके बाद पुलिस ने जांच शुरू की।आख़िरकार उस घटना में एक व्यक्ति को गिरफ़्तार कर लिया गया। नाम अजय महत उर्फ गोरखा हैं। वह शख्स कूचबिहार के माथाभांगा के वार्ड नंबर एक का रहने वाला था। पुलिस के मुताबिक आरोपी ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए इस हत्याकांड को अंजाम दिया। इस संबंध में माथाभांगा के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अनिमेष रॉय ने बताया कि 15 तारीख को मानसाई चार में श्यामल घोष नामक व्यक्ति को लहूलुहान हालत में बरामद किया गया था। जब उसे अस्पताल ले जाया गया तो डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। बाद में पुलिस ने पत्नी की शिकायत के आधार पर हत्या का मामला दर्ज किया। पुलिस



के मुताबिक हत्याकांड में पाशावर्ती वार्ड नंबर 1 निवासी अजय महत उर्फ गोरखा शामिल है। शुरुआती जांच के मुताबिक श्यामल घोष ने अजय के पिता की पिटाई की थी। इसी कारण उनके पिता की मृत्यु हो गई। अजय ने अपने पिता की हत्या का बदला लेने के लिए श्यामल घोष की हत्या कर दी। पुलिस ने गुरुवार सुबह अजय महतो को रेलवे ब्रिज से गिरफ्तार कर लिया।पुलिस गिरफ्तार व्यक्ति को अनुमंडल न्यायालय में ले जाकर हिरासत में लेने का अनुरोध करेगी। श्यामल घोष का यह घर माथाभांगा के वार्ड नंबर 1 में है। मृतक के भतीजे पारितोष घोष ने कल बताया कि जब उन्हें खबर मिली तो देखा कि उनके चचेरे भाई की हत्या कर दी गई है।

## ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने अपने शब्दकोश में जोड़ी भारत की 13वीं भाषा

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने भारत की 'शास्त्रीय भाषाओं' की सूची को बढ़ाकर पिछले हफ्ते 11 कर दिया है। जिसमें मराठी, पाली, प्राकृत, असमिया और बंगाली के साथ तमिल, संस्कृत, तेलुगू, कन्नड़, मलयालम और ओडिया भी शामिल हैं। संस्कृत को बढ़ावा देने के लिए शिक्षा मंत्रालय ने कई कदम उठाए थे, जिसकी वजह से 2005 में इसे 'शास्त्रीय' भाषा का दर्जा मिला। ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस ने ऑक्सफोर्ड संस्कृत-हिंदी-इंग्लिश डिक्शनरी लॉन्च किया है। इसके साथ ही, ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी की द्विभाषी शब्दकोशों की सूची में अब 13 भाषाएं (जिनमें 9 शास्त्रीय भाषाएं हैं) कवर की जा रही हैं। ऑक्सफोर्ड डिक्शनरी अब संस्कृत, बंगाली, असमिया, कन्नड़, मलयालम, ओडिया, तमिल, तेलुगू, मराठी, गुजराती, पंजाबी, उर्दू और हिंदी में उपलब्ध है। नई ऑक्सफोर्ड संस्कृत-हिंदी-इंग्लिश डिक्शनरी में 25 हजार से ज्यादा सावधानीपूर्वक चुने गए शब्द शामिल हैं। यह डिक्शनरी उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम के साथ मिलकर प्रकाशित की गई है।

इस डिक्शनरी के लॉन्च की घोषणा करते हुए, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस इंडिया के प्रबंध निदेशक सुमंता दत्ता ने कहा, ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस भाषाओं के संरक्षण और विकास के लिए प्रतिबद्ध है। तीन भाषाओं की यह डिक्शनरी न सिर्फ भाषा सीखने में मदद करेगी, बल्कि हमारी सांस्कृतिक धरोहर को भी बढ़ावा देगी।

### फिर सक्रिय अनुब्रत मंडल, पर बदला अंदाज

# अनुब्रत मंडल ने विजया सम्मिलानी से दिया एकता का संदेश

**❑ विजया मिलन में नहीं पहुंचे काजल शेख**

**बीरभूम :** तृणमूल कांग्रेस के दिग्गज नेता अनुब्रत मंडल गुरुवार को यहां गाय बाजार (हाट) मैदान से विजया सम्मिलनी के बहाने राजनीतिक रूप से फिर सक्रिय हो गये, पर इस बार सियासी विरोधियों को घेरने का उनका चिर-परिचित अंदाज बदल गया था। इस बार विजया मिलन के मंच से वह शांति व अमन-चैन का राग अलापते हुए देखे-सुने गये। अनुब्रत ने विजया सम्मिलनी के जरिये ब्लॉक दर ब्लॉक पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं से संपर्क करके नये सिरे से सक्रिय



राजनीति में उतरने की शुरुआत कर दी है। गुरुवार को मुरारई ब्लॉक-1 से अनुब्रत का राजनीतिक कार्यक्रम शुरू हो गया। बीरभूम तृणमूल अध्यक्ष के मुंह से शांति का संदेश सुना गया। इस दिन, बीरभूम तृणमूल कांग्रेस नेता अनुब्रत ने मुरारई के गाय बाजार में विजया सम्मिलनी में भाग लिया। इस बार, अनुब्रत के कार्यक्रम में कुछ अलग दृश्य दिखा। जो कार्यकर्ता कभी अनुब्रत के सामने नहीं टिक पाते थे, वही मंच पर केष्टो के साथ विराजमान थे। मंच के नीचे भी उत्साहित पार्टी कार्यकर्ताओं में अनुब्रत से मिलने की होड़ मची थी। दूसरी ओर, अनुब्रत मंडल के खास कहे जानेवाले बीरभूम जिला परिषद के सभाधिपति काजल शेख विजया मिलन में नहीं दिखे। अनुब्रत ने मंच पर चारों ओर देख कर काजल शेख को खोजने की कोशिश भी की। फिर, मंच से अनुब्रत ने कहा कि हमलोग नेता नहीं, बल्कि कार्यकर्ता हैं। ममता बनर्जी व अभिषेक के लिए आगे बढ़ कर काम करें। जनता के साथ रहें, विकास के साथ डटें। आपस में झगड़े से अच्छा संदेश नहीं जाता है। लड़ाई-झगड़े से दूर रहें।

## मेट्रो में फिर आत्महत्या की कोशिश

### लगभग घंटे भर प्रभावित रही सेवा

**कोलकाता :** व्यस्त शाम को फिर से मेट्रो के सामने कूदकर आत्महत्या करने की कोशिश की गई। जिसके कारण गुरुवार की शाम सेवा बाधित हो गई ।यात्रियों को काफ़ी परेशानी का सामना करना पड़ा। घंटे भर तक मेट्रो सेवा बाधित रही। मेट्रो के मुताबिक, शाम करीब 6:19 बजे कालीघाट स्टेशन पर कवि सुभाष जाने वाली मेट्रो के सामने एक यात्री कूद गया। उसे तुरंत बचा लिया गया।हालांकि, पीक आवर्स के दौरान मेट्रो सेवाएं बाधित रहती हैं। कवि सुभाष-दक्षिणेश्वर तक मेट्रो नहीं चल पाई। डाउन लाइन पर उत्तम कुमार यानी टालीगंज से कवि सुभाष तक मेट्रो चली। मेट्रो मैदान से दक्षिणेश्वर तक विपरीत दिशा में चली। इससे यात्रियों को काफी



दिक्कतों का सामना करना पड़ा। शाम 7:16 बजे मेट्रो सेवा फिर से शुरू हुई।उल्लेखनीय है कि 14 अक्टूबर को सुबह करीब 11:45 बजे एक व्यक्ति शोभाबाजार-सुतानुति मेट्रो स्टेशन पर आत्महत्या की गई थी । ड्राइवर ने किसी तरह ब्रेक लगाया। सूचना मिलते ही बचाव दल मौके पर पहुंच गया। व्यस्त युद्धकालीन अभियानों में आत्महत्या के प्रयास को बचा लिया गया।

## मेनिनजाइटिस की रोकथाम : आपके प्रियजनों का करें बचाव

**कोलकाता, समाज्ञा**

मेनिनजाइटिस एक गंभीर टीका रोकथाम योग्य संक्रमण है जो विशेष रूप से बच्चों के लिए महत्वपूर्ण स्वास्थ्य संबंधी चिंताएं पैदा करता है। विश्व मेनिनजाइटिस दिवस का उद्देश्य जागरूकता बढ़ाना और इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। डॉ. जयदेब रे, एम.डी. (पैड.), डी.एन.बी. (पैड.), डी.सी.एच. (कैल.) एम.डी. (कॉम. मेड) एफएआईएमएस (पीएएड) एफएनएनएफ (इंडिया) एफआईएपी (इंडिया), पीडियाट्रिक्स आई.सी.एच. कोलकाता के प्रिंसिपल और प्रोफेसर, जोर देते हैं मेनिनजाइटिस का तीव्र और अक्सर गंभीर प्रभाव इसे सबसे खतरनाक संक्रमणों में से एक बनाता है, खासकर छोटे बच्चों के लिए। टीकाकरण न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा प्रदान करता है बल्कि वैश्विक स्तर पर बीमारी की रोकथाम के बड़े लक्ष्य में योगदान देता है। टीकाकरण का निर्णय एक परिवार के दीर्घकालिक स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए सबसे प्रभावशाली विकल्पों में से एक है।

## पश्चिम बंगाल में बढ़ता जा रहा है तंबाकू का सेवन : हर 2 में से 1 पुरुष खतरे में है

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल तंबाकू की लत जैसी एक खामोश महामारी से जूझ रहा है। नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 के ताजे आंकड़ों के अनुसार, 48.1% पुरुष, जिनकी आयु 15 वर्ष या उससे अधिक है, तंबाकू का सेवन करते हैं। यह आंकड़ा इस खतरनाक आदत की व्यापकता को स्पष्ट करता है और राज्य के लिए एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती प्रस्तुत करता है, जो तत्काल और सतत कार्रवाई की मांग करता है।

मेडिका सुपरस्पेशलिटी अस्पताल एवं मणिपाल अस्पताल, कोलकाता के वरिष्ठ



पल्मोनोलॉजिस्ट और इंटेंसिविस्ट, कंसल्टेंट डॉ. अर्नब बेरा कहते हैं, पश्चिम बंगाल में 15 साल और उससे अधिक आयु के 48.1% पुरुष तंबाकू का सेवन करते हैं। यह दर गंभीर स्वास्थ्य जोखिम को उजागर करती है। भारत में लगभग 26.7 करोड़ वयस्क तंबाकू का सेवन कर रहे हैं। जिससे तंबाकू छोड़ने की नीतियों को प्रभावी विकल्पों के साथ संशोधित करना आवश्यक हो गया है। बीएलके-मैक्स सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल, नई दिल्ली के पल्मोनरी मेडिसिन के वरिष्ठ सलाहकार, डॉ. पवन गुप्ता यह बताते हुए कहते हैं, स्वीडन की उपलब्धि, जहां धूम्रपान दर 5.6% से नीचे आ गई है और वे निकोटीन पाउच, स्नस और हिटेड टोबैको प्रोडक्ट्स (एचटीपी) जैसे हानिकारक कमी वाले विकल्पों के माध्यम से पहले धूम्रपान-मुक्त देश बनने की दिशा में अग्रसर हैं, धूम्रपान छोड़ने का एक आदर्श उदाहरण है।

## पत्नी के विवाहेत्तर संबंध के संदेह पर पड़ोसी युवक पर हमला, बीचबचाव में पिता की मौत

**पूर्व मेदिनीपुर :** पत्नी का पड़ोसी युवक से अवैध संबंध है। उसी शक में एक शख्स ने एक युवक पर हमला कर दिया और बेटे को बचाने की कोशिश में पिता की मौत हो गई। एगरा के रसन गांव में शिकायत से हड़कंप मच गया है. पुलिस के मुताबिक, मृतक का नाम दीपक बेरा (55) है। पुलिस और स्थानीय सूत्रों के अनुसार, दीपक बेरा के बेटे अमित का अपने पड़ोसी सदानंद दास से काफी समय से विवाद चल रहा था. स्थानीय निवासियों के मुताबिक, सदानंद को शक था कि अमित का उसकी पत्नी के साथ अवैध संबंध है।आरोप है कि बुधवार की रात करीब साढ़े दस बजे सदानंद और उनकी टीम ने शक के आधार पर अमित के घर पर छापा मारा।बेटे को बचाने के लिए पिता दीपक आगे बढ़े। आरोप है कि बदमाशों ने उन्हें बांस, डंडे से पीटना शुरू कर दिया। बदमाशों ने दीपक की हत्या कर दी। बाद में उसे गंभीर हालत में आगरा सुपर स्पेशलिटी अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हालांकि, इस घटना के तुरंत बाद बदमाश इलाके से भाग गए। एगरा थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई है। घटना के बाद से आरोपी फरार हैं। एगरा थाने की पुलिस जांच में जुट गई है।

## हावड़ा डिवीजन में ट्रैक रखरखाव कार्य के लिए दो जोड़ी अजीमगंज-कटवा ईएमयू लोकल हुई रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** हावड़ा डिवीजन पर अजीमगंज-कटवा सेक्शन में लालबाग कोर्ट रोड और खगराघाट रोड स्टेशनों के बीच डाउन लाइन पर ट्रैक का रखरखाव कार्य किया जा रहा है। इस कार्य के चलते, अजीमगंज से 15:10 बजे चलने वाली 03090 अजीमगंज-कटवा लोकल और अजीमगंज से 16:40 बजे चलने वाली 03076 अजीमगंज-कटवा लोकल एवं कटवा से 19:20 बजे चलने वाली 03089 कटवा-अजीमगंज लोकल और कटवा से 20:00 बजे चलने वाली 03075 कटवा-अजीमगंज लोकल 19 अक्टूबर और 21 अक्टूबर को रद्द रहेगी।

## मेट्रो ने फिर दिखाया इंसानियत



**कोलकाता :** मेट्रो में एक बीमार महिला को मदद कर इंसानियत का रूप दिखाया। गुरुवार को सुबह दस बजे कालीघाट मेट्रो स्टेशन पर अप ट्रेन में चढ़ते समय एक महिला यात्री के पैर में चोट लग गई। उसकी हालत देखकर वहां तैनात महिला आरपीएफ कर्मी उसकी मदद के लिए दौड़ी और स्टेशन मास्टर को सूचित किया।स्टेशन मास्टर अन्य स्टेशन कर्मचारियों के साथ तुरंत मौके पर पहुंचे और उसे राहत के लिए प्राथमिक उपचार दिया। कुछ समय बाद उसकी हालत में सुधार हुआ और वह मेट्रो से एस्प्लेनेड जाना चाहती थी। स्टेशन छोड़ने से पहले उन्होंने मेट्रो प्रशासन के सहयोग और मदद के लिए दिल से आभार व्यक्त किया।

## कटवा स्टेशन पर नया फुट ओवरब्रिज यात्रियों के लिए हुआ चालू



**कोलकाता, समाज्ञा :** कटवा स्टेशन पर बने नए फुट ओवर ब्रिज (एफओबी) को यात्रियों की सुविधा के लिए चालू कर दिया गया है। 6.0 मीटर चौड़ा एफओबी प्लेटफार्म 1 को प्लेटफार्म 7 से जोड़ता है। इसके साथ ही, मुख्य प्रवेश द्वार को दूसरे प्रवेश द्वार से भी जोड़ता है। जिससे पूरे स्टेशन पर यात्रियों के लिए सुगम आवाजाही की सुविधा मिलती है। यह नया एफओबी यात्रियों को रेलवे ट्रैक पार करने के लिए एक सुरक्षित रास्ता प्रदान करता है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा काफी कम हो जाता है। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया, पुल में आवाजाही को आसान बनाने के लिए सीढ़ियों में कम ढलान है। एफओबी विकलांग लोगों और बुजुर्ग यात्रियों सहित सभी के लिए सुलभ है, जो स्टेशन की सभी सुविधाओं तक समावेशी पहुंच सुनिश्चित करता है। इस नए बुनियादी ढांचे को कटवा में बढ़ते यात्री यातायात को समायोजित करने और प्लेटफार्मों के बीच निर्बाध पहुंच सुनिश्चित करने, समग्र स्टेशन प्रबंधन और यात्री सुरक्षा में सुधार करने के लिए डिजाइन किया गया है। पूर्वी रेलवे, हावड़ा मंडल, यात्री सुविधाओं और सेवाओं को बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है।

## सियालदह डिवीजन में ओएसओपी योजना के तहत अस्थायी स्टॉल स्थापित करने के लिए शुरू हुए आवेदन

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय रेलवे द्वारा स्थानीय समुदायों की सांस्कृतिक विरासत, पारंपरिक शिल्प कौशल और स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने और प्रदर्शित करने के लिए वन स्टेशन वन प्रोडक्ट (ओएसओपी) योजना की पहल की गई है। इसके तहत, पूर्व रेलवे के सियालदह डिवीजन के वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, सियालदह डिवीजन के 73 स्टेशनों पर ओएसओपी योजना के तहत अस्थायी स्टॉल स्थापित करने के लिए स्वदेशी उत्पादों में लगे व्यक्तियों, एसएचजी और संगठनों से आवेदन आमंत्रित कर रहे हैं। यह योजना कुछ स्टेशनों पर 30 दिनों तक चलेगी। जियागंज में 29 अक्टूबर से, लालगोला, कृष्णापुर, कोसिमबाजार, मुर्शिदाबाद, बेरहामपुर कोर्ट, फुलिया, शांतिपुर, कलिनारायणपुर जंक्शन, बीरनगर, हबीबपुर, अरंगहाता, बडकुल्ला, बगुला, मझदिया, बाणपुर, गेडे, जग्गदल, कांकीनारा, ब्रेस ब्रिज, नंगी, न्यू अलीपुर (कोलकाता), बालीगंज जंक्शन, ढाकुरिया, बाघा जतिन, मल्लिकपुर, गोचरन, नामखाना, बारुईपुर, होटोर, बिद्याधरपुर, पियाली, तालडी, देउला, धमुआ, डायमंड हार्बर, संग्रामपुर, कालिकापुर, कैनिंग और चांदपाड़ा में 30 अक्टूबर से, टाकी रोड में 01 नवंबर से, माझेरहाट, ताहेरपुर में 04 नवंबर से, लेक गार्डन, टॉलीगंज, एकरा, संतोषपुर, कोमागाटा मारू बजबज में 05 नवंबर से, धुबुलिया में 06 नवंबर से, सुभाषग्राम में 09 नवंबर से, दक्षिण दुर्गापुर, नेत्रा, चंपाहाटी,



घुटियारी शरीफ, मगराहाट में 11 नवंबर से, बनगांव जंक्शन में 12 नवंबर से, बहारू, काकद्वीप, दक्षिण बारासात, बशीरहाट, सोनारपुर में 14 नवंबर से, मुरागाचा, बेलडांगा, बेथुडाहारी, देबग्राम, रेजीनगर, प्लासी, भगवानगोला में 21 नवंबर से, गोबरडांगा, ठाकुरनगर, अशोकनगर रोड, मचलंदपुर, न्यू बैरकपुर में 26 नवंबर से स्कीम चालू हो जाएंगी। इसके लिए पंजीकरण शुल्क 2 हजार रुपये है। रेलवे द्वारा स्टॉल/आउटलेट उपलब्ध कराए जाएंगे। आवेदन 22 अक्टूबर को 15:00 बजे तक जमा किए जाने चाहिए। इस बारे में विस्तारित जानकारी रेलवे की वेबसाइट और वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक कार्यालय, सियालदह के नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध हैं।

## पूर्व रेलवे ने विशेष अभियान 4.0 के तहत विभिन्न स्टेशनों पर रेल चौपाल कार्यक्रम किए आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने विशेष अभियान 4.0 को जारी रखते हुए विभिन्न स्टेशनों पर रेल चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए। हावड़ा, सियालदह, कोलकाता, सीतारामपुर, सिमुलतला, मालदह टाउन, भागलपुर, कृष्णानगर और नैहाटी सहित विभिन्न स्टेशनों पर रेल चौपाल कार्यक्रम आयोजित किए गए। जहां रेलवे अधिकारियों और कर्मचारियों ने यात्रियों के साथ बातचीत की और रेलवे परिसर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए जागरूकता बढ़ाई। इसके अतिरिक्त, एक पेड़ मां के नाम पहल के तहत, कांचरापाड़ा कार्यशाला ने एक विशेष वृक्षारोपण अभियान चलाया। इसी तरह की वृक्षारोपण गतिविधियां कोलकाता, सीतारामपुर, सिमुलतला, बैरकपुर, नैहाटी, बंडेल और विभिन्न स्टेशनों के परिसरों में हुईं। इस पहल का उद्देश्य स्वच्छता को बढ़ाते हुए पर्यावरणीय स्थिरता को बढ़ावा देना है। पूर्व रेलवे इन पहलों के माध्यम से स्वच्छ और हरित वातावरण को बढ़ावा दे रहा है। पूर्व रेलवे द्वारा यह विशेष अभियान 4.0, 2 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है।

## ध्यान फाउंडेशन कोलकाता का गौ-सेवार्थ पांच दिवसीय गोकृपा कथा 18 अक्टूबर से

**कोलकाता, समाज्ञा**

गो सेवा के लिए सदैव तत्पर रहने वाले कोलकाता मेंगौ संरक्षण हेतु एक भव्य विराट आयोजन इस साल फिरहोने जा रहा है। यह आयोजन बांग्लादेश सीमा पर सुरक्षा बलों द्वारा बचाए गए 20,500 गोवंशों की कोलकाता पिंजरापोल सोसायटी द्वारा प्रदत्त व ध्यान फाउंडेशन के निजी भूखंड पर ध्यान फाउंडेशन द्वारा संस्थापित गोलोक चाकुलिया गौशाला में व्यापक सेवा सुश्रुषा हेतु गोलोक चाकुलिया ध्यान फाउंडेशन कोलकाता की ओर से हो रहा है। एक प्रेस विज्ञप्ति में इस आयोजन के बारे में जानकारी देते



हुए आयोजकों ने बताया कि इस पांच दिवसीय आयोजन का शुभारंभ शुक्रवार 18 अक्टूबर से विधान गार्डेन (11, कैनाल सर्कुलर रोड़, उल्टाडांगा, कोलकाता-54) में हो रहा है जिसमें परम पूज्य श्रद्धा गोपाल सरस्वती दीदीजी के मुखारविंद से अमृतमयी गो कृपा कथा का श्रीगणेश होगा और इस आयोजन में प्रतिदिन श्रद्धा दीदी जी दोपहर 3 बजे से सायं 6 बजे तक अमृतमयी गोकथा से श्रद्धालुओं को कृतार्थ करेंगी और इसमें जन-साधारण के लिए प्रवेश पूर्णतः स्वतंत्र रहेगा। गोवंशों का यह संरक्षण/सेवा निर्विघ्न रूप से चलती रहे इसके लिए आयोजित उक्त महायज्ञ के जरिए लोगों का आह्वान किया गया है कि निरीह 20,500 गोवंशों के लिए प्रति गोवंशों 15,000 रुपये वार्षिक संरक्षण राशि के हिसाब से अधिक से अधिक गोवंशों के लिए अपना सहयोग प्रदान कर इनके संरक्षण और सेवा में भागीदार बने।

## अपने प्रियजनों की रक्षा करें: मेनिनजाइटिस की रोकथाम की शक्ति

**कोलकाता, समाज्ञा**

विश्व मेनिनजाइटिस दिवस के मौके पर मेनिनजाइटिस बीमारी से संबंधित जागरूकता बढ़ायी जाती है। इस बीमारी को हराने के लिए वैश्विक प्रयासों को बढ़ावा देना, प्रारंभिक पहचान की जीवनरक्षक क्षमता को बढ़ावा देना और टीकाकरण के माध्यम से इसकी रोकथाम करना है। हर साल वैश्विक स्तर पर 2.5 करोड़ से अधिक मामले सामने आने के साथ, मेनिनजाइटिस एक गंभीर स्वास्थ्य संकट का प्रतिनिधित्व करता है।

डॉ.सुभाशीष भट्टाचार्य, एमडी (पेड.), (दिल्ली), डीसीएच (सीएएल), डीएनबी (पेड.), एमएनएएमएस., पीडियाट्रिक्स सीएसएस कॉलेज ऑफ ऑब्स, गायनी एंड चाइल्ड हेल्थ, कोलकाता के प्रोफेसर और एचओडी कहते हैं, समय पर टीकाकरण से मेनिनजाइटिस के विनाशकारी प्रभाव को रोका जा सकता है। बच्चे, विशेष रूप से, इस बीमारी के प्रति अतिसंवेदनशील होते हैं, और यदि उपचार न किया जाए तो इसका प्रभाव लंबे समय तक बना रह सकता है। टीकाकरण मैनिंजाइटिस से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका है, जो ऐसे संक्रमण के खिलाफ महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है जो जीवन-परिवर्तनकारी जटिलताओं का कारण बन सकता है। यह सिर्फ बीमारी से बचने के बारे में नहीं है - यह भविष्य की पीढ़ियों के स्वास्थ्य और कल्याण को सुनिश्चित करने के बारे में है।

### गहरे समुद्र में हिल्सा पकड़ने की चाह पड़ी महंगी

# बांग्लादेशी नौसेना ने दो ट्रॉलरों में सवार 31 भारतीय मछुआरों को पकड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में गहरे समुद्र में हिल्सा मछलियां पकड़ने के दौरान बांग्लादेशी जल सीमा में घुसने वाले दो भारतीय ट्रॉलरों को बांग्लादेशी नौसेना ने पकड़ लिया। उक्त ट्रॉलरो में 31 मछुआरे सवार थे। हिरासत में लिये गये सभी मछुआरे दक्षिण 24 परगना के काकद्वीप के निवासी हैं। पता चला है कि गत 14 अक्टूबर को 'एफबी बासंती' और 'एफबी जय जगन्नाथ' नामक दो ट्रॉलर पर सवार होकर 31 मछुआरे मछलियां पकड़ने के लिए नामखाना घाट से रवाना हुए थे। इस दौरान वे अचानक गहरे समुद्र में भारतीय जल सीमा को पार कर बांग्लादेशी सीमा में घुस



गये। बता दें कि वर्तमान में, बांग्लादेश सीमा में गहरे समुद्र में मछली पकड़ने पर सरकारी प्रतिबंध है। काकद्वीप मत्स्यजीवी संघ के पदाधिकारियों ने आशंका जतायी है कि दोनों ट्रॉलर भारतीय तटरक्षकों की नजरों से बचते हुए भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय जल सीमा को पार कर बांग्लादेश में प्रवेश कर गये होंगे। बांग्लादेश नौसेना का जहाज-बीएनएस शहीद अख्तरउद्दीन समुद्र में गश्त पर था और उसने गहरे समुद्र में दोनों भारतीय ट्रॉलरों का पीछा किया और उन्हें रोक लिया। वहां के सभी मछुआरों को बांग्लादेश के पटुआखाली बंदरगाह पर ले जाया गया। सूत्रों के अनुसार, पकड़े गये भारतीय मछुआरों को कलापाड़ा थाने की पुलिस को सौंप दिया गया है। बुधवार की देर शाम तक घटना की खबर मिलने के बाद से मछुआरों के परिजन चिंतित हैं। उन्हें कैसे और कब रिहा किया जायेगा, यह परिवार की मुख्य चिंता है। उन्होंने प्रशासनिक मदद की मांग की है।

# पोलबा में पांच महीने में 17 नाबालिग लापता



**हुगली :** जिले के पोलबा थाना क्षेत्र से पिछले पांच महीने में कुल 45 लोगों के लापता होने की खबर है। इनमें से 17 नाबालिग बताई जा रही है। हाल ही में नेपाल से पोलबा के नारायण पाड़ा गांव आयी एक नाबालिग भी रहस्मय ढंग से लापता हुई है। परिजन उसकी दर दर तलाश कर रहे हैं। स्थानीय और पारिवारिक सूत्रों से मिली जानकारी मिली है कि सुशील मुर्मू का घर पोलबा के सुगंधा ग्राम पंचायत के नारायणपाड़ा में है। सुशील पेशे से ट्रक ड्राइवर हैं और कल्याणी में काम करते हैं। उनकी पत्नी मीना अपने दो बच्चों के साथ पड़ोसी देश नेपाल के विराट नगर में रहती हैं। सुशील वहां आते-जाते रहते हैं। दशमी के दिन सुशील अपनी पत्नी मीना और दोनों बच्चों के साथ नारायणपाड़ा आए थे। यहां उनकी बुआ और बहन रहती हैं। बुधवार की शाम मीना अपने बेटे और बेटी को लेकर गोटू में एक रिश्तेदार के घर गई थीं। उस समय बच्चे मैदान में बकरियां चरा रहे थे और दो भाई-बहन लुका-छिपी खेल रहे थे। लगभग चार बजे, उनकी 13 साल की बेटी सोमन घर जाने के लिए निकली घर जाकर से कपडे बदले फिर कहीं निकली और वापस लौट कर नहीं आयी। नाबालिका की मां ने बताया कि उनकी बेटी अच्छी बंगला नहीं जानती, वह नेपाली और थोड़ी-बहुत हिंदी जानती है। उसे यहां के गलियों और रास्तों की भी जानकारी नहीं है। इलाके में उसका कोई परिचित भी नहीं है। उन्हें समझ नहीं आ रहा कि उनकी बेटी के साथ क्या हुआ और वह कहां चली गई। सुशील ने बताया कि कुछ लोगों ने उसे गोटू से चुंचुड़ा स्टेशन की ओर जाते हुए देखा। उनकी बेटी मानसिक रूप से पूरी तरह ठीक नहीं है। गुरुवार को पोलबा थाने में नाबालिका के परिवार ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई।

पोलबा थाना सूत्रों के मुताबिक, पिछले पांच महीनों में 45 गुमशुदगी की शिकायतें दर्ज हुई हैं, जिनमें से 17 नाबालिकाएं है । 17 में से 12 को अब तक बरामद कर लिया गया है।

# फोन का पासवर्ड नहीं देने पर छात्र की गला घोंटकर की हत्या, दो नाबालिग गिरफ्तार

### गेम खेलने के लिए फोन मांगता था दोस्त, छात्र ने लगा दिया था पासवर्ड

**कोलकाता, समाज्ञा**

नदिया जिले में मोबाइल में गेम खेलने को लेकर हुए विवाद में एक स्कूली छात्र की हत्या का मामला सामने आया है। पुलिस ने मामले में मृतक छात्र के दो दोस्तों को गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपी नाबालिग बताए जा रहे हैं। यह घटना नक्काशीपाड़ा थाना क्षेत्र के पटिकाबाड़ी की है, जहां एक आम के बगीचे से प्रीतम विश्वास (14) का शव बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, घटना में मुख्य आरोपी ऑनलाइन गेम खेलने में माहिर है, लेकिन बताया जा रहा



है कि उसके पास मोबाइल नहीं था। उसने प्रीतम के मोबाइल में गेमिंग एप्लिकेशन अपलोड किया था। इसके बाद, प्रीतम को भी मोबाइल गेम की लत लग गई थी। आरोप है कि उसका दोस्त गेम खेलने के लिए उससे मोबाइल ले लेता था। इसके बाद, गुस्से में प्रीतम ने अपने मोबाइल का पासवर्ड बदल लिया। इसके बाद, आरोपी दोस्त उससे बार-बार पासवर्ड बताने के लिए कहता था, लेकिन प्रीतम इन्कार कर देता। इसी बात पर दोनों में झगड़ा हो गया। आरोप है कि उसने अपने एक अन्य दोस्त के साथ मिलकर प्रीतम की पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस का कहना है कि पहले प्रीतम के सिर पर किसी भारी चीज से वार किया गया। फिर, उसका गला घोंटा गया। मामले में दो आरोपितों को गिरफ्तार किया गया है। जांच अभी जारी है।

## तस्वा, इंडियन मैन्स वियर ब्रांड के 'बारात बाय तस्वा' में रणबीर कपूर उतरे रैम्प पर

**कोलकाता, समाज्ञा :** तस्वा बॉय आदित्य बिड़ला फैशन रिटेल लिमिटेड ने शादी की तैयारियों में नया अंदाज शामिल करने के लिए जाने माने डिजाइनर तरुण तहिलियानी के साथ मिलकर एक शानदार फैशन शो 'बारात' का आयोजन किया। जिसमें तस्वा ने अपने ऑटम/विंटर 2024 वेडिंग कलेक्शन का लॉन्च किया। यह ग्रैंड इवेंट 13 अक्टूबर 2024 को नई दिल्ली के राजसी त्रावणकोर पैलेस में हुआ और इसमें शामिल होने वाले सभी लोगों पर इसकी अमिट छाप देखी गई। इस खूबसूरत शाम के आखिर में बॉलीवुड आइकन रणबीर कपूर की मौजूदगी रही। जिन्होंने बेजोड़ स्टाइल और भव्यता के साथ भारतीय शादियों के असली माहौल का जश्न मनाया। तस्वा के चीफ डिजाइन ऑफिसर तरुण तहिलियानी का कहना है कि ग्रेट इंडियन वेडिंग वास्तविक समारोह में साकार होती है और इसका दिल दूल्हा होता है। मॉडर्न दूल्हा, जो आनंद, आधुनिकता और व्यक्तित्व के साथ आता है।

## इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन ने डेटा संचालित पद्धति का किया अनावरण

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन (आईडीएफ) ने 'ऑनलाइन गेम्स में कौशल की भूमिका मॉडलिंग' पर एक रिपोर्ट प्रकाशित की है। जो एक मात्रात्मक ढांचा प्रदान करती है जो सांख्यिकीय रूप से सभी ऑनलाइन गेमिंग प्रारूपों में कौशल की प्रबलता को निर्धारित कर सकती है। यह पहला अध्ययन है जो यह समझने के लिए एक सैद्धांतिक ढांचा प्रदान करता है कि अनुभव के माध्यम से कौशल कैसे अर्जित किया जाता है, जो अंततः ऑनलाइन गेमिंग में जीतने की क्षमता निर्धारित करता है। रिपोर्ट को प्रतिष्ठित नीति निर्माताओं और उद्योग हितधारकों द्वारा भारतीय गेमिंग कन्वेंशन 2024 में लॉन्च किया गया था। इंडिया डेवलपमेंट फाउंडेशन के शोध निदेशक प्रोफेसर शुभाशीष गंगोपाध्याय ने कहा, स्किल गेम्स और गेम्स ऑफ चांस के बीच अंतर कानूनी ऑनलाइन गेमिंग की सुरक्षा और सट्टेबाजी और जुए के प्लेटफॉर्म के प्रसार से उत्पन्न होने वाले जोखिमों को कम करने के लिए महत्वपूर्ण है।

## ईनो ने दुर्गा पूजा के नए कैंपेन में इनो च्यूवी बाइट्स किया पेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारत के अग्रणी एंटेसिड ब्रांड, ईनो ने अपना दुर्गा पूजा कैंपेन शुरू कर दिया है। जो इसके नए इनो च्यूवी बाइट्स पर केंद्रित है। एसिडिटी से निपटने के लिए तैयार किया गया यह अभियान सुनिश्चित करता है कि लोग बिना किसी व्यवधान के त्योहारों की दावत का पूरा आनंद ले सकें। इस कैंपेन की शुरुआत एक आकर्षक ब्रांड फिल्म के साथ होती है, जिसमें दितिप्रिया बंगाल में अगले साल की दुर्गा पूजा के जश्न के आगमन की कामना करते हुए कहती हैं, ''आश्छि बोछोर आबार होबे''। इस नए कैंपेन के उत्साह के बारे में बिनीत जैन, कैटेगरी हेड, ईनो ने कहा, हमारे इनो च्यूवी बाइट्स के दुर्गा पूजा कैंपेन के साथ हम चाहते हैं कि लोगों और उनके पसंदीदा व्यंजनों के बीच कोई न आ सके। इनो च्यूवी बाइट्स एसिडिटी से तुरंत और असरदार राहत प्रदान करते हैं। ब्रांड फिल्म और कम्युनिकेशन स्ट्रेट्जी के बारे में अंबरीश मजूमदार, आईस मीडिया लैब ने कहा, हम ऐसा कैंपेन बनाना चाहते थे, जो इस अवसर की खुशी प्रतिबिंबित करे। इनो च्यूवी बाइट्स एसिडिटी से तुरंत राहत देकर त्योहारों की खुशी का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

## अमेजन के 'फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर' के साथ त्योहारों की खुशियां बांटिए

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन के 'फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर' पर अपने प्रियजनों के लिए बेहतरीन ऑफर के साथ गिफ्ट की खरीददारी करें। 200 रुपये तक के कैशबैक के साथ फेस्टिव गिफ्टिंग पर 50% तक की छूट पाएं। सीजन के सभी टॉप फेस्टिव सामान पर कूपन सब्सक्रिप्शन के साथ अतिरिक्त 10% तक की छूट भी पा सकते हैं। फूल, 4700बीसी, ईट बेटर को, गेंदा फूल, गो देसी जैसे प्रीमियम ब्रांड्स के विस्तृत रेंज पर ऑफर पाएं और अपने और अपने प्रियजनों के त्यौहारों को यादगार बनाएं। साथ ही, फेस्टिव गिफ्टिंग स्टोर के साथ, अपने सभी पसंदीदा उपहारों के लिए तेज़ और भरोसेमंद डिलीवरी का आनंद लें। सभी के लिए कुछ खास उपहार खोजने में मदद करने के लिए, उपहारों की एक सूची तैयार की गई है जो इस त्योहारी सीजन की भावना के अनुरुप हैं और त्योहारों को पहले से कहीं अधिक यादगार बनाएगी।

## ड्यूरोप्लाई ने अपने प्रोडक्ट रेंज को ई-शून्य उत्सर्जन मानदंडों के अनुरूप बनाया

**कोलकाता, समाज्ञा :** ड्यूरोप्लाई ने अपने सभी उत्पादों को ई-शून्य उत्सर्जन मानकों के अनुरूप बना लिया है। प्लाईवुड, ब्लॉकबोर्ड, दरवाजे और विनियर जैसे लकड़ी के उत्पाद बनाने में इस्तेमाल होने वाले चिपकने वाले पदार्थ (ग्लू) से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन हो सकता है। चूंकि ये उत्पाद घरों के अंदरूनी हिस्से को सुंदर बनाते हैं और पीढ़ियों तक चलते हैं, इसलिए इनसे निकलने वाली हानिकारक गैसें सेहत के लिए नुकसानदायक हो सकती हैं। ई-शून्य मानकों के आधार पर बने चिपकने वाले पदार्थों का उपयोग करने से ये उत्पाद बहुत कम हानिकारक गैसें छोड़ते हैं ड्यूरोप्लाई के प्रेसीडेंट मैन्युफैक्चरिंग, अभिषेक चितलांगिया ने कहा, भारत की अग्रणी और अनुभवी प्लाईवुड कंपन होने के नाते, हम अपने ग्राहकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। हम अपने उत्पादों में सबसे सुरक्षित चिपकने वाले पदार्थों का इस्तेमाल कर रहे हैं, जो वैश्विक मानकों के अनुरूप हैं। इससे बने घर के अंदरूनी हिस्से न सिर्फ टिकाऊ होते हैं, बल्कि परिवार के लिए सुरक्षित भी होते हैं।

## अपने पेमेंट्स को फेस्टिव रिवॉर्ड्स में बदलें: अमेजन पे के साथ जीतें 10,000 रुपये तक का रिवॉर्ड्स

**कोलकाता, समाज्ञा :** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान उत्सव के जोश के बीच, अमेजन पे यूपीआई ने शॉपिंग इवेंट के पहले 48 घंटों में असाधारण वृद्धि का अनुभव किया है, जिसमें उपयोग में साल-दर-साल 16% की रिकॉर्ड बढ़ोतरी हुई है। इस गति को बनाए रखने और उत्सव के सीजन के दौरान ग्राहकों को और अधिक मूल्य प्रदान करने के लिए, अमेजन पे ने अमेज़न ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 के हिस्से के रूप में एक विशेष 'बंपर रिवॉर्ड्स' कार्यक्रम लॉन्च किया है। ग्राहक अमेजन पर खरीदारी कर सकते हैं या अमेजन पे का उपयोग करके बिल भुगतान, पैसे भेजने, स्कैन और पे करने, टिकट बुकिंग आदि कर सकते हैं। 15 लेन-देन के बाद 10 हजार रुपये तक के रिवॉर्ड्स कमाने का मौका है। अमेजन पे के पेमेन्ट्स और मर्चेंट सर्विसेज के डायरेक्टर, गिरीश कृष्णन ने कहा, इस फेस्टिवल सीजन में, हर अमेजन ग्राहक अमेजन पे के साथ, हमारी शॉपिंग ऐप पर और उसके बाहर भी रिवॉर्ड्स अनलॉक कर सकता है।

## गोडैडी एयरो भारतीय उद्यमियों का समय बचाने में कर रहा है मदद

**कोलकाता, समाज्ञा :** हाल ही में गोडैडी ने पाया कि 94% भारतीय छोटे व्यवसाय मालिक मानते हैं कि उनके व्यवसायियों में एआई लागू करने से उनके निचले लाभ स्तर पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। जनरेटिव एआई का उपयोग तेज़ और आसान बनाने के लिए, गोडैडी ने गोडैडी एयरो लॉन्च किया, जो एक एआई-पावर्ड अनुभव है। जिसे छोटे व्यवसाय मालिकों को अपनी ऑनलाइन उपस्थिति स्थापित करने और नए ग्राहकों को आकर्षित करने में कीमती समय बचाने के लिए डिज़ाइन किया गया है। गोडैडी इंटरनेशनल की प्रेसिडेंट लॉरा मेसर्सचमिट ने कहा, एआई-पावर्ड होने के कारण, गोडैडी एयरो लगातार विकसित और बेहतर होता रहता है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि छोटे व्यवसाय नवीनतम एआई तकनीक के मामले में सबसे आगे रहें।

# बेलेघाटा में बंद पड़ी फैक्ट्री में लगी भीषण आग

### आग पर काबू पाने के लिए 8 दमकल गाड़ियों को भेजा गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** बेलेघाटा के कैनाल ईस्ट रोड पर स्थित एक बंद पड़ी फैक्ट्री में गुरुवार की सुबह भीषण आग लग गई। स्थानीय लोगों ने सुबह करीब 10.30 बजे फैक्ट्री से काले धुएं का गुबार उठते देखा और तुरंत इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। आग इतनी तेजी से फैली कि पहले दमकल की तीन गाड़ियों को मौके पर भेजा गया, लेकिन आग पर काबू पाने के लिए और पांच गाड़ियां भी भेजनी पड़ीं। दमकल विभाग का अनुमान है कि फैक्ट्री के अंदर रखे कुछ रासायनिक पदार्थों की वजह से आग लगी। आग ने फैक्ट्री में रखे तीन टैंकरों को अपनी चपेट में ले लिया। दमकल कर्मी आग बुझाने के लिए फोम का इस्तेमाल कर रहे



हैं, लेकिन घनी आबादी वाले इस इलाके में आग फैलने का डर बना हुआ है। बताया गया है कि लगभग छह साल पहले यह फैक्ट्री बंद हो गई थी, जिससे फैक्ट्री के अंदर कोई व्यक्ति नहीं था, इसलिए किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। दमकल विभाग की ओर से बताया गया है कि आग पर काबू पाने के प्रयास जारी हैं और कुछ हद तक आग को नियंत्रित किया जा चुका है।

# कृष्णानगर घटना का आरोपी भी आरजीकर कांड के विरोध करने वाले चेहरों में से एक : कुणाल घोष

**कोलकाता, समाज्ञा**

आरजीकर कांड के बाद राज्य में एक के बाद एक दुष्कर्म और हत्या के मामले सामने आए है। गत बुधवार को कृष्णानगर में एक युवती का अधजला शव बरामद हुआ। इस मामले में पुलिस ने मृतका के प्रेमी राहुल बोस को गिरफ्तार कर लिया। इस बीच, तृणमूल नेता कुणाल घोष ने आरोपित राहुल बोस के कई फेसबुक पोस्ट सामने लाये, जिसमें देखा जा सकता है कि आरजीकर घटना को लेकर राहुल भी विरोध में उतरा था। उसने अपने फेसबुक पर कई सरकार विरोधी पोस्ट किए। इस दिन, कुणाल घोष ने पत्रकारों से कहा



कि तिलोत्तमा के लिए न्याय की मांग को लेकर राहुल ने कुछ दिन पहले जागो जागो आंदोलन शुरू किया था. और वह लड़का अपनी प्रेमिका की बेरहमी से हत्या कर देता है। वे लोगों की भावनाओं को गलत दिशा देकर अराजकता पैदा कर रहे हैं।

# आज से राज्य में स्थायी कुलपति भर्ती प्रक्रिया होगी शुरू

### पहले दिन तीन यूनिवर्सिटी के कुलपतियों की होगी नियुक्ति

**कोलकाता, समाज्ञा**

लंबी जद्दोजहद के बाद आखिरकार राज्य सरकार द्वारा संचालित विश्वविद्यालयों में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू होने जा रही है। भर्ती प्रक्रिया शुक्रवार 18 अक्टूबर से शुरू होगी। पहले दिन तीन विश्वविद्यालयों के कुलपतियों की नियुक्ति होगी।उस लिस्ट में कलकत्ता यूनिवर्सिटी का नाम है। अन्य दो विश्वविद्यालय जिले के हैं। कुलपति की नियुक्ति को लेकर राज्य सरकार और राज्यपाल के बीच टकराव देश की शीर्ष अदालत तक पहुंच गया।सुप्रीम कोर्ट कुलपतियों की नियुक्ति के लिए दिशानिर्देश तय किया। इसके साथ ही कोर्ट ने राज्य सरकार और राजभवन की सहमति के आधार पर कुलपति की नियुक्ति करने की बात कही।इसके बाद राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने कुलपति की नियुक्ति की प्रक्रिया शुरू की। राज्य के उच्च शिक्षा विभाग ने इस साल जुलाई-अगस्त महीने के दौरान स्थायी कुलपति के लिए आवेदन स्वीकार किए थे। सूत्रों का कहना है कि करीब ढाई हजार आवेदन जमा हुए हैं। इनमें से 500 को स्थायी कुलपति के लिए चुना जाएगा। सुप्रीम कोर्ट के दिशानिर्देशों के बाद कुलपति की नियुक्ति के लिए एक सर्च कमेटी का गठन किया गया था।सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश यूयू ललित को सर्च कमेटी का प्रमुख बनाया गया। साथ ही सर्च कमेटी में राज्य सरकार के प्रतिनिधि, राज्यपाल के प्रतिनिधि और यूजीसी के प्रतिनिधि को रखा गया है। कथित तौर पर प्रत्येक विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपतियों की नियुक्ति के लिए अलग-अलग खोज समितियाँ बनाई जाती हैं।

## एस्सिलोर ने विराट कोहली के साथ नया वैरिलक्स कैंपेन किया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा :** दुनिया भर में प्रिस्क्रिप्शन लेंस के अग्रणी ब्रांड एस्सिलोर ने भारत के ब्रांड फेस विराट कोहली के साथ अपना नया वैरिलक्स कैंपेन लॉन्च किया है। इस कैंपेन का उद्देश्य प्रेसबायोपिया से प्रभावित 40 से अधिक उम्र के उपभोक्ताओं के लिए वैरिलक्स प्रोग्रेसिव लेंसों को एक बेहतरीन दृष्टि सुधार समाधान के रूप में स्थापित करना है। इस कैंपेन में विराट कोहली को वैरिलक्स प्रोग्रेसिव लेंसों के प्रचारक और समर्थक के रूप में दिखाया गया है, जहां वह अपने कोच को हर दूरी पर स्पष्ट दृष्टि के लिए वैरिलक्स लेंस की सलाह देते हैं। फ्रांस में 1959 में आविष्कार किया गया, वैरिलक्स दुनिया भर में नंबर 1 प्रोग्रेसिव लेंस ब्रांड है, जो नजदीक से दूर तक के लिए तुरंत स्पष्ट फोकस प्रदान करता है। वैरिलक्स प्रोग्रेसिव लेंसों की कीमत ख8,900 रुपये से शुरू होती है। यह लेंसक्राफ्टर्स और प्रमुख ऑप्टिकल स्टोर्स पर उपलब्ध है।

## नौ दिनों में स्वास्थ्य सेवा पर सरकारी खर्च 315 करोड़, जूनियर डॉक्टरों की हड़ताल से निजी अस्पतालों को फायदा

**कोलकाता :** उम्मीद पहले से ही की जा रही थी। जूनियर डॉक्टरों के आंदोलन से निजी अस्पतालों का कारोबार बढ़ गया है।इस बार सबूत भी मिल गए। ज्ञात हो कि 10 अगस्त से 18 सितंबर तक की अवधि में स्वास्थ्य साथी परियोजना पर 315 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं जो अन्य बार की तुलना में काफी ज्यादा है।गौरतलब है कि इस दौरान जूनियर डॉक्टरों ने अपनी हड़ताल जारी रखी। नवान्न के सूत्रों के मुताबिक, इस काम के रुकने से उस दौरान स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में रोजाना औसतन 7 करोड़ 86 लाख रुपए खर्च हुए।गणना के मुताबिक, आंदोलन के कारण राज्य को रोजाना 1 करोड़ 13 लाख रुपए का अतिरिक्त भुगतान करना पड़ा। ज्ञात हो कि यह सनसनीखेज जानकारी एक ताजा सर्वे में सामने आई है। जिसे लेकर प्रशासन के भीतर चर्चा शुरू हो गई है।

## तृणमूल नेता का फंदे से लटकता शव मिला

**सिलीगुड़ी :** तृणमूल पंचायत सदस्य का फंदे से लटकता शव आज बरामद किया गया है। घटना फांसीदेवा के घोषपुकुर ग्राम पंचायत हौवदाभिता की है। मृतक का नाम संजीव रॉय है। वह घोषपुकुर ग्राम पंचायत के तृणमूल पंचायत सदस्य थे। सूत्रों के अनुसार, बुधवार रात लक्ष्मी पूजा का प्रसाद वितरण के लिए संजीव अपने भाई के साथ निकला था। प्रसाद वितरण के बाद दोनों घर लौट आये। आज संजीव का शव चाय बागान में एक पेड़ से लटका हुआ मिला। सूचना मिलने के बाद घोषपुकुर चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए उत्तर बंगाल मेडिकल कॉलेज व अस्पताल भेज दिया। यह हत्या है या आत्महत्या फांसीदेवा थाने की पुलिस इसकी जांच कर रही है।

# नामखाना में नदी बांध निरीक्षण के दौरान मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा को झेलना पड़ा स्थानीय लोगों का विरोध

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना के नामखाना स्थित नारायणगंज में नदी बांध के निरीक्षण के दौरान सुंदरवन विकास मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा को स्थानीय लोगों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। दरअसल, गुरुवार की सुबह जब मंत्री बांध का निरीक्षण करने पहुंचे, तो नाराज स्थानीय लोगों ने उन्हें घेर लिया और अपना आक्रोश प्रकट किया। बता दें कि नारायणगंज क्षेत्र में कई बार नदी बांध टूटने की वजह से पूरा इलाका जलमग्न हो चुका है। दुर्गा पूजा से पहले भी लगभग 50 मीटर का हिस्सा टूट गया था, जिससे इलाके में दहशत फैल गई थी। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मरम्मत का काम शुरू



किया, लेकिन काम के दौरान एक जेसीबी मशीन भी टूटकर नदी में समा गई। इस दिन, निरीक्षण के दौरान, स्थानीय लोग प्रशासन पर बार-बार असफल होने का आरोप लगाते हुए मंत्री से नाराज दिखे। उनका कहना था कि बांध के बार-बार टूटने के बावजूद प्रशासन स्थायी समाधान नहीं निकाल पा रहा है। इससे घरों और खेतों में बार-बार बाढ़ आ जाती है, जिससे उनकी आजीविका प्रभावित होती है। हाल ही में, एक महिला की मौत भी इस आपदा के कारण हुई। स्थानीय निवासियों ने मांग की कि बाउंड्री को स्थायी रूप से बॉल्डर डालकर मजबूत किया जाए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की आपदा से बचा जा सके। इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए मंत्री बंकिमचंद्र हाजरा ने कहा कि कल ही मुझे इस समस्या के बारे में पता चला कि नारायणगंज में नदी के किनारे मरम्मत का काम चल रहा था, लेकिन दुर्भाग्यवश एक जेसीबी मशीन नदी में गिर गई। चालक को किसी तरह से बचाया जा सका। मैं यहां पहली बार आया हूं और लोगों का आक्रोश स्वाभाविक है क्योंकि पहले कोई जनप्रतिनिधि यहां नहीं आया। मैंने उन्हें समझाने की पूरी कोशिश की और समय मांगा। स्थानीय निवासियों का कहना है कि जब तक प्रशासन स्थायी समाधान नहीं निकालता, वे काम आगे नहीं बढ़ने देंगे।

## अब तक पहाड़, डुआर्स और तराई में 25 चाय बागान बंद

**सिलीगुड़ी :** उत्तर बंगाल में बंद चाय बागानों की संख्या बढ़ने लगी है। फिलहाल, पहाड़, डुआर्स और तराई में कुल 25 उद्यान बंद हैं। इसमें से नौ चाय बागान पिछले तीन महीने में बंद हो चुके हैं। समस्या सबसे ज्यादा देश के चाय उद्योग के प्रतीक कहे जाने वाले दार्जिलिंग के साथ है। इस साल पूजा बोनस को लेकर सात चाय बागान बंद हो गए है। इस साल का प्रोडक्शन सीजन 30 नवंबर से खत्म होने जा रहा है। सर्दियों के मौसम के दौरान बंद बागान खुलेंगे या नहीं इसे लेकर संक्षय बना हुआ है। वर्तमान में बागान बंद होने की सूची में अलीपुरद्वार जिले के ढेकलापाड़ा, लंकापाड़ा, रामझोड़, दलमोर, कलचीनी, रायमातंग, दलसिंगपारा, तोर्शा और महुआ शामिल हैं। अलीपुरद्वार जिले में बंद बागानों की कुल संख्या फिलहाल नौ है। जलपाईगुड़ी जिले के रायपुर और सोनाली चाय बागान बंद हैं। जबकि पहाड़ में धोतेरिया, रंगमुक देवदार, मुंडाकोठी, नागेरी, चोंगटोंग, पानीघाटा, अंबुटिया, सिंगतम, रिंगटोंग, पांडम, पेशाक, सुमक, कुमाई और लॉन्गव्यू बागान बंद है। पहाड़ में कुल मिलाकर 14 चाय बागान बंद है। दार्जिलिंग के सांसद राजू बिष्ट ने केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र भेजकर बंद बागानों पर हस्तक्षेप की मांग की है। दार्जिलिंग तराई-डुवार्स प्लांटेशन लेबर यूनियन के महासचिव सूरज सुब्बा ने कहा, हजारों पहाड़ी श्रमिक खतरे में हैं। मालिकों को बार-बार कहा जाता है कि समस्या कोई भी हो, चर्चा के लिए रास्ता खुला रखें। भारतीय टी वर्कर्स यूनियन के चेयरमैन और अलीपुरद्वार के सांसद मनोज तिग्गा ने कहा, चाय बागानों के प्रति राज्य सरकार का रवैया हमेशा उदासीन रहा है। बंद चाय बागानों की संख्या बढ़ने से वे चिंतित है। तृणमूल चाय बागान श्रमिक यूनियन की केंद्रीय कमेटी के चेयरमैन नकुल सोनार ने कहा कि इस बार सरकार चाय बागान की समस्याओं की पहचान कर उसका हल करेगी। वहीं, यूनियनों का दावा है कि कुछ बागान ऐसे हैं जो खुलने के बाद दो से तीन साल तक नए मालिकों के अधीन चल रहे हैं। उन्हें भूमि के पट्टे नहीं मिले हैं।

# सप्तमी की रात पूजा देखने निकली युवती पार्क स्ट्रीट से लापता, एक सप्ताह बाद भी सुराग नहीं

**कोलकाता, समाज्ञा**

सप्तमी की रात को पूजा देखने के लिए निकली एक युवती पार्क स्ट्रीट से लापता हो गई, और एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसका कोई पता नहीं चला है। परिवार ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है, लेकिन अब तक कोई सुराग हाथ नहीं आया है, जिससे परिवार बेहद चिंतित है। परिवार के अनुसार, लापता युवती का नाम आंचल गुप्ता है, जिसकी उम्र करीब 20 साल है। वह शोभाबाजार इलाके में अपने माता-पिता के साथ रहती है और स्नातक प्रथम वर्ष की छात्रा है। आंचल का एक छोटा भाई भी है, और उसके पिता मूढ़ी का व्यापार करते हैं।

घटना दस अक्टूबर की रात की है, जब आंचल अपनी तीन बहनों के साथ दक्षिण कोलकाता में पूजा देखने गई थी। रात करीब 11 बजे आंचल के साथियों ने उसके घर फोन कर बताया कि वह पार्क स्ट्रीट से लापता हो गई है। आंचल की मां ऊषा गुप्ता ने बताया कि उस रात सभी बहनें एक रेस्टोरेंट में जाने के लिए लाइन में खड़ी थीं, लेकिन जब तीन बहनें रेस्टोरेंट के अंदर गईं, तो आंचल गायब थी। आंचल के लापता होने की शिकायत तुरंत पार्क स्ट्रीट थाने में दर्ज कराई गई, लेकिन पुलिस की कोशिशों के बावजूद एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी उसे ढूंढ़ा नहीं जा सका है। परिवार का शक है कि पड़ोस का एक युवक इस घटना में शामिल हो सकता है, जो अक्सर आंचल को परेशान करता था। पुलिस ने उस युवक को पूछताछ के लिए बुलाया था, लेकिन उसने किसी भी तरह की संलिप्तता से इनकार किया है। जांच कर रहे एक अधिकारी ने बताया कि परिवार ने पहले कहा था कि आंचल मोबाइल फोन इस्तेमाल नहीं करती है, लेकिन रेस्टोरेंट के बाहर लगे सीसीटीवी फुटेज में आंचल को अपने बैग से एक छोटा फोन निकालकर बात करते हुए देखा गया है। उसके बाद उसने फोन वापस रखा और कहीं चली गई।

पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है, लेकिन अभी तक कोई ठोस जानकारी हाथ नहीं लगी है।



## न्यूज इन ब्रीफ

### दीपावली के मौके पर 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर का वितरण शुरू

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार ने दीपावली के मौके पर राज्य के 1.86 करोड़ परिवारों के लिए मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर का वितरण शुरू कर दिया है। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को यहां जारी एक बयान में बताया गया कि इस पहल के लिए 'डबल इंजन सरकार' ने 1,890 करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। राज्य सरकार ने पिछले साल 85 लाख से अधिक महिलाओं सहित 1.85 करोड़ परिवारों को मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर वितरित किये थे। बयान के मुताबिक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत होली और दीपावली के त्योहारों के दौरान राज्य में दो साल से मुफ्त रसोई गैस सिलेंडर वितरित किए जाते हैं।

### याचिका वापस लेने की अर्जी की प्रति सभी पक्षों को उपलब्ध कराएं पूर्व विधायक : उच्च न्यायालय

**लखनऊ :** इलाहाबाद उच्च न्यायालय की लखनऊ पीठ ने बृहस्पतिवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के पूर्व विधायक बाबा गोरखनाथ से कहा कि वह 2022 में मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी (सपा) के नेता अवधेश प्रसाद के निर्वाचन को चुनौती देने वाली याचिका वापस लेने के अनुरोध वाली अपनी अर्जी की प्रति सभी पक्षों को उपलब्ध कराएं और एक सप्ताह के अंदर आधिकारिक राजपत्र में प्रकाशन की कार्रवाई करें। याचिकाकर्ता के वकील संदीप यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि न्यायमूर्ति पंकज भाटिया ने याचिका पर सुनवाई करते हुए याचिका को प्रकाशन के 15वें दिन के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश देते हुए यह बात कही। अदालत ने आदेश में कहा, 'इलाहाबाद उच्च न्यायालय नियमावली-1952 के अध्याय 15 नियम 10 के साथ जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 109 और 110 के तहत निहित प्रावधानों के मद्देनजर याचिकाकर्ता (बाबा गोरखनाथ) द्वारा दायर चुनाव याचिका को वापस लेने का अनुरोध करते हुए एक आवेदन दायर किया गया है।'

# बहराइच: पुलिस से मुठभेड़ में पांच आरोपी गिरफ्तार



**बहराइच (उप्र) :** बहराइच जिले के महाराजगंज इलाके में 13 अक्टूबर को हुई साम्प्रदायिक हिंसा के पांच आरोपी बृहस्पतिवार दोपहर पुलिस से मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिये गये। मुठभेड़ में दो आरोपी घायल भी हुए हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार मुठभेड़ भारत-नेपाल सीमावर्ती नानपारा कोतवाली क्षेत्र में सरयू मुख्य नहर के निकट हाड़ा बसेहरी में हुई है। प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने बताया कि 13 अक्टूबर को महाराजगंज में एक युवक की हत्या मामले में आज बहराइच पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। इनके नाम मोहम्मद फहीम, मोहम्मद तालीम उर्फ सबलू, मोहम्मद सरफराज, अब्दुल हमीद और मोहम्मद अफजाल हैं। पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला ने बताया कि आज पकड़े गये आरोपी नेपाल भागने की फिराक में थे। उन्होंने बताया, 'सरफराज उर्फ रिंकू और तालीम उर्फ सबलू को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उनकी निशानदेही पर पुलिस हत्या में इस्तेमाल हथियारों की बरामदगी के लिए गयी तो वहां हिंसा में इस्तेमाल की गयी 'डबल बैरल' बंदूक रखी थी। वहां एक और अवैध असलहा भी था।' शुक्ला ने दावा किया, 'आरोपियों ने उसी 'डबल बैरल' बंदूक से पुलिस पर गोलियां चलायीं। आत्मरक्षा में पुलिस की ओर से की गई जवाबी कार्रवाई में सरफराज और तालीम को गोली लगी है जिन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया।' उन्होंने कहा, 'बाकी तीन आरोपी अब्दुल हमीद, उसका बेटा फहीम तथा मोहम्मद अफजल को भी गिरफ्तार कर लिया है। इन सभी से पूछताछ के आधार पर अन्य आरोपियों की जानकारी जुटाकर उनकी गिरफ्तारी की कोशिश की जा रही है। जल्द ही वे भी पकड़े जाएंगे।' पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाकी आरोपियों की तलाश में छापेमारी जारी रहेगी। उन्होंने कहा कि जैसे-जैसे जानकारी मिल रही है उनके अनुसार आरोपियों के मददगार या उन्हें संरक्षण देने में जो भी लोग संलिप्त पाए जाएंगे उन सभी के खिलाफ ठोस कार्रवाई की जाएगी। शुक्ला ने कहा कि इस घटना में संलिप्त सभी आरोपियों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत और अन्य ठोस कार्रवाई जल्द अमल में लाई जाएगी। एक अन्य आरोपी राजा उर्फ साहिर उर्फ दानिश को बुधवार दोपहर उस समय धरदबोचा जब वह नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था। पुलिस के अनुसार आज पकड़े गये पांच आरोपियों में से तीन अब्दुल हमीद, सरफराज और फहीम रविवार को दर्ज हत्या के मुकदमे में नामजद हैं जबकि तालीम और अफजाल के नाम जांच में सामने आए थे।

## उप्र सरकार का बड़ा कदम, एआई सीसीटीवी से अभेद्य होगी महाकुंभ की सुरक्षा व्यवस्था



**प्रयागराज/लखनऊ :** उत्तर प्रदेश सरकार प्रयागराज में महाकुंभ 2025 में शामिल होने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) द्वारा संचालित अत्याधुनिक निगरानी प्रणाली शुरू कर रही है। सरकार महाकुंभ-25 को दिव्य, भव्य और नव्य बनाने के लिए युद्धस्तर पर काम कर रही है। महाकुंभ से पहले पूरे शहर को जहां भव्य रूप से सजाने का काम जोरों पर चल रहा है, वहीं दूसरी ओर महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर भी खास इंतजाम किये जा रहे हैं। उप्र सरकार की पुलिस जहां एक तरफ चप्पे-चप्पे पर नजर रखेगी। वहीं, दूसरी ओर प्रौद्योगिकी के जरिये सुरक्षा व्यवस्था को और भी पुख्ता करने की तैयारी चल रही है। इसमें सबसे अहम रोल एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) आधारित सीसीटीवी कैमरे निभाएंगे। सरकार पूरे शहर में 2500 से ज्यादा सीसीटीवी लगाएगी। इनमें एआई आधारित सीसीटीवी कैमरे भी शामिल हैं, जिन्हे सीधे कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। एक बयान के मुताबिक मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हाल ही में प्रयागराज में महाकुंभ के कार्यों की समीक्षा की थी। मेला अधिकारी विजय किरण आनंद ने बताया कि मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को 15 दिसंबर तक सारे काम पूरे करने के निर्देश दिये थे। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करने के निर्देश दिये थे ताकि महाकुंभ के दौरान श्रद्धालुओं को कोई असुविधा न हो। इसके बाद विकास कार्यों ने और तेज रफ्तार पकड़ ली है। इस बार कुंभ में 25 करोड़ लोगों के आने की संभावना है, श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए पार्किंग पर खासा फोकस किया जा रहा है।

## मथुरा में सड़क हादसे में दो बच्चियों समेत पांच लोगों की मौत

**मथुरा (उप्र) :** मथुरा में एक पिकअप ट्रक के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार दो बच्चियों समेत बिहार के पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह घटना कोसीकलां थाना क्षेत्र के कोसी-शेरगढ़ रोड पर नगरिया सतबीस के पास हुई जब मजदूरों को ले जा रहे पिकअप ट्रक के बिजली के खंभे से टकरा जाने से बिजली का तार टूट गया और इससे बचने के लिए मजदूर वाहन से कूद गए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) शैलेश कुमार पांडे ने बताया, 'इस बीच चालक ने वाहन को पीछे मोड़ दिया जिससे सभी लोग वाहन की चपेट में आ गए। पांच लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए।' मृतकों की पहचान गौरी देवी (35), उसकी बेटी कोमल (दो), कुंती देवी (28), उसकी बेटी प्रियंका (दो) और काजल (17) के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि घायलों को पहले कोसीकलां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, लेकिन बाद में उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। उसने बताया कि ये सभी बिहार के रहने वाले थे और ईंट भट्टे पर काम करने के लिए हरियाणा के पलवल जिले के होडल जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि ये सभी ट्रेन से अलीगढ़ आए थे और फिर वहां से पिकअप ट्रक में पलवल जा रहे थे। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश : सपा आठ और कांग्रेस दो सीट पर लड़ेगी उपचुनाव



**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की 10 विधानसभा सीट पर होने वाले उप-चुनाव के लिए 'इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस' (इंडिया) की घटक दल समाजवादी पार्टी (सपा) आठ और कांग्रेस दो सीट पर चुनाव लड़ेगी। कांग्रेस के हिस्से में गाजियाबाद और खैर सीट आई है। सपा के मुख्य प्रवक्ता राजेन्द्र चौधरी ने बृहस्पतिवार को 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि उपचुनाव के लिये हुए समझौते के तहत अलीगढ़ जिले की खैर विधानसभा सीट के साथ-साथ गाजियाबाद सीट पर कांग्रेस अपना उम्मीदवार उतारेगी। वहीं कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि उन्हें अभी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है और कांग्रेस पांच सीट की मांग कर रही थी। इस बीच, सपा ने मीरापुर सीट के उपचुनाव के लिये भी उम्मीदवार की घोषणा कर दी है। पार्टी ने इस सीट पर सुम्बुल राना को प्रत्याशी बनाया है। सपा ने अब तक सात सीट पर अपने प्रत्याशी घोषित कर दिये और दो सीट कांग्रेस के लिये छोड़ दी हैं। प्रदेश की 10 विधानसभा सीटों कटेहरी (अंबेडकर नगर), करहल (मैनपुरी), मिल्कीपुर (अयोध्या), मीरापुर (मुजफ्फरनगर), गाजियाबाद, मझवां (मिर्जापुर), सीसामऊ (कानपुर नगर), खैर (अलीगढ़), फूलपुर (प्रयागराज) और कुंदरकी (मुरादाबाद) पर उपचुनाव होना है। निर्वाचन आयोग ने मंगलवार को अयोध्या जिले की मिल्कीपुर विधानसभा सीट को छोड़कर प्रदेश की 10 खाली विधानसभा सीट में से नौ पर उपचुनाव की घोषणा की थी।

## न्यूज अपडेट

### राजस्थान: महिला ने पांच वर्षीय बेटे की हत्या करने के बाद आत्महत्या की

**जयपुर :** राजस्थान के उदयपुर जिले में एक महिला ने अपने पांच वर्षीय बेटे को फंदे से लटकाने के बाद खुद भी आत्महत्या कर ली। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। फलासिया थानाधिकारी सीताराम ने बताया कि दमाणा गांव की रहने वाली कमला देवी (27) और उसके पांच वर्षीय बेटे हिमांशु का शव बृहस्पतिवार को घर के कमरे में लटका हुआ पाया गया। उन्होंने बताया कि सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शवों को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिये अस्पताल भिजवाया। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार सुबह दोनों का पोस्टमार्टम किया जायेगा। उन्होंने बताया कि प्रारंभिक जांच से पता चला कि महिला का किसी बात को लेकर अपने पति के साथ विवाद हो गया था, जिसके बाद उसने यह कदम उठाया। अधिकारी ने बताया कि ऐसा हो सकता है कि महिला ने पहले अपने बेटे को फंदें से लटकाया और उसके बाद खुद भी फंदे से लटक कर आत्महत्या कर ली।

### झारखंड विधानसभा चुनाव: 43 निर्वाचन क्षेत्रों के लिए शुक्रवार को शुरू होगी नामांकन प्रक्रिया

**रांची :** झारखंड में पहले चरण के तहत 13 नवंबर को 43 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया शुक्रवार को शुरू होगी। निर्वाचन आयोग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नामांकन पत्र 25 अक्टूबर तक दाखिल किये जा सकेंगे। नामांकन प्रक्रिया पूर्वाह्न 11 बजे शुरू होगी और अपराह्न तीन बजे समाप्त होगी। झारखंड में दो चरण में विधानसभा चुनाव होंगे। पहले चरण में 13 नवंबर जबकि दूसरे चरण में 20 नवंबर को मतदान होगा। मतगणना 23 नवंबर को होगी। झारखंड के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) के. रवि कुमार ने कहा, 13 नवंबर को 43 विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया कल से शुरू होगी। उम्मीदवार छुट्टी वाले दिनों को छोड़कर पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न तीन बजे के बीच नामांकन दाखिल कर सकेंगे। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के चुनाव के लिए नामांकन पत्रों की जांच की तिथि 28 अक्टूबर है, जबकि नाम वापस लेने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर तय की गई है।

### भाजपा दंगे कराने, फूट डालने और राज करने की नीति पर काम कर रही है : संजय सिंह

**लखनऊ :** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में हुई साम्प्रदायिक हिंसा की हालिया घटना को लेकर बृहस्पतिवार को राज्य सरकार पर निशाना साधा और कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 'दंगे कराने, फूट डालने और राज करने' की नीति पर काम कर रही है। सिंह ने 'पीटीआई-वीडियो' से बातचीत में कहा, 'जब भी भाजपा चुनावी राजनीति में कमजोर पड़ती है तो वह दंगे कराती है। यहां भाजपा दंगे कराने, फूट डालने और राज करने की नीति पर चल रही है।' उन्होंने कहा, 'यह उत्तर प्रदेश में (लोकसभा चुनावों में) करारी हार के बाद उपचुनाव से पहले भाजपा की तैयारी मात्र है। मुझे लगता है कि इस राज्य के लोग और इस राज्य के युवा यह महसूस कर रहे हैं कि उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।'

### झारखंड में झामुमो के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी कांग्रेस, 19 अक्टूबर के बाद पहली सूची जारी होगी: मीर

**रांची :** कांग्रेस झारखंड विधानसभा चुनाव झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के साथ गठबंधन में लड़ेगी और सीट बंटवारे पर जल्द ही अंतिम फैसला होने की उम्मीद है। पार्टी के एक वरिष्ठ नेता ने बृहस्पतिवार को इसकी जानकारी दी। कांग्रेस महासचिव और झारखंड के प्रभारी गुलाम अहमद मीर ने कहा कि कांग्रेस उम्मीदवारों की पहली सूची 19 अक्टूबर के बाद जारी की जाएगी। झारखंड में चुनाव 13 नवंबर और 20 नवंबर को दो चरणों में होंगे, जबकि मतों की गिनती 23 नवंबर को होगी। मीर ने कहा, '2019 की तरह, हम राज्य में अपने गठबंधन सहयोगियों के साथ विधानसभा चुनाव लड़ेंगे।

# समीक्षा व्यापार

## शेयर बाजार में लगातार तीसरे दिन गिरावट, सेंसेक्स 495 अंक टूटकर दो माह के निचले स्तर पर



**मुंबई:** विदेशी कोषों की निकासी जारी रहने और कुछ प्रमुख कंपनियों के शेयरों में बिकवाली के दबाव में घरेलू शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को लगातार तीसरे दिन गिरावट रही। बीएसई सेंसेक्स 495 अंक लुढ़कते हुए दो महीनों के निचले स्तर पर बंद हुआ जबकि एनएसई निफ्टी ने 221 अंक का गोता लगाया। विश्लेषकों ने कहा कि चुनिंदा बैंक, वाहन और रियल्टी कंपनियों के शेयरों में भारी बिकवाली ने बाजार की धारणा को नकारात्मक रूप से प्रभावित किया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 494.75 अंक यानी 0.61 प्रतिशत गिरकर 81,006.61 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 595.72 अंक तक फिसलकर 80,905.64 अंक पर आ गया था। सेंसेक्स में चौतरफा गिरावट रही और इसके 30 में से 21 शेयर नुकसान के साथ बंद हुए। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 221.45 अंक यानी 0.89 प्रतिशत की गिरावट के साथ 24,749.85 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की कंपनियों में नेस्ले में तीन प्रतिशत से भी अधिक की गिरावट आई। दैनिक उपभोग के सामान (एफएमसीजी) बनाने वाली नेस्ले का दूसरी तिमाही में शुद्ध लाभ 0.94 प्रतिशत की गिरावट के साथ 899.49 करोड़ रुपये रहने से इसके शेयरों में जबर्दस्त बिकवाली देखी गई। इसके अलावा महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फिनसर्व, टाइटन, मारुति सुजुकी, एक्सिस बैंक और टाटा स्टील के शेयर भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, इन्फोसिस, पावर ग्रिड, लार्सन एंड टुब्रो और भारतीय स्टेट बैंक के शेयरों में तेजी रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा,'वाहन, रियल्टी, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और वित्त क्षेत्रों में चौतरफा बिकवाली होने से घरेलू बाजार को खासी गिरावट का सामना करना पड़ा। त्योहारी मौसम में बिक्री कमजोर रहने के अनुमान, एनपीए बढ़ने और ऋण वृद्धि सुस्त रहने से बिकवाली का जोर रहा। दूसरी तिमाही में कमजोर नतीजे भी बाजार धारणा को प्रभावित कर रहे हैं।'

## रतन टाटा को श्रद्धांजलि के साथ शुरू हुआ इन्फोसिस का दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा का कार्यक्रम




**नयी दिल्ली:** सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) कंपनी इन्फोसिस के दूसरी तिमाही के नतीजों की घोषणा के लिए आयोजित कार्यक्रम की शुरुआत मंगलवार को दिवंगत रतन टाटा को भावभीनी श्रद्धांजलि के साथ हुई। इस दौरान कंपनी ने अक्टूबर, 2001 में अपने विशाल परिसर में उनकी यात्रा की झलकियां और यादें साझा कीं। टाटा ने उस समय इन्फोसिस के परिसर में लगभग पूरा दिन बिताया था और इस अवसर पर एक पेड़ भी लगाया था। पिछले कुछ वर्षों में यह पेड़ फल-फूल रहा है, जो 'इन्फोसिस' के लोगों को इस दिग्गज उद्योगपति के मूल्यों और उनकी समृद्ध विरासत की याद दिलाता है। इन्फोसिस के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) एवं प्रबंध निदेशक (एमडी) सलिल पारेख ने वीडियो के माध्यम से श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद अपने भाषण में कहा, रतन टाटा ने हमारे देश पर एक अमिट छाप छोड़ी है, और वास्तव में हम सभी के लिए बड़े सपने देखने और जमीन से जुड़े रहने का अवसर प्रदान किया है। हम सभी को उनकी कमी खलेगी।

## न्यूज अपडेट

### सोना 450 रुपये के उछाल के साथ 79,000 रुपये के पार, चांदी स्थिर

**नयी दिल्ली:** आभूषण विक्रेताओं और स्टॉकिस्टों की सतत लिवाली से बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना 450 रुपये की तेजी के साथ एक नये रिकॉर्ड स्तर 79,350 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी। बुधवार को पिछले सत्र में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 78,900 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। लगातार दूसरे दिन तेजी के साथ 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 450 रुपये चढ़कर 78,950 रुपये प्रति 10 ग्राम की नई ऊंचाई पर पहुंच गया। हालांकि, चांदी 93,500 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रही।

### कमजोर नतीजों के बाद बजाज ऑटो का शेयर 13 प्रतिशत टूटा, बाजार पूंजीकरण 41,665.54 करोड़ रुपये घटा

**नयी दिल्ली:** देश की प्रमुख दोपहिया विनिर्माता बजाज ऑटो का शेयर बृहस्पतिवार को 13 प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। इससे कंपनी का बाजार पूंजीकरण एक ही दिन में 41,665.54 करोड़ रुपये घट गया। बजाज ऑटो के कमजोर तिमाही नतीजों से इसके शेयरों में भारी बिकवाली शुरू हुई और यह सिलसिला कारोबार खत्म होने तक जारी रहा। इससे कंपनी का शेयर 13 प्रतिशत से अधिक गिर गया। कंपनी ने 30 सितंबर, 2024 को समाप्त जुलाई-सितंबर तिमाही के लिए एकीकृत शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 31 प्रतिशत घटकर 1,385 करोड़ रुपये रहने की सूचना दी है। इसके पीछे कंपनी ने खर्चों में बढ़ोतरी और स्थगित कर के लिए प्रावधान बढ़ने को जिम्मेदार बताया।

### भारतीय विमानन कंपनियां शीतकालीन सत्र में 25,007 साप्ताहिक उड़ानें करेंगी संचालित

**नयी दिल्ली:** भारतीय विमानन कंपनियां 27 अक्टूबर से शुरू हो रहे शीतकालीन सत्र में 124 हवाई अड्डों से हर सप्ताह 25,007 उड़ानें संचालित करेंगी। विमानन नियामक डीजीसीए ने यह जानकारी दी। नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) के अनुसार, ग्रीष्मकालीन सत्र में 125 हवाई अड्डों से प्रति सप्ताह 24,275 उड़ाने संचालि की गई थीं। शीतकालीन सत्र में संचालित होने वाली उड़ानों की संख्या इनसे तीन प्रतिशत अधिक हैं। शीतकालीन सत्र 2023 की तुलना में उड़ानों की संख्या में 5.37 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। शीतकालीन सत्र 27 अक्टूबर 2024 से 29 मार्च 2025 तक है। डीजीसीए ने बृहस्पतिवार को प्रेस विज्ञप्ति में कहा,' इन 124 हवाई अड्डों में से पुदुच्चेरी हवाई अड्डे को अनुसूचित विमानन कंपनियों द्वारा प्रस्तावित किया गया, जबकि पाक्योंग तथा तेजपुर हवाई अड्डे को शीतकालीन अनुसूची 2024 से निकाल दिया गया है।' शीतकालीन सत्र में 124 हवाई अड्डों से प्रति सप्ताह 25,007 उड़ाने रवाना होंगी।

### रिलायंस की मदरकेयर के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा

**नयी दिल्ली:** भारत की अग्रणी खुदरा विक्रेता कंपनी रिलायंस रिटेल वेंचर्स लिमिटेड ने माता-पिता और छोटे बच्चों के लिए उत्पादों के क्षेत्र में वैश्विक विशेषज्ञ मदरकेयर पीएलसी के साथ संयुक्त उद्यम बनाने की घोषणा की है। रिलायंस ब्रांड्स लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली अनुषंगी कंपनी रिलायंस ब्रांड्स होल्डिंग यूके लिमिटेड (आरबीएल यूके) संयुक्त उद्यम बनाएगी, जो मदरकेयर ब्रांड और भारत तथा पड़ोसी बाजारों- नेपाल, श्रीलंका, भूटान और बांग्लादेश से संबंधित इसकी बौद्धिक संपदा परिसंपत्तियों का स्वामित्व रखेगी। बृहस्पतिवार को जारी संयुक्त बयान के अनुसार, समझौते के तहत, आरबीएल यूके संयुक्त उद्यम में 51 प्रतिशत हिस्सेदारी रखेगी, जबकि मदरकेयर ग्लोबल ब्रांड लिमिटेड शेष 49 प्रतिशत हिस्सेदारी अपने पास रखेगी। आरबीएल यूके 1.6 करोड़ पाउंड की नकद कीमत पर हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। बयान के अनुसार, यह संयुक्त उद्यम निर्दिष्ट दक्षिण एशियाई क्षेत्रों में मदरकेयर ब्रांड की फ्रेंचाइजी के रूप में कार्य करेगा, जिससे दोनों संगठनों की ताकत का लाभ उठाते हुए वृद्धि के नए अवसर खुलेंगे।

## भारत की लॉजिस्टिक लागत दो साल में घटकर जीडीपी के नौ प्रतिशत पर आ जाएगी: गडकरी



**नयी दिल्ली:** केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की 'लॉजिस्टिक' लागत अगले दो वर्षों में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के नौ प्रतिशत तक आ जाएगी, क्योंकि मंत्रालय कई राजमार्गों तथा एक्सप्रेसवे का निर्माण कर रहा है। नीति आयोग द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में गडकरी ने कहा, दो साल के भीतर हम अपनी लॉजिस्टिक लागत घटाकर नौ प्रतिशत तक करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि वर्तमान में भारत में लॉजिस्टिक लागत 14 प्रतिशत है, जबकि प्रमुख यूरोपीय देशों तथा अमेरिका में लॉजिस्टिक लागत करीब 12 प्रतिशत है। मंत्री ने बताया कि चीन में लॉजिस्टिक लागत लगभग आठ प्रतिशत है। आर्थिक शोध संस्थान 'नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकनॉमिक रिसर्च' (एनसीएईआर) के अनुमानों के अनुसार, वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत में लॉजिस्टिक लागत सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के 7.8 प्रतिशत से 8.9 प्रतिशत के बीच थी। वहीं आर्थिक समीक्षा 2022-23 के अनुसार, यह सकल घरेलू उत्पाद का 14-18 प्रतिशत है, जो वैश्विक मानक करीब आठ प्रतिशत से काफी अधिक है। गडकरी ने कहा कि भारत के लिए वैकल्पिक ईंधन और जैव ईंधन के निर्यात की अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि निम्न गुणवत्ता वाले कोयले का इस्तेमाल मेथनॉल बनाने के लिए किया जा सकता है। मंत्री ने कहा कि भारत जैव ईंधन, खासकर मेथनॉल के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति कर रहा है। गडकरी ने साथ ही कहा कि उनका लक्ष्य भारतीय वाहन उद्योग को विश्व में पहले स्थान पर लाना है। उन्होंने कहा कि भारत पिछले वर्ष जापान को पीछे छोड़कर दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा वाहन बाजार बन गया था और केवल अमेरिका तथा चीन से पीछे है। गडकरी ने कहा कि भारत के वाहन उद्योग का आकार 2014 में 7.5 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024 में 18 लाख करोड़ रुपये हो गया है। सबसे ज्यादा नौकरियां इसी उद्योग में पैदा हो रही हैं। मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि सड़क निर्माण में पुनर्चक्रण (रीसाइकिल) किए गए टायर पाउडर तथा प्लास्टिक जैसी सामग्रियों का इस्तेमाल किया जा रहा है। इससे डामर के आयात में कमी लाने में मदद मिलती है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि फसल अपशिष्ट का इस्तेमाल करने की पहल देशभर के किसानों की आय बढ़ाने में कैसे मदद कर रही है। गडकरी ने पंजाब और हरियाणा में पराली जलाने की समस्या पर भी बात की। उन्होंने कहा, अभी हम पराली का पांचवां हिस्सा ही संसाधित कर सकते हैं, लेकिन बेहतर योजना के साथ हम पराली को वैकल्पिक ईंधन के लिए कच्चे माल के रूप में इस्तेमाल कर इससे होने वाले वायु प्रदूषण को कम कर सकते हैं।

### शहरी गैस वितरण कंपनियों को मिलने वाली घरेलू गैस में सरकार ने कटौती की

**नयी दिल्ली:** सरकार ने वाहनों को सीएनजी की बिक्री करने वाली शहरी गैस वितरण कंपनियों को सस्ती गैस की आपूर्ति में पांचवें हिस्से तक की कटौती कर दी है। इससे महंगे आयातित ईंधन पर उनकी निर्भरता बढ़ जाएगी। सस्ती गैस में आई कमी की भरपाई के लिए कंपनियों को महंगी आयातित गैस खरीदनी होगी जिससे उनके द्वारा आपूर्ति की जाने वाली सीएनजी की कीमतें बढ़ सकती हैं। हालांकि, सीएनजी कीमतों में बढ़ोतरी को महाराष्ट्र एवं झारखंड में होने जा रहे विधानसभा चुनावों तक टाला जा सकता है। इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड (आईजीएल) और महानगर गैस लिमिटेड ने शेयर बाजारों को सूचित किया है कि घरेलू स्तर पर उत्पादित गैस की आपूर्ति, जो आयातित कीमत की आधी कीमत पर उपलब्ध थी, में कटौती कर दी गई है।

## भारत 2030 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर: एसएंडपी

**नयी दिल्ली:** भारत 2030 तक तीसरी सबसे बड़ी वैश्विक अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। रेटिंग एजेंसी एसएंडपी ग्लोबल रेटिंग्स ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। एजेंसी ने हालांकि कहा कि बढ़ती जनसंख्या बुनियादी सेवा का दायरा बढ़ाने में बढ़ती चुनौतियों को प्रस्तुत करती है और उत्पादकता बनाए रखने के लिए निवेश की बढ़ती जरूरतें भी सामने आती हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि उभरती अर्थव्यवस्थाओं की अगले दशक और उससे आगे के लिए उच्च महत्वाकांक्षाएं हैं। वर्तमान में 3,600 अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था भारत का लक्ष्य 2047 तक 30 हजार अरब डॉलर की अर्थव्यवस्था बनना है। भारत इस समय दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। एसएंडपी ने कहा, भारत अगले तीन साल में सबसे तेजी से बढ़ने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है और 2030 तक वैश्विक स्तर पर तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। निवेश बैंकिंग कंपनी जेपी मॉर्गन के 'सरकारी उभरते बाजार बॉन्ड सूचकांक' में 2024 में इसका प्रवेश अतिरिक्त सरकारी वित्तपोषण प्रदान कर सकता है और घरेलू पूंजी बाजारों में महत्वपूर्ण संसाधनों तक पहुंच बना सकता है। एसएंडपी ने अपनी 'उभरते बाजारों पर भविष्य की नजर: एक निर्णायक दशक' रिपोर्ट में कहा कि उभरते बाजार अगले दशक में वैश्विक अर्थव्यवस्था को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। जहां 2035 तक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की औसत वृद्धि दर 4.06 प्रतिशत रहेगी, वहीं उन्नत अर्थव्यवस्थाओं के लिए यह दर 1.59 प्रतिशत रहेगी। साल 2035 तक उभरते बाजार वैश्विक आर्थिक वृद्धि में लगभग 65 प्रतिशत का योगदान देंगे। इस वृद्धि में मुख्य रूप से एशिया-प्रशांत क्षेत्र की उभरती अर्थव्यवस्थाओं का योगदान होगा। इनमें चीन, भारत, वियतनाम और फिलिपीन शामिल हैं।

## न्यूज इन ब्रीफ

### मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले में दो समूहों के बीच गोलीबारी, कोई हताहत नहीं

**इंफाल :** मणिपुर के इंफाल पश्चिम जिले के कोत्रुक गांव में बृहस्पतिवार को दो समूहों के बीच गोलीबारी हुई। पुलिस ने यह जानकारी दी। यह घटना ऐसे वक्त हुई है जब दिल्ली में मेइती और कुकी समुदायों के विधायकों के बीच संघर्ष का शांतिपूर्ण समाधान निकालने के लिए हुई बातचीत को 48 घंटे भी नहीं हुए हैं। पुलिस ने बताया कि सशस्त्र हमलावरों ने कांगपोकपी जिले की पहाड़ियों से निचले इलाके कोत्रुक गांव पर हमला किया, जिसके बाद गांव के स्वयंसेवकों ने जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी के बाद स्थिति को नियंत्रित करने और व्यवस्था बहाल करने के लिए बड़ी संख्या में सुरक्षा बलों को तैनात किया गया।

### महाराष्ट्र में 288 में से 200 सीट को लेकर एमवीए में सहमति बन चुकी है: पवार

**पुणे :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) के प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) के तीनों सहयोगी दलों के बीच महाराष्ट्र में अगले महीने होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए कुल 288 में से 200 सीट पर आम सहमति बन चुकी है। एमवीए में राकांपा (एसपी), कांग्रेस और शिवसेना (यूबीटी) शामिल हैं। महाराष्ट्र के सतारा जिले के कराड में पत्रकारों से बात करते हुए पवार ने कहा कि हरियाणा चुनाव के नतीजे का महाराष्ट्र के चुनाव पर कोई असर नहीं पड़ेगा। हरियाणा में कांग्रेस को भाजपा से हार का सामना करना पड़ा है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, सीट-बंटवारे की चर्चा में मैं सीधे तौर पर शामिल नहीं हूं। (राकांपा-एसपी की प्रदेश इकाई के प्रमुख) जयंत पाटिल वार्ता में हमारी पार्टी का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। उनसे मिली जानकारी के अनुसार, कुल 288 सीट में से लगभग 200 पर सहमति बन गई है।

### सरकार ने शत्रु संपत्तियों के निस्तारण के लिए दिशा-निर्देशों में संशोधन किया

**नयी दिल्ली :** केंद्र ने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित एक करोड़ रुपये से कम मूल्य की शत्रु संपत्ति और शहरी क्षेत्रों में स्थित पांच करोड़ रुपये से कम मूल्य की शत्रु संपत्ति के निस्तारण के लिए दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। पाकिस्तान और चीन की नागरिकता लेने वाले लोगों द्वारा छोड़ी गई संपत्ति - ज्यादातर 1947 और 1962 के बीच - शत्रु संपत्ति कहलाती है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने एक अधिसूचना में कहा है कि ग्रामीण क्षेत्र में एक करोड़ रुपये से कम और शहरी क्षेत्र में पांच करोड़ रुपये से कम मूल्य की शत्रु संपत्ति का निस्तारण करते समय संरक्षक को पहले अधिभोगी को खरीद का प्रस्ताव देना होगा और यदि वह खरीद के प्रस्ताव को अस्वीकार कर देता है तो शत्रु संपत्ति का निस्तारण पहले से निर्धारित मानदंडों के अनुसार किया जाएगा, अर्थात निविदा आमंत्रित करके या सार्वजनिक कार्रवाई करके।

### सलमान खान की हत्या की साजिश मामले में हरियाणा से बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**मुंबई :** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान की हत्या की कथित साजिश के सिलसिले में नवी मुंबई पुलिस ने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के एक सदस्य को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुक्खा उर्फ सुखबीर बलबीर सिंह को पनवेल टाउन पुलिस (नवी मुंबई) की एक टीम ने बुधवार को हरियाणा के पानीपत से पकड़ा। अधिकारी ने कहा कि सुखबीर ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को खान को कथित तौर पर मारने की सुपारी दी थी। उन्होंने कहा कि सुखबीर पाकिस्तान में बैठे अपने कथित आका डोगर के संपर्क में था। अधिकारी ने कहा कि सिंह ने बिश्नोई गिरोह के सदस्यों के साथ सलमान खान को मारने की कथित साजिश को अंजाम देने के लिए पाकिस्तान से एके-47, एम16 और एके92 जैसे हथियारों का इस्तेमाल करने की योजना बनाई थी। पुलिस ने कहा कि उसे नवी मुंबई लाने के बाद अदालत में पेश किया जाएगा।

# सैनी ने हरियाणा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, भाजपा ने किया शक्ति परीक्षण

**चंडीगढ़ :** हरियाणा विधानसभा चुनाव में भाजपा की जीत के नायक बने नायब सिंह सैनी ने बृहस्पतिवार को एक भव्य समारोह में राज्य के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के कई नेता मौजूद रहे। राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को ओबीसी नेता सैनी और 13 अन्य मंत्रियों को शपथ दिलाते हुए देखने के लिए हजारों लोग पंचकूला के दशहरा मैदान में जमा हुए थे। इस समारोह के लिए वाल्मीकि जयंती का दिन चुनकर और अपने शासन वाले राज्यों के मुख्यमंत्रियों, मंत्रियों और राजग सहयोगियों के लिए मंच सजाकर




भाजपा ने एक साथ दो-दो संदेश दिए। ऋषि-कवि वाल्मीकि हिंदू महाकाव्य रामायण के रचयिता हैं और विशेष रूप से दलितों के बीच पूजनीय हैं। प्रधानमंत्री ने सैनी और उनके मंत्रिमंडल सहयोगियों को शपथ ग्रहण करने पर बधाई दी और उनकी टीम को सुशासन व अनुभव का अद्भुत मिश्रण बताया। उन्होंने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, 'यह सरकार लोगों के सपनों को साकार करेगी और राज्य के विकास को नई ऊंचाई पर ले जाएगी।' मोदी ने कहा, 'मुझे विश्वास है कि डबल इंजन की सरकार गरीबों, किसानों, युवाओं और महिलाओं के अलावा समाज के अन्य सभी वर्गों की सेवा में कोई कसर नहीं छोड़ेगी।' सैनी ने भाजपा की जीत के लिए हरियाणा के 2.8 करोड़ लोगों और प्रधानमंत्री को उनके प्रेरणादायक नेतृत्व के लिए धन्यवाद दिया। सैनी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''तीसरी बार बनी भाजपा की सरकार सुशासन, समानता और गरीबों के कल्याण के लिए पूरी ऊर्जा से काम करेगी।''

## असम: दीमा हसाओ में अगरतला-लोकमान्य टर्मिनल एक्सप्रेस के आठ डिब्बे पटरी से उतरे

**गुवाहाटी/दिल्ली :** असम के दीमा हसाओ जिले के डिबालोंग स्टेशन पर अगरतला-लोकमान्य तिलक टर्मिनल एक्सप्रेस के आठ डिब्बे बृहस्पतिवार अपराह्न में पटरी से उतर गए। पूर्वोत्तर सीमांत रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने 'एक्स' पर कहा, ''कोई हताहत नहीं हुआ है और सभी यात्री सुरक्षित हैं। हम रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं और एक राहत ट्रेन जल्द ही घटनास्थल पर पहुंच जाएगी।'' पटरी से उतरे डिब्बों में ट्रेन की पावर कार और इंजन शामिल हैं। अधिकारियों ने भी बताया कि अब तक किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। एनएफ रेलवे के प्रवक्ता ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा कि अपराह्न 3.55 बजे हुई इस दुर्घटना के कारणों की जांच की जा रही है और इसका पता लगाने में



कुछ समय लगेगा। उन्होंने कहा कि ट्रेन के यात्रियों को एक अलग ट्रेन में स्थानांतरित कर अगले स्टेशन पर ले जाया जाएगा। अधिकारियों ने बताया कि बचाव और बहाली कार्य की निगरानी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों के साथ लुमडिंग से दुर्घटना राहत चिकित्सा ट्रेन पहले ही घटनास्थल के लिए रवाना हो चुकी है। उन्होंने बताया कि लुमडिंग-बदरपुर एकल लाइन पहाड़ी खंड पर कई ट्रेन का परिचालन स्थगित कर दिया गया है। ट्रेन के बेपटरी होने की घटना के बाद एनएफ रेलवे ने गुवाहाटी-न्यू जलपाईगुड़ी स्पेशल ट्रेन और रंगिया-सिलचर-रंगिया एक्सप्रेस को बृहस्पतिवार और शुक्रवार के लिए रद्द कर दिया। इस बीच, अगरतला-फिरोजपुर कैंट एक्सप्रेस को बदरपुर में, सबरूम-सियालदह कंचनजंगा एक्सप्रेस को माईबोंग में और दुल्लाबचेरा-गुवाहाटी एक्सप्रेस को न्यू हाफलॉग में रोक दिया गया है।

## सीबीआई ने चीनी वीजा भ्रष्टाचार मामले में कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया

**नयी दिल्ली :** केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने कांग्रेस सांसद कार्ति चिदंबरम और अन्य के खिलाफ 2011 में एक बिजली कंपनी के लिए चीनी नागरिकों को वीजा दिलाने में कथित रिश्वतखोरी के संबंध में आरोप पत्र दायर किया है। उस समय उनके पिता पी. चिदंबरम केंद्रीय गृह मंत्री थे। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यहां एक विशेष अदालत के समक्ष पेश अपने आरोपपत्र में सीबीआई ने शिवगंगा लोकसभा सीट से सांसद कार्ति चिदंबरम, उनके कथित करीबी सहयोगी एस. भास्कररमन, वेदांता की सहायक कंपनी तलवंडी साबो पावर लिमिटेड (टीएसपीएल) और मुंबई स्थित बेल टूल्स का नाम लिया है, जिसके जरिए कथित तौर पर रिश्वत दी गई थी। अधिकारियों ने बताया कि एजेंसी ने भारतीय दंड संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के तहत आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और जालसाजी के आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि आरोप-पत्र में शामिल अन्य आरोपियों में वी. मेहता, अनूप अग्रवाल, मंसूर सिद्दीकी और चेतन श्रीवास्तव शामिल हैं।

## जेलों में भीड़ कम करने के लिये कदम उठाएं राज्य और केंद्र शासित प्रदेश : गृह मंत्रालय

**नयी दिल्ली : :** केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सभी राज्यों से विचाराधीन कैदियों को राहत प्रदान करने और जेलों में भीड़भाड़ कम करने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023 के एक विशिष्ट प्रावधान के कार्यान्वयन सहित कदम उठाने को कहा है। गृह मंत्रालय ने राज्यों को भेजे पत्र में कहा है कि जेलों में अत्यधिक भीड़, विशेषकर विचाराधीन कैदियों की बड़ी संख्या का मुद्दा सरकार के लिए चिंता का विषय रहा है। उसने कहा कि विचाराधीन कैदियों के लंबी अवधि तक हिरासत में रहने और उनकी कठिनाइयों के मुद्दे के समाधान के लिए वह विभिन्न प्रगतिशील कदम उठा रहा है, जिसमें जेलों से रिहाई चाहने वाले ऐसे कैदियों को राहत प्रदान करने के लिए राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को वित्तीय सहायता प्रदान करना भी शामिल है। मंत्रालय ने कहा कि बीएनएसएस की धारा 479 (1), जो एक जुलाई 2024 से लागू हो गई है, ऐसी राहत प्रदान करती है। धारा 79 के अनुसार यदि किसी विच-ाराधीन कैदी को कानून के तहत उसके अपराध के लिए निर्धारित अधिकतम कारावास की आधी अवधि तक हिरासत में रखा गया है तो उसे अदालत द्वारा जमानत पर रिहा कर दिया जाएगा। अधिकतम सजा मृत्युदंड या आजीवन कारावास में हालांकि राहत उपलब्ध नहीं है। बीएनएसएस की धारा 479 (1) के अंतर्गत एक नया प्रावधान जोड़ा गया है, जो इस प्रकार है: 'बशर्ते कि जहां ऐसा व्यक्ति पहली बार अपराधी है (जिसे अतीत में कभी किसी अपराध के लिए दोषी नहीं ठहराया गया है) तो उसे न्यायालय द्वारा बॉण्ड पर रिहा कर दिया जाएगा, यदि वह उस कानून के तहत ऐसे अपराध के लिए निर्दिष्ट कारावास की अधिकतम अवधि के एक-तिहाई तक की अवधि के लिए हिरासत में रहा हो।'

## न्यूज अपडेट

### केंद्रीय संस्थानों ने सरकार के पहले 100 दिनों में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की



**कोलकाता :** सी-सीआरएएस-सीएअ-ारआई कोलकाता, आयुष मंत्रालय के अंतर्गत, आयुष मंत्रालय के 100-दिवसीय मील के पत्थर को गर्व से मना रहा है। जिसमें कई उल्लेखनीय उपलब्धियां शामिल है। प्रमख उपलब्धियों में डबल्यूएचओ के साथ एक दाता समझौता, वियतनाम और मलेशिया के साय पारंपरिक चिकित्सा और आयुर्वेदिक अनुसंघान को बढ़ावा देने के लिए एमओयू और हर्बल औषधियों को मानकीकृत करने के लिए वन हर्ब,वन स्टैंडर्ड पहल का शुभारंभ शामिल हैं। मंत्रालय ने तहसील स्तर पर विशेष आयुष औषधि स्टोर स्थापित किए हैं। 1 हजार से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों को एनएबीएच प्रमाणन प्रदान किया हैं, और हर घर आयुरयोग अभियान शुरू किया है, साथ ही बुजुर्गों के लिए 14 हजार से अधिक स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया है। इसमें 40 से अधिक आईएमआर परियोजनाएं और आईआईटी और एनआईपीइआर जैसे शीर्ष संस्थानों के साथ अनुसंधान सहयोग शामिल हैं। संस्यान ईएमआरएस और एसस-एसपी जैसी आयुर्वेद मोबाइल हेल्थकेयर कार्यक्रमों , स्वास्थ्य, रक्तदान और जागरूकता शिविरों जैसे फार्माकोविजिलेंस, पोषण माह, स्वच्छता पखवाड़ा और हिंदी पखवाड़ा के माध्यम से व्यापक जनसंपर्क करता है। हाल ही में, मंथन 2024 के दौरान, पूरे भारत के सीसीआरएएस के सभी परिधीय इकाई प्रमुखों ने सी-सीआरएएस के डीजी, डीडीजी और डीडीए की उपस्थिति में अपनी दृष्टि और प्रगति साझा करने के लिए सीएआरआई कोलकाता में बैठक की। सीएआरआई के अनुसंघान, क्लिनिकल सेवाओं और औषधि निर्माण में समन्वित प्रयास आयुष स्वास्थ्य देखभाल को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं। इन उपलब्धियों को प्रदर्शित करने और समग्र स्वास्थ्य और कल्याण में सीएआरआईके योगदान को उजागर करने के लिए एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया है।

### असम में हाथियों के झुंड को बचाने के लिए लोको पायलट ने ट्रेन रोकी

**मालीगांव :** 16 अक्टूबर, 2024 की एक घटना में ट्रेन संख्या 15959 कामरूप एक्सप्रेस के लोको पायलट श्री जे. डी. दास और सहायक लोको पायलट श्री उमेश कुमार ने हावाईपुर और लामसाखांग स्टेशन के बीच कि.मी. 166/8 - 167/0 पर हाथियों के झुंड को रेल पटरी पार करते हुए देखा। ट्रेन गुवाहाटी से लामडिंग की ओर जा रही थी। यह घटना रात करीब 20:37 बजे की है। सतर्क लोको पायलट और सहायक लोको पायलट ने आपातकालीन ब्रेक लगाए और लगभग 60 जंगली हाथियों को ट्रेन की टक्कर से बचाया। ट्रेन के पायलटों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंट्रुशन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) द्वारा सतर्क किया गया था, जो इस सेक्शन में कार्यान्वित है। पू. सी. रेलवे ने अपने क्षेत्राधिकार के अधीन अन्य सभी हाथी गलियारों में भी धीरे-धीरे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित इंट्रुशन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) स्थापित करने की योजना बनाई है। यह प्रणाली पहले भी रेलवे ट्रैक पर पहुँचने वाले कई हाथियों की जान बचाने में काफी सफल रही है।इंट्रुशन डिटेक्शन सिस्टम (आईडीएस) हाथियों की रक्षा और ट्रेन परिचालन की गतिशीलता में सुधार के लिए एक पर्यावरण-स्थायी समाधान है। यह प्रणाली आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर आधारित है और संबंधित स्थानों पर वन्य जीवों की पहचान के लिए मौजूदा ऑप्टिकल फाइबर का इस्तेमाल सेंसर के तौर पर किया जाता है। इसके बाद नियंत्रण कार्यालयों, स्टेशन मास्टर, गेटमैन और लोको पायलटों को सतर्क किया जाता है। यह ट्रैक पर हाथियों की वास्तविक समय पर उपस्थिति की सूचना देने के लिए डायलिसिस स्कैटरिंग फेनोमेनॉन के सिद्धांत पर कार्य करने वाले फाइबर ऑप्टिक आधारित ध्वनिक प्रणाली का उपयोग करता है। एआई आधारित सॉफ्टवेयर मुख्य इकाई के दोनों ओर 40 कि.मी. (यानी 80 कि.मी. के कुल क्षेत्र) तक असामान्य गतिविधियों की निगरानी कर सकता है।

## बाबा सिद्दीकी हत्याकांड: मुंबई पुलिस ने तीन आरोपियों के खिलाफ लुकआउट सर्कुलर जारी किया

**मुंबई :** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या की जांच कर रही मुंबई पुलिस ने मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम समेत तीन आरोपियों के खिलाफ 'लुकआउट सर्कुलर' (एलओसी) जारी किया है, ताकि उन्हें देश से भागने से रोका जा सके। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एलओसी में नामजद अन्य दो आरोपी ''सह-षड्यंत्रकारी'' शुभम लोणकर और हमलावरों का संदिग्ध आका मोहम्मद जीशान अख्तर है। अधिकारी ने कहा कि आरोपियों को पकड़ने के लिए मुंबई पुलिस की अपराध शाखा के दलों को देश के विभिन्न हिस्सों में भेजा गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों के देश



से भागने की आशंका के चलते एलओसी जारी किया गया है। परिपत्र के अनुसार, उन्हें पकड़ने के लिए सभी बंदरगाहों और हवाई अड्डों पर नजर रखी जा रही है। महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी (66) की 12 अक्टूबर की रात मुंबई के पॉश इलाके बांद्रा में उनके बेटे एवं विधायक जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुलिस ने अब तक चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया है जिनमें हरियाणा निवासी गुरमैल बलजीत सिंह (23), उत्तर प्रदेश के रहने वाले धर्मराज राजेश कश्यप (19) शामिल हैं। वे दोनों कथित शूटर हैं। गिरफ्तार किये गए दो अन्य व्यक्ति हरीश कुमार बालकराम निषाद (23) और ''सह- षड्यंत्रकारी'' एवं शुभम लोणकर का भाई प्रवीण लोणकर हैं। प्रवीण पुणे का रहने वाला है। अधिकारी ने बताया कि मुंबई पुलिस की एक टीम महाराष्ट्र के अकोला जिले का भी दौरा करेगी, जहां लोणकर बंधुओं के माता-पिता रहते हैं। पुलिस शुभम लोणकर के ठिकाने के बारे में जानकारी जुटाने के लिए उनसे बात करेगी।

## पमरे ने छह माह में 3996 करोड़ रूपये ओरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया

**जबलपुर, समाज्ञा :** महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय के द्वारा विभिन्न बैठकों में समय-समय पर पश्चिम मध्य रेलवे की ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू बढ़ाने के निर्देश दिए जाते हैं। इसी कड़ी में प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक एवं प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक के निर्देशन में वाणिज्य/परिचालन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करते हुए जबलपुर, भोपाल एवं कोटा तीनों मण्डलों में रेल राजस्व बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास भी किये जा रहे हैं। इस वित्तीय वर्ष के अप्रैल से सितम्बर माह तक पश्चिम मध्य रेल ने लगभग कुल रुपये 3996 करोड़ का ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया है। जिसमें मद वाइस आय पर नजर डालें तो यात्री यातायात से रुपये 1234 करोड़, माल यातायात से रुपये 2542 करोड़, अन्य कोचिंग मद में रुपये 87 करोड़ एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 133 करोड का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है। अकेले सितम्बर माह में पश्चिम मध्य रेल ने लगभग 596 करोड़ रूपये ऑरिजिनेटिंग रेवेन्यू अर्जित किया। जिसमें यात्री यातायात से रुपये 198 करोड़, माल यातायात से रुपये 376 करोड़ अन्य कोचिंग मद में रुपये 13 करोड़ एवं विविध आय यानि संड्री से रुपये 9 करोड का रेलवे राजस्व प्राप्त किया है।

## न्यायालय जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने संबंधी याचिका पर सुनवाई के लिए विचार करेगा

**नयी दिल्ली :** उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह तय समय के अंदर जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किए जाने का अनुरोध करने वाली याचिका को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध करने पर विचार करेगा। याचिकाकर्ताओं की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता गोपाल शंकरनारायणन ने भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला एवं न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ से अनुरोध किया कि याचिका पर तत्काल सुनवाई की आवश्यकता है। वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा, ''राज्य का दर्जा देने के लिए एक एम.ए. (विविध आवेदन) है। यह (पिछले साल के फैसले में) उल्लेख किया गया था कि इसे तय समय के अंदर होना चाहिए।'' प्रधान न्यायाधीश ने कहा, ''मैं इसे देखूंगा।'' यह नयी याचिका जम्मू कश्मीर के शिक्षाविद् जहूर अहमद भट और सामाजिक-राजनीतिक कार्यकर्ता खुर्शीद अहमद मलिक की ओर से दायर की गई है। उच्चतम न्यायालय ने 11 दिसंबर, 2023 को सर्वसम्मति से, जम्मू कश्मीर को विशेष दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 को 2019 में निरस्त करने के केंद्र सरकार के फैसले को बरकरार रखा था और आदेश दिया था कि सितंबर 2024 तक वहां विधानसभा चुनाव कराए जाएं। अदालत ने यह भी कहा था कि जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा ''जल्द से जल्द'' बहाल किया जाना चाहिए।

## हमें 'इमरजेंसी' के लिए प्रमाण पत्र मिल गया है: कंगना रनौत

**नयी दिल्ली :** कंगना रनौत की फिल्म ''इमरजेंसी'' आखिरकार रिलीज के लिए तैयार है और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने इस विवादास्पद फिल्म को सेंसर प्रमाणपत्र जारी कर दिया है। इस फिल्म में अभिनेत्री और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सांसद ने पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका निभाई है। रनौत ने 'इंस्टाग्राम स्टोरीज' पर लिखा, हमें अपनी फिल्म 'इमरजेंसी' के लिए प्रमाण पत्र मिल गया है। उन्होंने कहा, हम जल्द ही रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे, आपके धैर्य और समर्थन के लिए धन्यवाद। यह फिल्म छह सितंबर को देशभर के सिनेमाघरों में



रिलीज होने वाली थी, लेकिन सेंसर बोर्ड से मंजूरी प्रमाण पत्र नहीं मिलने के कारण यह रिलीज़ नहीं हो सकी। सेंसर बोर्ड का प्रमाण पत्र भारत में फिल्मों के सार्वजनिक प्रदर्शन के लिए महत्वपूर्ण है। रनौत ने 'इमरजेंसी' की पटकथा लिखी है। साथ में वह इसकी निर्देशक और सह-निर्माता भी हैं, फिल्म में वह पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। फिल्म यह तब विवादों में घिर गई थी जब शिरोमणि अकाली दल समेत सिख संगठनों ने इस पर समुदाय को गलत तरीके से पेश करने और गलत तथ्य पेश करने का आरोप लगाया था। उस समय अभिनेत्री ने दावा किया था कि उन्हें और सीबीएफसी सदस्यों को धमकियां मिली थीं, तथा उन पर सुरक्षा गार्डों द्वारा पूर्व प्रधानमंत्री की हत्या का दृश्य न दिखाने का दबाव था। उन्होंने फिल्म निकाय पर प्रमाणन में बाधा डालने का भी आरोप लगाया था, जिसे उन्होंने बेहद हतोत्साहित करने वाला बताया था।

## बम धमकी: सरकार की सख्त नियम लाने की योजना, 'नो-फ्लाई' सूची में शामिल करने के विकल्प पर विचार

**नयी दिल्ली :** नागर विमानन मंत्रालय विमानों में बम होने की धमकी की घटनाओं को रोकने के लिए कड़े नियम लागू करने और दोषियों को 'नो फ्लाई' सूची में शामिल करने की योजना बना रहा है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राममोहन नायडू ने बृहस्पतिवार को कहा कि मंत्रालय नागरिक उड्डयन नियमों में संशोधन करने पर विचार कर रहा है ताकि एयरलाइनों को बम की धमकी देने वाली घटनाओं के खिलाफ सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके। विभिन्न भारतीय एयरलाइन की कम से कम 25 उड़ानों को चार दिन में बम की धमकियां मिल चुकी हैं, जिनमें अंतरराष्ट्रीय उड़ानें भी शामिल हैं और उनमें से कुछ का मार्ग परिवर्तित कर



दिया गया। ज्यादातर धमकियां गलत साबित हुई हैं। एक अधिकारी ने कहा कि इस संबंध में मंत्रालय नागरिक उड्डयन सुरक्षा ब्यूरो (बीसीएएस) से संबंधित नियमों सहित मौजूदा नियमों में संशोधन करने पर विचार कर रहा है, ताकि दोषियों के लिए कठोर दंड सुनिश्चित किया जा सके। अधिकारी ने कहा कि बम विस्फोट की झूठी धमकी देने वाले व्यक्तियों को एयरलाइन की 'नो-फ्लाई' सूची में डालने का प्रस्ताव विचाराधीन है। उन्होंने यह भी कहा कि नियमों में बदलाव करने के संबंध में कानूनी राय एकत्र की जा रही है। फर्जी बम धमकियों से निपटने के लिए मंत्रालय द्वारा विदेशों में अपनाए जा रहे प्रावधानों की भी जांच की जा रही है। अधिकारी ने कहा कि इसके अलावा आवश्यकता पड़ने पर लोगों को झूठी धमकी देने से रोकने के लिए विधायी संशोधनों पर विचार किया जाएगा। वर्तमान में विमान में दुर्व्यवहार करने वाले यात्रियों के खिलाफ सख्त नियम हैं, लेकिन विमानन नियमों के तहत ऐसे मामलों से निपटने के लिए कोई विशेष प्रावधान नहीं हैं जहां सोशल मीडिया जैसे बाहरी स्रोतों से बम की धमकी मिली हो। वर्तमान में फर्जी बम धमकी की घटनाओं के खिलाफ पुलिस द्वारा आपराधिक कानूनों के तहत कार्रवाई की जाती है। अधिकारी ने यह भी कहा कि गृह और कानून मंत्रालयों के साथ चर्चा की जा रही है, जबकि एयरलाइन से भी जानकारी जुटाई जा रही है। अधिकारी ने कहा, ''हम ऐसे नियम चाहते हैं जो कठोर हों।''

## लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों की गिरफ्तारी के अनुरोध पर कनाडा ने नहीं की कार्रवाई : विदेश मंत्रालय

**नयी दिल्ली :** भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने लॉरेंस बिश्नोई गिरोह और अन्य गिरोहों के सदस्यों के बारे में सुरक्षा संबंधी जानकारी कनाडा सरकार के साथ साझा की है तथा उनकी गिरफ्तारी की मांग की है, लेकिन अभी तक ओटावा द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने संवाददाताओं से कहा, उन्होंने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की है, जो हमारी मुख्य चिंता है। और, इसके पीछे एक राजनीतिक मकसद है, जिसे आप जानते हैं...हमारी सुरक्षा चिंता पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने यह बात यहां अपने साप्ताहिक संवाददाता सम्मेलन के दौरान एक प्रश्न के उत्तर में कही, जब उनसे भारत-कनाडा संबंधों पर कई प्रश्न पूछे गए। यह बात कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा एक जांच आयोग के समक्ष गवाही देने के एक दिन बाद कही गई। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में जायसवाल ने कहा, जहां तक मेरी जानकारी है, पिछले एक दशक या उससे अधिक समय से कनाडा के पास भारत से 26 प्रत्यर्पण अनुरोध लंबित हैं। भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि कनाडा के साथ मौजूदा कूटनीतिक विवाद ट्रूडो सरकार के निराधार आरोपों के कारण उत्पन्न हुआ है, तथा नयी दिल्ली के खिलाफ ओटावा के गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत साझा नहीं किया गया है। उन्होंने कहा, हम कहेंगे कि जहां तक आरोपों का सवाल है, प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा कल की गई स्वीकारोक्ति से आरोपों पर हमारे रुख के महत्व का पता चलता है। हम स्वाभाविक रूप से अपने राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए झूठे आरोपों को खारिज करेंगे। संघीय चुनाव प्रक्रियाओं और लोकतांत्रिक संस्थाओं में विदेशी हस्तक्षेप की सार्वजनिक जांच के समक्ष गवाही देते हुए ट्रूडो ने बुधवार को स्वीकार किया कि जब उन्होंने पिछले वर्ष खालिस्तानी अलगाव-वादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय सरकारी एजेंटों की संलिप्तता का आरोप लगाया था, तब उनके पास केवल खुफिया जानकारी थी और कोई ठोस साक्ष्य नहीं था। विदेश मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि उसने जो सुना है, वह नयी दिल्ली के इस दृढ़ रुख की पुष्टि करता है कि कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ ओटावा द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में हमें कोई सबूत पेश नहीं किया है। जायसवाल ने कहा, अभी तक कनाडा ने भारत और भारतीय राजनयिकों के खिलाफ लगाए गए गंभीर आरोपों के समर्थन में कोई सबूत नहीं दिया है।

# भारत को 46 रन पर समेटने के बाद न्यूजीलैंड की दमदार शुरूआत



## टेस्ट क्रिकेट में भारत के न्यूनतम स्कोर की सूची

**बेंगलुरू:** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ वर्षाबाधित पहले टेस्ट में अपनी पहली पारी में 31.2 ओवर में 46 रन पर सिमट गई जो स्वदेश में खेले गए 293 टेस्ट में उसका न्यूनतम स्कोर है। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। यह पहली बार है कि घरेलू टेस्ट की पारी में भारतीय टीम 50 रन भी नहीं बना सकी। इसके अलावा यह दूसरी बार है कि घरेलू टेस्ट में न्यूजीलैंड के खिलाफ पांच भारतीय बल्लेबाज खाता नहीं खोल सके। इससे पहले 1999 में मोहाली टेस्ट में ऐसा हुआ था। घरेलू मैदान पर भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर 37 साल पहले वेस्टइंडीज के खिलाफ नवंबर 1987 में दिल्ली में दर्ज हुआ था। भारत का न्यूनतम टेस्ट स्कोर चार साल पहले आस्ट्रेलिया के खिलाफ एडीलेड में बना जब टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। पारंपरिक प्रारूप में भारत के न्यूनतम टेस्ट स्कोर की सूची इस प्रकार है।

**भारत में : न्यूजीलैंड के खिलाफ 31.2 ओवर में 46 रन,**
**बेंगलुरू 2024 वेस्टइंडीज के खिलाफ 30.4 ओवर में 75 रन,**
**दिल्ली 1987 दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 20 ओवर में 76 रन,**
**अहमदाबाद 2008 न्यूजीलैंड के खिलाफ 27 ओवर में 83 रन,**
**मोहाली 1999 न्यूजीलैंड के खिलाफ 33.3 ओवर में 88 रन,**
**मुंबई 1965 विदेश में : आस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.2 ओवर में 36 रन,**
**एडीलेड 2020 इंग्लैंड के खिलाफ 17 ओवर में 42 रन ,**
**लॉडर्स 1974 आस्ट्रेलिया के खिलाफ 21.3 ओवर में 58 रन,**
**ब्रिसबेन 1947 इंग्लैंड के खिलाफ 21.4 ओवर में 58 रन,**
**मैनचेस्टर 1952 दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 34.1 ओवर में 66 रन**

**बेंगलुरू:** तेज गेंदबाजों के दम पर भारत को रिकॉर्ड 46 रन पर समेटने के बाद डेवोन कोंवे के 91 रन की मदद से न्यूजीलैंड ने वर्षाबाधित पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन बृहस्पतिवार को पहली पारी में तीन विकेट पर 180 रन बनाये लिये। डेरिल मिचेल 14 और रचिन रविंद्र 22 रन बनाकर क्रीज पर हैं। न्यूजीलैंड के पास 134 रन की बढत है। इससे पहले मैट हेनरी (15 रन देकर पांच विकेट) और विलियम ओ राउरकी (22 रन देकर चार विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर न्यूजीलैंड ने भारतीय बल्लेबाजी की बखिया उधेड़ दी। एडीलेड टेस्ट की यादें ताजा कराते हुए भारतीय टीम घरेलू टेस्ट में अपने न्यूनतम स्कोर 46 रन पर आउट हो गई थी। इससे पहले भारत में उसका न्यूनतम टेस्ट स्कोर 75 रन था जो 1987 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में बनाया था। भारत के पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। आस्ट्रेलिया के 2020 . 21 के दौरे पर एडीलेड टेस्ट में भारतीय टीम 36 रन पर आउट हो गई थी। भारत को दिन के आखिर में एक और झटका लगा जब रविंद्र जडेजा की टर्न लेती गेंद उनके बायें घुटने से जा लगी। उन्हें मैदान छोड़कर जाना पड़ा। न्यूजीलैंड ने मजबूत शुरूआत की जब कोंवे ने कप्तान टॉम लाथम (15) के साथ पहले विकेट के लिये 67 रन जोड़े। इसके बाद उन्होंने विल यंग (33) के साथ 75 रन की साझेदारी की। बायें हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव ने भारत को सफलता दिलाई जब लाथम उनकी गेंद पर पगबाधा आउट हुए। कोंवे ने अपना अर्धशतक 54 गेंद में रविचंद्रन अश्विन को सिर के ऊपर से छक्का लगाकर पूरा किया। इस तरह की पिच पर सौ से अधिक गेंद तक एकाग्रता बनाये रखकर खेलना काबिले तारीफ था। अश्विन की गेंद पर रिवर्स स्वीप लगाने के प्रयास में वह बोल्ड हो गए।कोंवे की पारी से पहले कीवी गेंदबाजों के नाम दूसरे दिन का खेल रहा। पहले दिन का खेल बारिश के कारण रद्द हो गया था। बारिश रूकने के बाद खेल बहाल हुआ तो रोहित शर्मा ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया लेकिन कप्तान समेत भारत का कोई बल्लेबाज सहज नजर नहीं आया। रोहित आउट होने वाले पहले बल्लेबाज रहे जो 15 गेंद में दो रन बनाकर पवेलियन लौटे। टिम साउदी की सीम लेती गेंद पर वह चूके और गेंद सीधी स्टम्प पर जा लगी। मैट हेनरी ने सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल को काफी परेशान किया। वहीं तीसरे नंबर पर उतरे विराट कोहली नौ गेंद खेलकर खाता भी नहीं खोल पाये। न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने ओ राउरकी को गेंद सौंपी और उन्होंने तुरंत कोहली का कीमती विकेट लिया। कोहली ने उछाल लेती गेंद को खेलना चाहा लेकिन उसकी लैंग्थ पकड़ नहीं पाये और उनके दस्तानों से टकराकर गेंद लेग गली में ग्लेन फिलिप्स के हाथ में गई। शुभमन गिल के चोटिल होने के कारण अंतिम एकादश में जगह पाने वाले सरफराज खान घरेलू क्रिकेट वाला फॉर्म दोहरा नहीं सके। वह तीसरी ही गेंद पर हेनरी को मिड आफ पर खेलने के प्रयास में डेवोन कोंवे को कैच दे बैठे। इस समय भारत का स्कोर तीन विकेट पर 10 रन था। इस बीच 10 . 27 से 11.05 के बीच बारिश के कारण खेल फिर रूक गया। खेल बहाल होने पर 12वें ओवर की पांचवीं गेंद पर पंत ने पारी का पहला चौका लगाया। उन्हें सात के स्कोर पर ओ राउरकी की गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडेल ने जीवनदान दिया था। जायसवाल (13) को ओ राउरकी ने ऐजाज पटेल के हाथों प्वाइंट पर लपकवाया। केएल राहुल (0) इसी गेंदबाज की गेंद पर टिम ब्लंडेल को कैच दे बैठे। रविंद्र जडेजा को हेनरी ने आउट किया। भारत का स्कोर लंच तक छह विकेट पर 34 रन था। लंच के बाद 20 मिनट और 12 रन के भीतर भारत ने चार विकेट गंवाये।

## 46 रन पर टीम को आउट होते देखकर दुखी हूं : रोहित शर्मा

**बेंगलुरू:** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने स्वीकार किया कि न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट के दूसरे दिन टीम को 46 रन के न्यूनतम स्कोर पर सिमटते देखकर वह 'दुखी' हैं। बारिश के कारण पहले दिन का खेल रद्द होने के बाद दूसरे दिन रोहित ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत की पारी 31.2 ओवर में सिमट गई और पांच बल्लेबाज खाता भी नहीं खोल सके। रोहित ने दूसरे दिन के खेल के बाद प्रेस कांफ्रेंस में टीम के इस न्यूनतम स्कोर की पूरी जिम्मेदारी लेते हुए कहा,'बतौर कप्तान 46 रन का स्कोर देखकर दुखी हूं क्योंकि पहले बल्लेबाजी का फैसला मेरा था। लेकिन साल में एक या दो खराब फैसले चलते हैं।'

## हरमनप्रीत न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के लिए भारतीय कप्तान बरकरार



**नयी दिल्ली:** हरमनप्रीत कौर को न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला के लिए बृहस्पतिवार को सीरीज के लिए भारतीय महिला टीम क्रिकेट टीम का कप्तान बरकरार रखा गया जबकि चयनकर्ताओं ने 24 अक्टूबर से शुरू हो रही श्रृंखला के लिए चार 'अनकैप्ड' (जिन्होंने अंतरराष्ट्रीय मैच नहीं खेला हो) खिलाड़ियों को भी चुना है। टी20 विश्व कप से भारत के जल्दी बाहर होने के बाद कप्तान के रूप में हरमनप्रीत के भविष्य पर सवाल उठने लगे थे। हालांकि चयनकर्ताओं ने फिलहाल उनके साथ बने रहने का फैसला किया है। अहमदाबाद में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुकाबले एकदिवसीय विश्व कप की तैयारियों की शुरुआत भी करेंगे जिसकी मेजबानी भारत अगले साल करेगा। बीसीसीआई ने एक बयान में कहा कि 21 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋचा घोष इस श्रृंखला के लिए उपलब्ध नहीं होंगी क्योंकि इसकी तारीखें उनकी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाओं के साथ टकरा रही हैं। चोट के कारण आशा शोभना के नाम पर विचार नहीं किया गया जबकि ऑलराउंडर पूजा वस्त्रकार को आराम दिया गया है। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया में भारत ए टीम का हिस्सा रही अनकैप्ड खिलाड़ियों को मौका दिया गया है जिसमें तेजल हसबनीस, सयाली सतगरे और प्रिया मिश्रा शामिल हैं। डब्ल्यूपीएल खेल चुकी तेज गेंदबाज साइमा ठाकोर टीम की एक और ऐसी सदस्य हैं जिन्हें अंतरराष्ट्रीय पदार्पण का इंतजार है। टी20 विश्व कप में खराब फॉर्म में चल रहीं स्मृति मंधाना को उपकप्तान बनाया गया है। चार टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुकी बल्लेबाज उमा छेत्री भी टीम का हिस्सा हैं और वह इस श्रृंखला में एकदिवसीय पदार्पण कर सकती हैं। तीनों मैच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले जाएंगे।

## निशानेबाजी विश्व कप फाइनल में विवान को रजत, नरूका को कांस्य पदक

**नयी दिल्ली:** जयपुर के दो युवा शॉटगन निशानेबाजों विवान कपूर और अनंतजीत सिंह नरूका ने सत्रांत आईएसएसएफ विश्व कप फाइनल के अंतिम दिन बृहस्पतिवार को क्रमश: रजत और कांस्य पदक जीतकर भारत के निराशाजनक अभियान को रोशन किया। बाइस वर्षीय ट्रैप निशानेबाज विवान और 26 वर्षीय ओलंपियन स्कीट निशानेबाज नरूका ने कर्णी सिंह रेंज में अपने करियर के सबसे बड़े पदक जीते जिससे मेजबान टीम ने इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में अपने अभियान का अंत दो रजत और दो कांस्य पदक सहित चार पदक के साथ किया। इससे पहले विवान का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 2022 में तीन विश्व कप की टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतना था। उन्होंने फाइनल में 44 का स्कोर बनाया और वह चीन के स्वर्ण पदक विजेता यिंग की से पीछे रहे जिन्होंने 47 का स्कोर बनाया। तुर्की के टोल्गा एन टुंसर ने 35 के स्कोर से कांस्य पदक जीता। विवान ने इससे पहले क्वालीफिकेशन दौर में 125 में से 120 अंक जुटाकर तीसरे स्थान पर रहते हुए छह निशानेबाजों के फाइनल में जगह बनाई थी। विवान ने स्पर्धा के बाद कहा, 'यह मेरे आत्मविश्वास को बढ़ाने वाला है क्योंकि यह सीनियर सर्किट में मेरा पहला व्यक्तिगत पदक है।' बीजिंग ओलंपिक 2008 के स्वर्ण पदक विजेता चेक गणराज्य के डेविड कोस्टेलेकी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व विश्व चैंपियन जेम्स विलेट जैसे दिग्गज निशानेबाजों की मौजूदगी के बावजूद विवान विचलित नहीं हुए और रजत जीतने के दौरान 50 में से केवल छह निशाने चूके। उन्होंने कहा, 'मैंने खुद से कहा कि मैं उनके (शीर्ष निशानेबाजों) समान स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर रहा हूं। इसलिए मैं किसी से पीछे नहीं हूं इसी तरह कोई जीतता है।''

## न्यूज अपडेट

### भारत ने सैफ महिला चैंपियनशिप के पहले मैच में पाकिस्तान को 5-2 से हराया

**काठमांडू:** भारतीय महिला फुटबॉल टीम ने गुरुवार को यहां दशरथ स्टेडियम में ग्रुप ए के मैच में पाकिस्तान को 5-2 से हराकर सैफ महिला चैंपियनशिप 2024 में अपना अभियान शानदार तरीके से शुरू किया। पांच बार की चैंपियन भारतीय टीम पहले हाफ तक 4-1 से आगे थी। भारत ने तीन टीम के ग्रुप के शुरुआती मैच में जीत से तीन अंक हासिल किए। बांग्लादेश ग्रुप की तीसरी टीम है। भारतीय कप्तान आशालता देवी ने देश के लिए 100वां मैच खेलने की उपलब्धि हासिल की और स्ट्राइकर नगांगोम बाला देवी 50वां अंतरराष्ट्रीय गोल करने वाली देश की पहली महिला फुटबॉलर बनीं। भारत के लिए ग्रेस डांगमेई (दो गोल), मनीषा, बाला देवी और ज्योति चौहान ने गोल किए जबकि पाकिस्तान के लिए सुहा हिरानी और कायला मैरी सिद्दीकी ने गोल दागे। दोनों चिर प्रतिद्वंद्वी अब तक अंतरराष्ट्रीय मंच पर चार बार एक दूसरे से भिड़े हैं और सभी मुकाबलों में भारत विजेता रहा है। दशरथ स्टेडियम में यह मुकाबला देखने के लिए काफी भीड़ मौजूद थी।

### भुल्लर थाईलैंड में भारतीयों में सर्वश्रेष्ठ, संयुक्त पांचवें स्थान पर

**हुआ हिन (थाईलैंड):** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने यहां ब्लैक माउंटेन चैम्पियनशिप के पहले दौर में सात अंडर 65 का शानदार कार्ड खेला जिससे वह संयुक्त पांचवें स्थान पर बने हुए हैं। बैक नाइन से शुरूआत करने वाले भुल्लर ने आठ बर्डी लगाई और एक बोगी की। अन्य भारतीयों में हनी बेसोया, खालिन जोशी और वरूण चोपड़ा 68 के कार्ड खेलकर संयुक्त 34वें स्थान पर बने हुए हैं। एस चिक्कारंगप्पा, करणदीप कोचर और राशिद खान संयुक्त 102वें स्थान पर हैं। युवराज संधू संयुक्त 117वें और एसएसपी चौरसिया संयुक्त 128वें स्थान पर बने हए हैं। अजीतेश संधू संयुक्त 138वें और शिव कपूर संयुक्त 143वें स्थान पर चल रहे हैं।

### सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच का पद छोड़ेंगे स्टेन

**मुंबई:** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने पुष्टि की है कि वह इंडियन प्रीमियर लीग के अगले सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद के गेंदबाजी कोच नहीं होंगे। वह एसए 20 लीग में सनराइजर्स की दूसरी टीम सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ बने रहेंगे जिसने पहले दोनों सत्र में खिताब जीता है। स्टेन ने एक्स पर लिखा,'क्रिकेट से जुड़ी एक घोषणा। सनराइजर्स हैदराबाद को धन्यवाद जिसके साथ मैं आईपीएल में गेंदबाजी कोच रहा। दुर्भाग्य की बात है कि अब मैं आईपीएल 2025 के लिये नहीं लौटूंगा।' उन्होंने लिखा,'लेकिन मैं सनराइजर्स ईस्टर्न कैप के साथ एसए20 में बना रहूंगा। हमारी कोशिश लगातार तीसरा खिताब जीतने की रहेगी।' स्टेन पिछले साल सनराइजर्स के साथ नहीं थे। सनराइजर्स ने 2016 में खिताब जीता और 2018 फाइनल खेला था।

### विरोध के कारण शाकिब के अपने अंतिम टेस्ट के लिए बांग्लादेश जाने की संभावना नहीं

**ढाका:** बांग्लादेश के शीर्ष ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के 21 से 25 अक्टूबर तक ढाका के मीरपुर में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपने अंतिम टेस्ट मैच के लिए स्वदेश लौटने की संभावना नहीं है क्योंकि शहर में उनके खिलाफ विरोध-प्रदर्शन हो रहे हैं। शाकिब को दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहले टेस्ट के लिए बांग्लादेश की टीम में शामिल किया गया था जो इस प्रारूप में उनका अंतिम मैच होने वाला था। शाकिब ने 'ईएस-पीएनक्रिकइंफो' से कहा, ''मुझे नहीं पता कि मैं आगे कहां जाऊंगा लेकिन यह लगभग तय है कि मैं स्वदेश नहीं जाऊंगा।'' शाकिब अपने परिवार की सुरक्षा को लेकर चिंताओं के कारण बांग्लादेश लौटने को लेकर आशंकित थे। स्टार क्रिकेटर होने के अलावा शाकिब पूर्व सांसद भी हैं जिन्हें अगस्त में एक क्रांति के बाद हटा दिया गया था।




वर्ष 9, पूर्णांक 4035 अंक 185, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in